


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
₹4
वर्ष 21 ▸ अंक-159 ▸ मुंबई, रविवार, 5 जनवरी 2025 ▸ मुंबई ▸ पृष्ठ 12 ▸ मूल्य

भारत की 145 रन की बढ़त, पंत की विस्फोटक बल्लेबाजी

पेज 11











# डिजिटल डाटा सुरक्षा नियमों का मसौदा जारी

## नियम अब जारी होंगे, जुटाएंगे सुझाव


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा सुरक्षा नियमों (डीपीडीपी)-2025 का मसौदा जारी कर दिया है। इन नियमों के जरिए सरकार डिजिटल डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 को लागू कर सकती है। संसद ने लगभग 14 महीने पहले इससे जुड़े कानून को मंजूरी दी थी। हालांकि, इसके लागू होने से जुड़े नियम अब जारी किए गए हैं। फिलहाल सरकार ने नियमों के ड्राफ्ट (मसौदे) को प्रकाशित किया है। इसके जरिए केंद्र नियमों पर सार्वजनिक परामर्श को बढ़ावा देगा। ड्राफ्ट नियमों को अंतिम रूप देने के लिए 18 फरवरी के बाद विचार किया जाएगा। यानी यह नियम अभी सीधे तरह से लागू नहीं हैं। इन पर चर्चा और सरकार की तरफ से सभी पक्षों पर विचार करने के बाद ही इन्हें लागू करने की तरफ कदम बढ़ाएगी।

### 18 फरवरी तक सार्वजनिक परामर्श आमंत्रित

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार की तरफ से जारी किए गए मसौदा डेटा सुरक्षा नियम नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन बनाते हैं। सरकार ने शुक्रवार को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा (डीपीडीपी) अधिनियम के लिए मसौदा नियम जारी किए, जिन पर 18 फरवरी तक सार्वजनिक परामर्श किया जा सकता है।

### मंजूरी को संसद के मानसून सत्र में होगा पेश

उन्होंने कहा कि उद्योग के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया है और शिकायत पंजीकरण, उनका निपटान और वितरण, डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ बातचीत जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। मंत्री ने कहा कि अंतिम नियमों को मंजूरी के लिए मानसून सत्र में संसद के समक्ष रखा जाएगा और डिजिटल रूप से डेटा संभालने वाली सभी संस्थाओं को कानून के अनुसार अपने सिस्टम को कैलिब्रेट करने के लिए दो साल का समय मिलेगा। मंत्री ने कहा, 'अधिनियम के तहत आने वाली सभी संस्थाओं को नियम लागू होने के बाद दो साल के भीतर मौजूदा सहमति की समीक्षा करनी होगी।' उन्होंने कहा कि नए डेटा शासन के अनुभव के आधार पर नियमों में सुधार किया जाएगा। वैष्णव ने कहा, 'जहां तक संभव हो, अधिनियम के सरल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नियमों में न्यूनतम निर्देश रखे गए हैं'।



## नांदेड़ बम विस्फोट

# निचली अदालत से सभी नौ आरोपी बरी

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की एक अदालत ने साल 2006 में हुए बम विस्फोट के मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया है। 2006 में अप्रैल के महीने में नांदेड़ शहर के एक घर में हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे। नांदेड़ कोर्ट के फैसले के बाद एक वरिष्ठ न्यायाधीश ने कहा, 'यह फैसला सबूतों के आधार पर लिया गया है। अदालत को आरोपियों के खिलाफ कोई सटीक और प्रमाणिक सबूत नहीं मिले, जिसके आधार पर उन्हें दोषी ठहराया जा सके।



▸▸ धमाके के 18 साल बाद आया फैसला

### सबूत के अभाव में सभी आरोपी बरी

नांदेड़ बम विस्फोट में पुलिस ने कुल 12 लोगों पर केस दर्ज किया था। अब इस मामले में 18 साल बाद फैसला आया है, जिसके तहत सभी आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया है। 18 साल बाद इस मामले में बरी हुए 12 आरोपियों में एक आरोपी राकेश धावड़े साल 2008 के मालेगांव विस्फोट केस में भी मुख्य संदिग्ध था।

### जांच एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती

नांदेड़ बम विस्फोट केस में निचली अदालत के इस फैसले ने पुलिस और जांच एजेंसियों के सामने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि, पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों ने सभी आरोपियों को पकड़ने और मामले को सुलझाने के लिए लंबी पूछताछ और जांच की थी, लेकिन अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया।



# भुजबल ने की पवार से मुलाकात

▪ मंत्री पद नहीं मिलने से चल रहे नाराज

**पुणे।** महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की पार्टी राकांपा के वरिष्ठ सदस्यों में से एक छगन भुजबल को इस बार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका है। वह इससे नाराज चल रहे हैं। अजीत पवार के प्रति वह अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त कर चुके हैं। तभी से यह आशंका भी जताई जा रही है कि वह राकांपा छोड़कर सत्तारूढ़ गठबंधन के ही दूसरे दल भाजपा में जा सकते हैं। इन्हीं अफवाहों के बीच शुक्रवार को छगन भुजबल पुणे के निकट चाकण में शरद पवार के साथ मंच साझा करते दिखाई दिए।

### सतारा में सीएम के कार्यक्रम में दिखे

कुछ देर बाद वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ उन्हीं के वाहन में यात्रा करते दिखाई दिए और सातारा जिले में आयोजित एक कार्यक्रम के मंच पर उनके साथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में दोनों नेता एक-दूसरे की तारीफ में कसीदे पढ़ते भी दिखाई दिए। दरअसल शरद पवार के साथ भुजबल का मंच साझा करना एक संयोग कहा जा सकता है। क्योंकि चाकण में शुक्रवार को महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा फुले की प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम में दोनों नेताओं को एक साथ बुलाया गया था। वहां इन दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# भाजपा की पहली सूची में 29 प्रत्याशी

केजरीवाल को टक्कर देंगे प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रहीं हैं। इस बीच दिल्ली चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें 29 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ भी भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। सूची में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा को टिकट दिया गया है। दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ भाजपा से रमेश बिधूड़ी को मौका मिला है। भाजपा ने गांधीनगर सीट से दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके अरविंद सिंह लवली को टिकट दिया है। मालवीय नगर से दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष रह चुके सतीश उपाध्याय को टिकट मिला है। बिजवासन सीट से कैलाश गहलोत को टिकट मिला है, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन की थी।



पटपड़गंज विधानसभा सीट से रविंद्र नेगी को टिकट मिला है, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में मनीष सिसोदिया के खिलाफ अच्छी लड़ाई लड़ी थी। भाजपा ने दिल्ली की रिठाला सीट से कुलवंत राणा को टिकट दिया है। वहीं आदर्श नगर से राजकुमार भाटिया, बादली से दीपक चौधरी, मंगोलपुरी से राजकुमार चौहान, रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता, शालीमारबाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, करोलबाग से दुष्यंत कुमार गौतम और पटेल नगर से राजकुमार आनंद को टिकट मिला है।

## खाई में गिरा सेना का ट्रक

# बांदीपोरा में चार जवानों की मौत



**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के अन्य जवान राहत कार्य में जुट गए।

## छत्तीसगढ़ सीएम की कड़ी कार्रवाई

# मुख्य आरोपी के घर चला बुलडोजर

▸▸ पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड

▸▸ तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने मुख्य आरोपी के घर बुलडोजर चलाकर कड़ा संदेश दिया है। मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर की तलाश की जा रही है। बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस को संदेह है कि यह हत्या जिले में सड़क निर्माण कार्य में 'अनियमितताओं' की एक हालिया खबर से जुड़ी है, जिसे मुकेश ने कवर किया था और सुरेश चंद्राकर उसी निर्माण कार्य में शामिल बताया जाता है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



### सेप्टिक टैंक में मिला था शव

बीजापुर शहर में एक स्थानीय ठेकेदार के परिसर में बने सेप्टिक टैंक में शुक्रवार को 33 वर्षीय मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया गया था। मुकेश एक जनवरी की रात से लापता थे।


### यूट्यूबर भी थे मुकेश चंद्राकर

मुकेश चंद्राकर कई समाचार चैनलों के लिए स्वतंत्र पत्रकार के रूप में काम करते थे और एक यूट्यूब चैनल 'बस्तर जंक्शन' भी चलाते थे। जिस पर लगभग 1.59 लाख सब्सक्राइबर हैं।

## न्यूज BRIEF


### पंजाब : बस हादसे में तीन किसानों की मौत

**चंडीगढ़।** बरनाला में किसानों को महापंचायत ले जा रही एक बस हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में तीन महिला किसानों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा किसान घायल हो गए। सभी किसान टोहाना में महापंचायत में भाग लेने जा रहे थे। शनिवार को इलाके में कोहरा था और बस बाईपास पर पलट गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



### तमिलनाडु में छह मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में पटाखा बनाने वाली एक फैक्ट्री में विस्फोट से वहां काम कर रहे छह मजदूरों की मौत हो गई है। विस्फोट के बारे में आशंका जताई जा रही है कि रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान यह धमाका हो गया, जिससे एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है।



### सूरत एयरपोर्ट पर जवान ने की खुदकुशी

**सूरत।** सूरत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के एक जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मार दी। किशनसिंह नाम के जवान को फौरन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशनसिंह ने खुद को क्यों गोली मारी, इसका कारण अभी सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दरभंगा में पुलिस टीम पर हमला

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाने की पुलिस पर स्थानीय लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इसमें दो दारोगा सहित एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। हमले के दौरान सब इंस्पेक्टर आर. के. दूबे और अमित कुमार से सरकारी पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया गया। हमले में घायल सिपाही नीतीश कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# यूपी में छात्रों से 17 लाख की ठगी

▸▸ एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने का मामला

▸▸ पुलिस कांस्टेबल समेत 14 पर ठगी का आरोप

**लखनऊ।** भदोही पुलिस ने प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 17 लाख रुपए हड़पने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में भदोही पुलिस की अपराध शाखा के दो कांस्टेबल समेत 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह मामला अदालत के आदेश पर जिले के सुरयावां थाना में शुक्रवार को दर्ज किया गया है। इन कांस्टेबल ने पैसे देने वाले छात्र नीरज यादव और उसके पिता रमाकांत यादव को धोखे से पुलिस लाइन बुलाकर हवालात में बंद कर दिया और बाप-बेटे पर पुलिस से की शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए मारपीट की। इस मामले में कुलभूषण उर्फ कुलदीप मिश्रा, राजन त्रिपाठी, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अंकित त्रिपाठी और दस अज्ञात व्यक्तियों समेत कुल 14 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ट्रक के नीचे दबे कार सवार


# हिसार में दो की मौत

**हिसार।** हिसार जिले में घने कोहरे के कारण एक दर्दनाक हादसे दो लोगों की मौत हो गई। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर दो कारों के बीच टक्कर हो गई। दोनों कारों की टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ट्रक भी अनियंत्रित हो गया और इन दोनों कारों के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने की वजह से दोनों कारों में सवार लोग उसके नीचे दब गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए हिसार के सामान्य अस्पताल में भेजा है। उकलाना पुलिस ने दो लोगों के मरने की पुष्टि की है।

## इसरो का एक और कमाल

# अंतरिक्ष में अंकुरित लोबिया के बीज

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।



### लोबिया के आठ बीज अंकुरित

इस प्रयोग में लोबिया (कॉऊपीज) के आठ बीजों को एक नियंत्रित वातावरण में उगाया गया है, जिसमें सक्रिय थर्मल नियंत्रण है। इसके तहत उन परिस्थितियों का अनुकरण करने की कोशिश की गई है, जिनसे पौधे अंतरिक्ष यात्रा के दौरान गुजर सकते हैं। यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष जीव विज्ञान अनुसंधान में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है। इस प्रयोग का यहां तक सफल होना अंतरिक्ष में पौधे उगाने की भारत की काबिलियत को दिखाता है।

### 30 को अंतरिक्ष में भेजे थे बीज


इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी। उसने लिखा, 'स्पेस में जीवन का आरंभ! VSSC का CROPS (कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग PSLV-C60 POEM-4 पर सफलतापूर्वक हुआ। चार दिन में लोबिया के बीजों में हुआ अंकुरण, पत्तियां जल्द ही निकलने की उम्मीद।' बता दें कि लोबिया के इन बीजों को स्पेड X मिशन के साथ 30 दिसंबर को PSLV C 60 रॉकेट से भेजा गया था।

# गोलगप्पे विक्रेता को जीएसटी नोटिस

## सालाना लाखों की कमाई

## जीएसटी नोटिस वायरल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के एक पानीपुरी विक्रेता की कमाई ने सबको हैरान कर दिया है। खासकर इस मामले ने तूल तब पकड़ा, जब पानीपुरी विक्रेता को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) नोटिस भेजा गया है। 17 दिसंबर 2024 को जारी एक समन का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे तमिलनाडु माल एवं सेवा कर अधिनियम और केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 70 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया था। इसमें गोलगप्पे बेचने वाले को निजी रूप से उपस्थित होने और डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में दिखाए गए समन में पानी पूरी बेचने वाले को कहा गया है, 'रेजरपे और फोनपे से मिली रिपोर्टों के आधार पर आपको गुड्स या सर्विसेज की बाहरी सप्लाई के लिए यूपीआई पेमेंट हासिल हुए हैं और साल 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए मिले पेमेंट नीचे दिए गए हैं। इसमें 2023-24 में आपको 40 लाख रुपए मिले दिखाए गए हैं। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में मसालेदार कचौड़ी बेचने वाले एक स्ट्रीट वेंडर पर सालाना 60 लाख रुपए कमाने और कर चोरी करने के आरोप में जीएसटी विभाग ने छापा मारा था। वरिष्ठ कर अधिकारियों ने सड़क किनारे लगे स्टॉलों पर जीएसटी पंजीकरण के बिना नकद लेनदेन करके बड़े पैमाने पर कर चोरी करने का आरोप लगाया है।


Office of the State Tax Officer,
Dated: 17.12.2024

Summons to appear in person and to produce documents

To. Notice to Panipuri Vendor

Whereas, based on the reports received from RazorPay and PhonePe you have received UPI payments for outward supply of Goods/Services, and the payments received for the years 2021-22, 2022-23 and 2023-24 are as below.

| Year | Payments Received |
|---|---|
| 2023-24 | Rs. 40,11,019/- |

2. Whereas, further analysis shows that you have not registered under the provisions of the TNGST Act, 2017 read with relevant CGST Act, 2017.

3. Whereas the statutory provisions relevant to registration provisions under TNGST/CGST Act, 2017 is shown as below:

As per sub-section (1) of section 22 of the TNGST / CGST Act, 2017, every supplier with aggregate turnover of Rs.20 lakhs in a financial year shall be liable for registration. Further, as per sub-section (2) of section 23 of the TNGST/CGST Act, 2017, the Government, by notification have exempted any person, upto Rs.40 lakhs, who is engaged in exclusive supply of Goods from obtaining registration.

Furthermore, supplying goods/services without obtaining GST registration even after crossing the threshold limit is an offence, liable to be penalised under section 122(1)(xi) of the TNGST Act, 2017 that extends to Rs.10,000 or 10% of the tax due, whichever is higher.

# जम्मू से श्रीनगर मात्र तीन घंटे में

**कश्मीर।** जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत से महज तीन घंटे 10 मिनट का समय लगेगा। इसके अलावा दो और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत जम्मू से श्रीनगर के लिए होगी। जम्मू से श्रीनगर ट्रेन रूट लगभग बनकर तैयार हो चुका है और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग होगी। वंदे भारत का स्लीपर वर्जन जल्द लॉन्च होने जा रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही स्लीपर वंदे भारत राजधानी दिल्ली से श्रीनगर के लिए लॉन्च की जा सकती है। इस बीच जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन के टाइमटेबल का ऐलान हो गया है। इसी ब्रिज से वंदे भारत भी होकर गुजरेगी। यह ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। वंदे भारत कटरा स्टेशन से सुबह 8.10 पर चलेगी।

- लॉन्च होने जा रही नई वंदे भारत
- वंदे भारत का स्लीपर वर्जन जल्द

# विश्व की सबसे उम्रदराज जापानी महिला का निधन

**टोक्यो।** जापान में दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला का 116 की आयु में निधन हो गया है। यह महिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी थी। जापानी अधिकारियों ने बताया कि दुनिया की सबसे अधिक उम्र वाली महिला टोमिको इटूका का निधन हो गया है। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स' के अनुसार जापान की निवासी इटूका दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला थीं। वृद्धावस्था नीतियों के प्रभारी अधिकारी योशित्सुगु नगाटा ने बताया कि इटूका का निधन 29 दिसंबर को मध्य जापान के ह्योगो प्रांत के आशिया स्थित एक देखभाल गृह में हुआ।



### 20 साल की उम्र में हुई थी शादी

20 साल की उम्र में इटूका की शादी हुई थी। उनकी दो बेटियां और दो बेटे थे। 1979 में पति की मृत्यु के बाद इटूका अकेली रहती थीं। नगाटा ने कहा कि फिलहाल उनके परिवार में एक बेटा, एक बेटी और पांच पोते-पोतियां हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

# पश्चिम रेलवे की ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

## सिरस और बनस्थली निवाई स्टेशन पर 12 को ब्लॉक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर मंडल के जयपुर-सवाई माधोपुर खंड पर सिरस और बनस्थली निवाई स्टेशनों के बीच आरसीसी स्लैब को पीएससी स्लैब से बदलने के लिए 12 जनवरी को ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार प्रकाशित किया गया है।

**निरस्त की जाने वाली ट्रेनें**

**1.**13 जनवरी की ट्रेन संख्या 14802 इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस
**2.**11 जनवरी की ट्रेन संख्या 14801 जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस।
**3.**12 जनवरी की ट्रेन संख्या 12465 इंदौर-भगत की कोठी एक्सप्रेस।
**4.**12 जनवरी की ट्रेन संख्या 12466 भगत की कोठी-इंदौर एक्सप्रेस।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

**1.**11 जनवरी की ट्रेन संख्या 12979 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कोटा-चंदेरिया-अजमेर और जयपुर के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन चंदेरिया और भीलवाड़ा में भी रुकेगी। **2.** 12 जनवरी की ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल परिवर्तित मार्ग वाया अजमेर-चंदेरिया-रतलाम के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच और मंदसौर में भी रुकेगी।

**शॉर्ट-टर्मिनेट / शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें**

**1.** 11 जनवरी को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12955 मुंबई सेंट्रल-जयपुर एक्सप्रेस सवाई माधोपुर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। परिणाम स्वरूप, यह ट्रेन सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
**2.** 12 जनवरी को प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस सवाई माधोपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। परिणामस्वरूप, यह ट्रेन जयपुर और सवाई माधोपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## मुरादाबाद-सहारनपुर सेक्शन में ब्लॉक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद-सहारनपुर सेक्शन में इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिए जाने के कारण अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस रिशेड्यूल रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। 5,7, 10, 12, 14, 17 और 19 जनवरी 2025 को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 19031 अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस अहमदाबाद से एक घंटा 30 मिनट रिशेड्यूल रहेगी। अर्थात अहमदाबाद से अपने निर्धारित प्रस्थान समय 11.05 बजे के स्थान पर 12:35 बजे रवाना होगी।

अहमदाबाद स्टेशन पर प्रस्तावित ब्लॉक

## मेमू/पैसेंजर ट्रेन सेवा आंशिक निरस्त रहेगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे रिडवलपमेंट कार्य के संबंध में आरएलडीए द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक के कारण 10 जनवरी से अगली सूचना तक अहमदाबाद-वडोदरा के बीच चलने वाली मेमू/पैसेंजर ट्रेन सेवा अहमदाबाद के स्थान पर वटवा स्टेशन से संचालित होगी। तदनुसार कुछ ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान के समय में भी परिवर्तन होगा। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें**

**1.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 69108 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू अहमदाबाद के स्थान पर वटवा से 07:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा 10:20 बजे वडोदरा पहुंचेगी। **2.**13 जनवरी से ट्रेन संख्या 69114 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू अहमदाबाद के स्थान पर वटवा से 05:40 बजे प्रस्थान करेगी। **3.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 69102 अहमदाबाद-वडोदरा मेमू अहमदाबाद के स्थान पर वटवा से 17.40 बजे प्रस्थान करेगी तथा 20.15 बजे वडोदरा पहुंचेगी। **4.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 59550 अहमदाबाद-वडोदरा संकल्प पैसेंजर अहमदाबाद के स्थान पर वटवा से 09:20 बजे प्रस्थान करेगी तथा 11:50 बजे वडोदरा पहुंचेगी।

**शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें**

**1.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 59549 वडोदरा-अहमदाबाद संकल्प पैसेंजर वटवा स्टेशन पर 08:30 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वटवा-अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **2.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 69129 आणंद-अहमदाबाद मेमू वटवा स्टेशन पर 07:20 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वटवा-अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **3.** 12 जनवरी से ट्रेन संख्या 69107 वडोदरा-अहमदाबाद मेमू 23.50 बजे वटवा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वटवा-अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **4.**10 जनवरी से ट्रेन संख्या 69115 वडोदरा-अहमदाबाद मेमू वटवा स्टेशन पर 13:25 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वटवा-अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

## जम्मू तवी स्टेशन पर रिडवलपमेंट कार्य जारी, कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन पर रिडवलपमेंट कार्य के संबंध में प्री नॉन इंटरलोकिंग कार्य हेतु ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है।

**शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें**

**1.** 7 से 13 जनवरी तक गांधीनगर कैपिटल से चलने वाली ट्रेन संख्या 19223 गांधीनगर कैपिटल-जम्मूतवी एक्सप्रेस पठानकोट स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा यह ट्रेन पठानकोट और जम्मूतवी स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **2.**12 जनवरी को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 19415 साबरमती-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस फिरोजपुर स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी तथा यह ट्रेन फिरोजपुर और श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **3.** 12 जनवरी को भावनगर टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 19107 भावनगर टर्मिनस-शहीद कप्तान तुषार महाजन एक्सप्रेस जलंधर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा यह ट्रेन जलंधर और शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।



**शॉर्ट ऑरिजिनेट होने वाली ट्रेनें**

**1.** 8 से 14 जनवरी तक ट्रेन संख्या 19224 जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस पठानकोट से शॉर्ट ओरिजिनेट (प्रारंभ) होगी तथा यह ट्रेन जम्मूतवी और पठानकोट स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **2.** 14 जनवरी की ट्रेन संख्या 19416 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-साबरमती एक्सप्रेस फिरोजपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा यह ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा और फिरोजपुर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **3.** 13 जनवरी की ट्रेन संख्या 19108 भावनगर टर्मिनस-शहीद कप्तान तुषार महाजन एक्सप्रेस जलंधर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन और जलंधर स्टेशनों के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

## पश्चिम रेलवे ट्रेन के फेरे विस्तारित

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद–थिविम द्वि साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विशेष किराये विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार हैः ट्रेन सं. 09412 अहमदाबाद-थिविम स्पेशल ट्रेन जिसे पहले 01 जनवरी 2025 तक अधिसूचित किया गया था अब उसे बढ़ाकर 08 जनवरी 2025 तक कर दिया गया है। इसी तरह ट्रेन सं. 09411 थिविम-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन जिसे पहले 02 जनवरी 2025 तक अधिसूचित किया गया था उसे अब बढ़ाकर 09 जनवरी 2025 तक कर दिया गया है।

## मध्य रेल का मेगा ब्लॉक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल पांच जनवरी को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण निम्नानुसार है। माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक। सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.52 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर मुलुंड स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर पुनः डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 11.07 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक ठाणे से छूटने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला और सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर पुनः डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.05 बजे से शाम 4.05 बजे तक। (नेरुल/बेलापुर-उरण पोर्ट लाइन को छोड़कर) पनवेल से सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक सीएसएमटी मुंबई की ओर छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं और सुबह 9.45 बजे से दोपहर 3.12 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी। सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक पनवेल से ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक ठाणे से पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं निलंबित रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर/नेरुल और उरण स्टेशनों के बीच पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## पश्चिम रेलवे का जंबो ब्लॉक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

मुंबई। ट्रैक, सिगनलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रखरखाव हेतु पांच जनवरी को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच 10.35 बजे से 15.35 बजे तक अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर पाँच घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा।र पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान अप एवं डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनों को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच फास्ट लाइन पर चलाया जाएगा। इस कारण से ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और चर्चगेट की कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/रीवर्स कर दिया जाएगा।

## ठाणे में कार्गो कंटेनर पलटा, ट्रैफिक जाम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** कैडबरी जंक्शन पर, जो ठाणे का मुख्य मार्ग है, एक मालवाहक कंटेनर नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क पर पलट गया, जिससे घोड़बंदर रोड की ओर जाने वाले चैनल पर ट्रैफिक जाम हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को सुलझाने का प्रयास किया।

ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। गुरुवार शाम करीब 4-15 बजे मालवाहक कंटेनर घोड़बंदर रोड की ओर जा रहा था। इसी बीच जब कंटेनर कैडबरी जंक्शन पर पहुंचा तो कंटेनर चालक ने कंटेनर से नियंत्रण खो दिया और भारी मालवाहक कंटेनर सड़क पर पलट गया। इसके चलते कैडबरी जंक्शन पर ट्रैफिक जाम हो गया। उक्त जाम नितिन कंपनी तक लगा हुआ था। घटना स्थल पर ट्रैफिक पुलिस देर शाम तक मदद कर जाम सुलझाने का प्रयास कर रही थी।आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि ट्रैफिक जाम हटाने के लिए पलटे कंटेनर को हाइड्रोलिक मशीन की मदद से हटाया जाएगा।

## दो लोगों ने सहायक आयुक्त को मारा थप्पड़

### ▶▶ दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में

### ▶▶ दिवा में अवैध इमारतों पर की कार्रवाई

**ठाणे।** दिवा वार्ड समिति के सहायक आयुक्त भालचंद्र घुगे गुरुवार को करीब 2-30 बजे शेड पर कार्रवाई करने गए थे, वहां मौजूद अब्दुल शाह और आलम शाहजहाँ खान ने उन्हें धक्का दे दिया। इस मामले में सहायक आयुक्त घुगे ने दोनों के खिलाफ डाइघर थाने में मामला दर्ज कराया। डाइघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपन शिंदे ने दोनों को हिरासत में लिया है। संपर्क करने पर थाम्पा के सहायक आयुक्त घुगे ने कोई जवाब नहीं दिया। एक ओर जहां नागरिकों ने इस कार्रवाई की निंदा की, वहीं दूसरी ओर दिवा वार्ड कमेटी ने बताया कि आठ मंजिल की एक दर्जन से अधिक इमारतें अवैध रूप से खड़ी हैं और शिकायत मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



**जानकारी के बावजूद नहीं करते कार्रवाई**

दिवा वार्ड समिति की सीमा के भीतर, दिवा रेलवे स्टेशन के पास कोपर की दिशा में और मुंब्रा की दिशा में लगभग 12 से 15 अनधिकृत इमारतें हैं। हालांकि, दिवा वार्ड कमेटी ने निर्माण माफिया की बिल्डिंग के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखाई है। सहायक आयुक्त घुगे को निर्माण के बारे में सूचित किया जाता है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। दूसरी ओर, आश्रय के लिए बनाए गए शेड पर कार्रवाई करने के लिए सेना लेकर आए सहायक आयुक्त घुगे के अब्दुल शाह और आलम शाहजहाँ खान के बीच मौखिक विवाद हुआ। नागरिकों ने बताया कि घुगे सदमे में थे।

**दीवा में अनधिकृत इमारतों को करें ध्वस्त**

दिवा में पानी के लिए अनशन के दौरान दिवा में पानी नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों का पानी निर्माण माफिया को मुहैया कराया जा रहा है, अगर आप नागरिकों को पानी मुहैया कराने जा रहे हैं तो आपको अनाधिकृत निर्माण की इजाजत नहीं देनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिया कि डायघर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के भीतर अनधिकृत शेडों पर कार्रवाई करने के बजाय, उन्हें पांच, सात और आठ मंजिलों की अनधिकृत इमारतों पर हथौड़ा चलाना चाहिए और इमारतों को ध्वस्त करना चाहिए और फिर छोटे शेड जैसे अनधिकृत निर्माणों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

उल्हासनगर में सेक्स रैकेट

## महिला एजेंट गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उल्हासनगर।** ठाणे शहर क्राइम ब्रांच की सीनियर पीआई चेतना चौधरी को शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली थी की, उल्हासनगर के हिल लाइन पोलीस स्टेशन की हद में कल्याण ईस्ट, श्रीमलंग रोड, द्वारली नाका, साईं निधी लॉजिंग बोर्डिंग के पास एक महिला एजेंट ग्राहकों के मोबाइल व्हाट्सअप पर पीडीत लडकीयो के फोटो भेजकर देहव्यापार के लिए लडकिया सप्लाई करने आने वाली है। क्राइम ब्रांच ठाणे शहर की टीम ने द्वारली नाका, साईं निधी लॉजिंग बोर्डिंग के पास बोगस ग्राहक और पंच को भेजकर ट्रैप लगाकर छापा मारा क्राइम ब्रांच की टीम ने छापे में एक महिला एजेंट को हिरासत में लेकर उक्त महिला एजेंट के चंगुल से 2 पीडीत लडकीयो को देहव्यापार के दलदल से रेस्क्यू किया। महिला एजेंट ग्राहकों के मोबाइल व्हाट्सअप पर लडकियो के फोटो भेजकर देहव्यापार के लिए लड़किया सप्लाई कर रही थी।

## ठाणे में फल विक्रेता को दी धमकी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**ठाणे।** सोयब मोहम्मद नसीम कुरेशी (19) ने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में फल बेचने वाले शिकायतकर्ता को फल लेने के बाद अधिक पैसे देने के लिए कहकर धमकाया और कहा कि "तुम हिंदी में क्या कहते हो मराठी में बोलो। मुंब्रा पुलिस ने विशाल गवली (21) के खिलाफ गैर आरोपीय अपराध दर्ज किया है। इस घटना से मुंब्रा इलाके में माहौल तनावपूर्ण है. शिकायतकर्ता सोयब मोहम्मद नसीम कुरेशी निवासी. बदरुद्दीन हाइट कमरा नंबर 209 कादर पैलेस कौसा मुंब्रा में फल बेचने का कारोबार है। प्रतिद्वंद्वी विशाल गवली और शिकायतकर्ता एक दूसरे को नहीं जानते. लेकिन घटना वाले दिन गुरुवार को दोपहर करीब 3-30 बजे विशाल गवली ने शिकायतकर्ता फल विक्रेता से तरबूज लिया. हिंदी में यह कहने के बाद कि शिकायतकर्ता को उक्त तरबूज के लिए अधिक भुगतान करना होगा क्योंकि यह उसके वजन से भारी है, विशाल गवली ने शिकायतकर्ता को यह धमकी देकर गाली दी कि शिकायतकर्ता जो हिंदी में कहता है, उसे मराठी में कहो। फल विक्रेता सोयब कुरेशी ने मुंब्रा पुलिस स्टेशन में विशाल के खिलाफ गैर आरोपीय मामला दर्ज कराया है।

प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025

## तीन वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाएगी पश्चिम रेलवे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए मुंबई सेंट्रल - लखनऊ, भावनगर टर्मिनस - लखनऊ और साबरमती - लखनऊ के बीच विशेष किराये पर तीन वन-वे स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः



**1. ट्रेन संख्या 09011**

ट्रेन संख्या 09011 मुंबई सेंट्रल-लखनऊ स्पेशल सोमवार, 06 जनवरी, 2025 को मुंबई सेंट्रल से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रुकेगी।

**2. ट्रेन संख्या 09235**

ट्रेन संख्या 09235 भावनगर टर्मिनस- लखनऊ स्पेशल बुधवार, 08 जनवरी, 2025 को भावनगर टर्मिनस से 20:20 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 04:00 बजे लखनऊ पहुंचेगी।यह ट्रेन मार्ग में भावनगर परा, ढोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम, चांदलोडिया, कलोल, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी।

**3. ट्रेन संख्या 09469**

ट्रेन संख्या 09469 साबरमती–लखनऊ स्पेशल सोमवार, 06 जनवरी, 2025 को साबरमती से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.00 बजे लखनऊ पहुंचेगी।यह ट्रेन मार्ग में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी।

## पश्चिम रेलवे की दो ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराए पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है ।

**1. ट्रेन संख्या 09301/09302 (द्वि-साप्ताहिक)**

ट्रेन संख्या 09301 बांद्रा टर्मिनस- डा. आंबेडकर नगर स्पेशल को अब 30 जनवरी तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09302 डा. आंबेडकर नगर- बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को अब 29 जनवरी तक विस्तारित किया गया है।

**2. ट्रेन संख्या 09412/09411 (द्वि-साप्ताहिक)**

ट्रेन संख्या 09412 अहमदाबाद- थिविम स्पेशल को अब आठ जनवरी तक विस्तारित किया है। ट्रेन संख्या 09411 थिविम-अहमदाबाद स्पेशल को अब नौ जनवरी तक विस्तारित किया गया है।

कार्यालय – दंतेश्वरी मय्या सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

// ई-निविदा सूचना //

चतुर्थ ई-निविदा क्रमांक :163902 व 163903, प्रथम ई-निविदा क्रमांक : 163864
दिनांक : 04/01/2025

दंतेश्वरी मय्या सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न सामग्रियों एवं कारखाना बीमा क्रय हेतु चतुर्थ ई-निविदा एवं नये ट्रैक्टर (पंजा शुगरकेन लोडर) व ट्रॉली सहित क्रय करने हेतु प्रथम ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्म/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-निविदा के वेबसाइट में जाकर ई-निविदा हेतु फॉर्म राशि 1000/- (311/- चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज अतिरिक्त) ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाइन वेबसाइट (E-procurement Portal : eproc.cgstate.gov.in) से फॉर्म अपलोड किया जाना है।

नोट : निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रभारी कारखाना के वेबसाइट www.dmsskm.com में भी अवलोकन कर सकते हैं।ई-निविदा हेतु तकनीकी सहयोग के लिए संपर्क –9340276297 एवं अन्य जानकारी हेतु 9907406733, 9098817773।

प्रबंध संचालक

परे द्वारा महा कुंभ मेला के अवसर पर मुंबई सेंट्रल-लखनऊ के बीच एक तरफा विशेष गाड़ियों का परिचालन

| गाडी नं. | प्रारंभ एवं गंतव्य | परिचालन दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09011 | मुंबई सेंट्रल-लखनऊ | 06.01.2025 | 11.00 बजे (सोमवार) | 13.00 बजे (अगले दिन) |
| विरामः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तथा कानपुर सेंट्रल स्टेशन्स। | | | | |

वर्गीकरणः स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकंड क्लास कोचेस।

गाडियों के समय, विराम एवं वर्गीकरण के विस्तृत जानकारी के संबंध में हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

गाडी नं. 09011 का आरक्षण 5 जनवरी 2025 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगा। उपरोक्त गाडी विशेष दरों पर विशेष गाडी के रूप में चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें x.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटधारक अपने साथ मूल आईडी पहचान पत्र रखें।

मध्य रेल

E-Tender Notice No: DRM-W-PA-E-Tender-2024-S-31-32-33 dt. 03.01.2025

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पुणे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः– **एस–31:** पुणे–मिरज खंड (96नं., आईआरपीएसएम आईडी 01.04.31.23.4.53.005) के चैनल स्लीपर को एच–बीम स्लीपर से बदलना। **लागतः** रु. 34,98,867.69/–, **बोली प्रतिभूतिः** रु.70,000/–, **पूर्णता अवधिः** 03 महीने और **रखरखाव अवधिः** 06 महीने। **एस–32:** पुणे–मिरज खंड दोहरी लाइन परियोजना के संबंध में **(क)** एसएसई (पीडब्ल्यू) घोरपडी के अधीन नई दोहरी लाइन किमी 2/880–69/260 का रखरखाव। **(ख)** एसएसई (पीडब्ल्यू) वाठार के अधीन नई दोहरी लाइन किमी 69/260–138 /200 का रखरखाव। **(ग)** एसएसई (पीडब्ल्यू) कराड के अधीन नई दोहरी लाइन किमी 138/200–216 का रखरखाव। **(घ)** एसएसई (पीडब्ल्यू) भिलवड़ी के अधीन नई दोहरी लाइन किमी 216/0–276/130 का रखरखाव। **लागतः** रु. 7,95,07,420.60/–, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 5,47,500/–, **पूर्णता अवधिः**12 महीने। **एस–33:** एडीईएन/मिरज के अधीन मिरज स्टेशन पर प्लेटफॉर्म सुधार और विभिन्न कार्य। **लागतः** रु.2,91,17,615.57/–, **बोली प्रतिभूतिः** रु. 2,95,600/–, **पूर्णता अवधिः**12 महीने और **रखरखाव अवधिः** 06 महीने। **अंतिम तिथि और समयः** 27.01.2025 को 15.15 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ANJ/31

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

## जल्द ही गिरफ्त में होंगे आरोपी : प्रकाश गायकवाड

### मीरा रोड शूटआउट में युवक की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मीरा भायंदर।** मीरा रोड स्टेशन के पास स्थित शांति शॉपिंग सेंटर में एक युवक की गोली मारकर कर हत्या कर दी गई है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक शम्स तबरेज अंसारी के सर पर हत्यारे ने गोली मारी जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जोन एक के डीसीपी प्रकाश गायकवाड ने बताया कि हत्या की वजह क्या है हत्यारा कौन है इसकी जांच पुलिस कर रही है जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शांति शॉपिंग सेंटर में अपना व्यवसाय करता था और वो एक मामले में गवाह था ।मृतक पर दबाव बनाया जा रहा था कि वो मामले से हट जाए अन्यथा उसका अंजाम बुरा होगा। नयानगर पुलिस के अनुसार इस मामले में कुछ भी कहना जल्द बाजी होगी पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य सुराग खंगाल रही है हत्यारा बच नहीं पाएगा।इस शूटआउट की घटना से शांति शॉपिंग सेंटर के दुकानदारों में सुरक्षा को लेकर नाराजगी है लोगो की माने तो शॉपिंग सेंटर की सोसायटी को चाहिए कि पूरा परिसर सीसीटीवी के दायरे में हो सुरक्षा रक्षकों की संख्या बढ़ानी चाहिए। जानकारी के लिए बता दे कि स्टेशन से लगे होने के कारण इस शॉपिंग सेंटर में लोगों की भीड़ होती है ।सूत्रों की माने तो रात नौ बजे के बाद इस शॉपिंग सेंटर में चरसी और नशेडियों का जमावड़ा देखा जाता है। मृतक के करीबियों की माने तो उसने कुछ लोगों से जान का खतरा बताया था ।

## 16 से योगा एक्सप्रेस ट्रेन के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है। पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से प्रस्थान/आगमन करने वाली ट्रेन संख्या 19031/19032 अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस का टर्मिनल स्टेशन अहमदाबाद से साबरमती (धरमनगर साइड) में परिवर्तित किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। 16 जनवरी 2025 से अगली सूचना तक ट्रेन संख्या 19031 अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से 11:25 बजे प्रस्थान करेगी। 17 जनवरी 2025 से अगली सूचना तक ऋषिकेश चलने वाली ट्रेन संख्या 19032 योग नगरी ऋषिकेश - अहमदाबाद योगा एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर 15:20 बजे टर्मिनेट (समाप्त) होगी एवं अहमदाबाद स्टेशन नहीं जाएगी।

**अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से होगा संचालन**

# भाजपा का सदस्यता अभियान आज से

- भाजपा संगठन पर्व के प्रभारी रवींद्र चव्हाण ने दी जानकारी
- एक ही दिन में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता पंजीकरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार पांच जनवरी को राज्य भर में विशेष सदस्यता पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। एक ही दिन में 25 लाख से अधिक सदस्यों का पंजीकरण करने का लक्ष्य है, ऐसी जानकारी संगठन पर्व के प्रभारी विधायक रवींद्र चव्हाण ने शनिवार को दी। वह भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बन, प्रवक्ता ओमप्रकाश चौहान समेत कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। इस अभियान में राज्य में पार्टी के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, नेता पदाधिकारी शामिल होंगे।

### विस चुनाव बाद शुरू हो गया संगठन पर्व

दिसंबर से शुरू हुए सदस्य पंजीकरण अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 50 हजार से अधिक सदस्यों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद संगठन पर्व शुरू हो गया। इसके बाद भाजपा के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों ने पंजीकरण अभियान के लिए कार्यशालाएं आयोजित की।

### बावनकुले ने की नागरिकों से भाग लेने की अपील

बावनकुले ने भाजपा प्राथमिक सदस्य पंजीकरण अभियान में राज्य भर से डेढ़ करोड़ सदस्यों का पंजीकरण करने का निर्देश दिया था। तदनुसार, चव्हाण ने यह भी कहा कि अभियान को और अधिक गतिशील बनाकर सक्रिय भागीदारी के लिए विशेष योजनाएँ बनाई गई हैं। चव्हाण ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से काम कर रही भाजपा के इस महा सदस्यता पंजीकरण अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों से भाग लेने की भी अपील की है।



### सीएम नागपुर से करेंगे शुरूआत

इस विशेष सदस्य पंजीकरण अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले नागपुर से करेंगे। भाजपा का हर कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि, नेता, विधायक सभी सड़कों पर उतर कर हर बूथ तक पहुंच कर अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। चव्हाण ने कहा कि इस अभियान के संबंध में बावनकुले द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, हर एक बूथ पर कार्यकर्ता 250 से अधिक सदस्यों को

# उद्धव के घर की सुरक्षा बढ़ाई

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब मातोश्री में आठ अतिरिक्त गार्ड तैनात किए जाएंगे। ये निजी गार्ड होंगे और उद्धव की सुरक्षा में पहले से मौजूद जेड प्लस सिक्योरिटी के जवानों के साथ उनके घर की सुरक्षा करेंगे। उद्धव ठाकरे के घर के पास हमले की साजिश को लेकर पिछले साल पुलिस स्टेशन में एक कॉल आया था। अब उद्धव ने अपनी सुरक्षा में इजाफा किया है। पिछले साल उद्धव के काफिले से कुछ गाड़ियां हटा दी गईं थीं।



### आदित्य और रश्मि को वाई प्लस सुरक्षा

उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे और बेटे आदित्य ठाकरे को वाई प्लस सुरक्षा मिली हुई है। तेजस ठाकरे को भी वाई प्लस सुरक्षा मिली है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच उद्धव ठाकरे के काफिले पर हमला हुआ था। यह हमला राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने किया था। बाद में राज ठाकरे ने इस पर कहा था कि उनके काफिले पर हुए हमले से मनसे कार्यकर्ता नाराज थे और उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की थी।

# एयर इंडिया बिल्डिंग की अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मंत्रालय में जगह की कमी के कारण नए मंत्रियों और राज्य विभागों को समायोजित करना मुश्किल हो रहा है, वहीं एयर इंडिया बिल्डिंग के अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी आ रही है। राज्य लोक निर्माण विभाग ने अपना निरीक्षण और संरचनात्मक ऑडिट पूरा कर लिया है और काम शुरू करने के लिए कहा गया है। एफपीजे को बताया कि पिछले साल मार्च में केंद्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र सरकार को बिल्डिंग के हस्तांतरण को मंजूरी दिए जाने के बाद, अजीत पवार की अध्यक्षता वाले राज्य वित्त विभाग (एफडी) ने 1601 करोड़ के सौदे को मंजूरी दे दी। राज्य विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले एफडी द्वारा मंजूरी दिए जाने के बावजूद, राज्य चुनाव जीतने के राजनीतिक दबाव के कारण लड़की बहन और अन्य लोकलुभावन योजनाओं जैसी अन्य प्राथमिकताओं के कारण धन का प्रावधान नहीं कर सका।



मंत्रालय में जगह की कमी से समायोजन हुआ मुश्किल

### कुछ विभागों में जल्द शुरू होगा कार्य

■ अधिकारी ने कहा, "अब जबकि महायुति सरकार वापस आ गई है, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की गहरी दिलचस्पी की वजह से इमारत का अधिग्रहण एक सहज प्रक्रिया होगी।" सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग कंपनी को दिए जाने वाले फंड के लिए प्रावधान करने के लिए कुछ बैठकें हुई थीं, लेकिन पूरक मांगों के माध्यम से वित्तीय प्रावधान करने के लिए कदम नहीं उठाए जा सके। इस बीच, राज्य पीडब्ल्यूडी ने चुनाव अवधि के दौरान साइट निरीक्षण और संरचनात्मक ऑडिट की अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी। एक अधिकारी के अनुसार, राज्य सरकार के कुछ विंग को एयर इंडिया बिल्डिंग परिसर से काम करना शुरू करने के लिए कहा गया है।

नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम

# 'बुक्स इन बस' पहल में नई पुस्तकें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा परिवहन उपक्रम की वोल्वो वातानुकूलित बसों में 'बुक्स इन बस' (चलते-फिरते बस पुस्तकालय) नामक अनूठी पहल जनवरी 2022 से शुरू की गई थी, जिसे शुरुआत से ही नागरिकों का बेहतरीन प्रतिसाद मिला है। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान यात्रियों को अच्छी किताबें पढ़ने का अवसर प्रदान करने और इस माध्यम से उनकी जानकारी व ज्ञान में वृद्धि करने की अवधारणा के तहत, यह पहल लेट्स रीड फाउंडेशन के सहयोग से शुरू की गई थी। अल्प समय में ही इस पहल ने यात्रियों की सराहना प्राप्त कर ली थी। हालांकि, यात्रियों से यह सुझाव बार-बार मिल रहे थे कि बसों के लघु पुस्तकालय में रखी गई पुस्तकें बार-बार उपयोग के कारण जीर्ण हो गई हैं। साथ ही, यह मांग भी उठी कि पुस्तकालय में हाल ही में प्रकाशित और लोकप्रिय पुस्तकों को शामिल किया जाए। इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए, पुस्तकालय में रखी पुरानी पुस्तकों को बदलकर नई, आकर्षक और पठनीय मराठी एवं अंग्रेजी पुस्तकों को शामिल किया गया है, और इस लघु पुस्तकालय का नवीनीकरण किया गया है। वर्तमान में 'बुक्स इन बस' पहल बस मार्ग क्र.42 (ईवी-एसी) वाशी रेलवे स्टेशन से डोंबिवली, बस मार्ग क्र.56 (वोल्वो एसी) मानसरोवर रेलवे स्टेशन से कलंबोली पुलिस मुख्यालय, बस मार्ग क्र.62 (ईवी-एसी) वाशी रेलवे स्टेशन से कल्याण, और बस मार्ग क्र.73 (वोल्वो एसी) पनवेल रेलवे स्टेशन से कल्याण तक संचालित कुछ बसों में उपलब्ध है। इन बसों के लघु पुस्तकालय में आत्मकथाएं, मनोरंजक कहानियां, कविताएं, कथा संग्रह, ऐतिहासिक साहित्य सहित मराठी और अंग्रेजी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय के नवीनीकरण और नई, लोकप्रिय पुस्तकों को उपलब्ध कराने के लिए एनएमएमटी यात्रियों ने खुशी व्यक्त की है।



■ पनवेल रेलवे स्टेशन से कल्याण तक संचालित कुछ बसों में उपलब्ध

# तीसरा आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** मुंब्रा विरोधी प्रवर्तन दस्ते ने 21 दिसंबर को मुंब्रा बाईपास बंद टोल बूथ पर एमडी बेच रहे दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया। उनके पास से बिक्री के 23 हजार 900 रुपये कीमत की एमडी के साथ दो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि इस नशीली दवा बिक्री में कोई रैकेट है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के मुताबिक मुंब्रा पुलिस ने तीसरे आरोपी मासु रेजब अली शेख (30) को 19 लाख कीमत की 468 ग्राम एमडी के साथ मुंबई से गिरफ्तार किया। मुंब्रा एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने आरोपी फैजान मेमन और महिला आरोपी तरन्नुम फंसोपकर को गिरफ्तार किया, जिन्हें मुंब्रा बायपास बंद टोल बूथ पर मादक पदार्थ बेचते समय गिरफ्तार किया गया था। उनके शरीर की तलाशी के दौरान मेमन के पास से 102 ग्राम और तरन्नुम के पास से 200 ग्राम एमडी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनमें से अधिक। जांच के दौरान ये तीसरा नाम सामने आया। पुलिस का शक सच साबित हुआ। वहीं पुलिस टीम ने मस्सू रेजब अली शेख, उम्र 30 वर्ष, कॉफर्ड मार्केट, विद्या मार्केट के पास, एस।एस। को गिरफ्तार कर लिया। शौचालय के सामने पांनटपरी पर बीडी पीते व्यक्ति की तलाशी के दौरान पुलिस टीम को 19 लाख कीमत का 468 ग्राम एमडी पाउडर मिला। पुलिस ने उसके खिलाफ मुंब्रा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

मीरा-भाईंदर मनपा की शाश्वत विकास कार्यशाला

# प्रदूषण रोकने नियमावली घोषित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





सीएसआर कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा

**मुंबई।** मीरा- भाईंदर शहर के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मीरा- भाईंदर महानगरपालिका ने "डेवलपमेंट विथ सस्टेनेबिलिटी" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला लता मंगेशकर नाट्यगृह में मनपा आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर में विकास कार्यों के कारण उत्पन्न प्रदूषण, कचरा, यातायात जाम और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सख्त नियमावली की घोषणा की गई। मनपा द्वारा जारी इन नियमों में निर्माण स्थलों पर 25 फीट ऊंचे टिन के शेड और सुरक्षा जाल लगाने, कलर-कोड अनुसार बैरिकेडिंग करने, और मलबे की ढुलाई के दौरान ट्रकों को ढकने का प्रावधान अनिवार्य किया गया है। आरएमसी प्लांट द्वारा नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। ब्रीद ईज़ी अभियान के तहत इस कार्यशाला में शाश्वत विकास की इस कार्यशाला में नियमावली की घोषणा की गई। शहर में निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न धूल और मलबे के कारण प्रदूषण और यातायात जाम जैसी समस्याएं नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनती हैं। इन समस्याओं के समाधान और सतत विकास के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुक्त संजय काटकर ने इस अवसर पर डीप-क्लीन ड्राइव और नियमित स्वच्छता अभियानों की जानकारी दी और बताया कि शहर के 80% ई-कचरे का निस्तारण सफलतापूर्वक किया गया है। उन्होंने निर्माण मलबे से ईंट बनाने के सी एंड डी वेस्ट प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन और खाद उत्पादन के लिए बड़े परिसरों में अलगाव प्रणाली को अनिवार्य किया जाएगा। मनपा ने शाश्वत विकास के दृष्टिकोण से एमबीएमसी@2047 नामक कॉन्क्लेव का आयोजन किया और आने वाले समय में पर्यावरण पर सीएसआर कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा की। इस कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर और शहर अभियंता दीपक खांबित ने शहर की वायु गुणवत्ता और विकास कार्यों के दौरान होने वाली अनदेखी समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मनपा इन समस्याओं से निपटने के लिए कौन से कदम उठाएगी। कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, उपायुक्त सचिन बांगर, उपायुक्त प्रसाद शिंगटे, कार्यकारी अभियंता नितीन मुकणे और शरद नाणेगांवकर सहित कई अधिकारी, इंजीनियर, ठेकेदार, डेवलपर्स और यूटिलिटी सर्विस प्रोवाइडर्स उपस्थित थे।

# गड्ढे का कमाल, मुर्दा हुआ जिंदा

सुधाकर मिश्र ने की गोष्ठी की अध्यक्षता

**कोल्हापुर।** सड़क पर गड्ढे जो लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं, उन्हीं गड्ढों ने एक व्यक्ति की जान वापस कर दी। अब इसे आप नए साल का चमत्कार या 'न्यू ईयर मिरेकल' भी कह सकते हैं। दरअसल, महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कस्बा बावडा उपनगर के निवासी पांडुरंग तात्या वारकरी 15 दिन पहले हरि नाम का जाप कर रहे थे कि उनको हार्ट अटैक आ गया। 65 वर्षीय पांडुरंग तात्या को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत सुधारने काफी की कोशिश की लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। आखिर में डॉक्टरों ने पांडुरंग तात्या वारकरी को मृत घोषित कर दिया गया। उनके परिजनों ने उन्हें अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि ले जाने की तैयारी भी शुरू की।

### वापस अस्पताल लेकर भागे परिजन

अस्पताल का बिल चुकाकर मृतक पांडुरंग तात्या को एम्बुलेंस से घर ले जाया जा रहा था, तभी अचानक सड़क के गड्ढे से एंबुलेंस बुरी तरह टकरा गई और पांडुरंग का शरीर जीवित हो गया। उनकी पत्नी ने कहा, "जब हम उनके शव को अस्पताल से घर ला रहे थे, तो एम्बुलेंस एक गड्ढे से गुजरी और हमने देखा कि उनकी उंगलियां हिल रही थीं।"

### घर पहुंचने पर बुजुर्ग का जोरदार स्वागत

शरीर में दिख रही हलचल को देखते हुए परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जिस बुजुर्ग को मृत घोषित किया गया था, वह अस्पताल में चलते हुए पहुंचे। तात्या का फिर से इलाज शुरू किया गया जिसके बाद उनकी तबीयत सुधरने लगी और अब उन्हें अस्पताल से घर जाने की छुट्टी भी दी गई है। घर पहुंचने पर परिजनों ने उनकी आरती उतारी और फूल मालाओं से स्वागत किया।

बीड सरपंच हत्याकांड

# दो और आरोपी गिरफ्तार

■ लगातार एक्शन में महाराष्ट्र पुलिस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि धुले पुलिस ने सुदर्शन चंद्रभान घुले और सुधीर सांगले को गिरफ्तार कर लिया। चंद्रभान घुले की उम्र 26 और सुधीर सांगले की उम्र 23 साल है और उन्हें आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की विशेष जांच टीम को सौंप दिया है। धुले पुलिस मामले की जांच कर रही है। मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख की 9 दिसंबर को क्षेत्र में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने के लिए अपहरण, यातना और हत्या कर दी गई थी।

### आरोपी धनंजय मुंडे का सहयोगी

महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मिक कराड को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है। फरार चल रहे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गईं और उन्हें पकड़ने के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया। जांच टीम ने फरार लोगों का पता लगाने के लिए तीन लोगों से पूछताछ की, मुखबिर नियुक्त किए और दो आरोपियों को पकड़ने के लिए तकनीकी का इस्तेमाल किया।



### 10 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन

सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच के लिए 10 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड ने मंगलवार को पुणे में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी बयान सामने आया था। देवेंद्र फडणवीस ने भरोसा दिलाया है कि मामले में शामिल सभी दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिलेगी। देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा, बीड में 'गुंडा राज' बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# अंबरनाथ में घूसखोर क्लर्क गिरफ्तार

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ पुलिस ने हाउसिंग सोसायटी की स्थापना की मंजूरी के लिए लोक सेवक चेतन आत्माराम चौधरी और विजय अजबसिंह पाटिल को 60 हजार की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार लोक सेवक विजय अजबसिंह पाटिल (कनिष्ठ) क्लर्क द्वारा अपने लिए और वरिष्ठ सहायक रजिस्ट्रार वर्ग -2 चेतन आत्माराम चौधरी द्वारा उस इमारत में एक हाउसिंग सोसायटी स्थापित करने के लिए 70,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी जहां शिकायतकर्ता रहता है। समझौते के अंत में 60 हजार की रकम तय हुई। शिकायतकर्ता ने रिश्वत विभाग में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 3 जनवरी को सत्यापन के बाद जाल बिछाया गया। शिकायतकर्ता को 60,000 की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

# नवी मुंबई मनपा का सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान

- स्वास्थ्य विभाग की पहल का जनता ने किया स्वागत





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** कम से कम समय में समाज में अज्ञात क्षयरोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार के दायरे में लाने और क्षयरोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार 23 दिसंबर से 03 जनवरी के बीच "सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान" नवी मुंबई मनपा के अति जोखिम वाले कार्यक्षेत्रों में प्रभावी रूप से चलाया गया। नवी मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान शासन के निर्देशानुसार आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में अति जोखिम वाले क्षेत्रों में चलाया गया। इसके अंतर्गत सभी 24 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यक्षेत्र में 80 टीमों के माध्यम से 36,826 घरों में 1,56,597 निवासियों से संपर्क किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और नागरिकों के बीच पर्चे वितरित कर क्षयरोग के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इसमें मुख्य रूप से बताया गया कि क्षयरोग कैसे फैलता है और इसके लक्षण, जैसे – दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार रहना, भूख कम लगना, वजन में कमी, सीने में दर्द, गर्दन पर गांठ आदि लक्षण होने पर जल्द से जल्द निकटतम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवाने और यदि क्षयरोग की पुष्टि हो तो पूरा उपचार लेने का अनुरोध किया गया।

सक्रिय क्षयरोगी खोज अभियान के दौरान कुल 1512 संदिग्ध क्षयरोगियों की पहचान की गई और नैट (एनएएटी) और एक्स-रे जांच के माध्यम से 39 क्षयरोगियों का निदान किया गया। सभी क्षयरोगियों का तत्काल उपचार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से शुरू कर दिया गया।

इस अभियान के माध्यम से, प्रशिक्षित टीमों द्वारा अधिक से अधिक अज्ञात क्षयरोगियों की पहचान की गई और उन्हें उपचार के दायरे में लाकर क्षयरोग की दवा शुरू की गई। इस अभियान को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है।

मीरा-भायंदर मनपा कला-क्रीड़ा महोत्सव 2025

# प्रतियोगिता में भाग लें, हार से निराश न हों : संजय काटकर

■ नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में आयुक्त ने किया उद्घाटन
■ महोत्सव के आयोजन के व्यवस्था की तारीफ की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) ने चार जनवरी को कला-क्रीडा महोत्सव आयोजन का शुभारंभ किया। मनपा शिक्षा विभाग की ओर से चार और पांच जनवरी को स्कूली छात्रों के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में कला क्रीडा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आयुक्त ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों का उत्साह बढ़ाने वाला मार्गदर्शन किया। बिना तनाव के खेल में भाग लें। प्रतियोगिता जीतने के लिए जरूर खेलें, लेकिन हार होने पर निराश न हों और अगले अवसर के लिए अभ्यास करें।



### 2015 से चल रहा महोत्सव का आयोजन

■ छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनके कौशल और खेल भावना को विकसित करने और इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से मीरा भायंदर मनपा 2015 से कला-क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन कर रही है। छात्रों के हस्ते दीप प्रज्वलन किया गया और नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में उद्यान विभाग के कर्मचारियों द्वारा महोत्सव के लिए मैदान की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिसके लिए आयुक्त ने उनकी सराहना की।

### सम्मान पाकर कर्मचारी भावुक

इन कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए खेल प्रतियोगिता की मशाल उनके हाथों प्रज्वलित की गई और मैदान में मशाल लेकर फेरी लगाने का निर्देश दिया गया। इस अनोखे सम्मान से कर्मचारी भावुक हो गए थे। आयुक्त ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों का उत्साह बढ़ाने वाला मार्गदर्शन किया। बिना तनाव के खेल में भाग लें। प्रतियोगिता जीतने के लिए जरूर खेलें, लेकिन हार होने पर निराश न हों और अगले अवसर के लिए अभ्यास करें। ऐसे शब्दों में आयुक्त ने छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुक्त ने मंच से उतरकर छात्रों से मुलाकात की और संवाद किया।

### बेसिक सुविधाएं रही उपलब्ध

छात्रों के लिए मनपा परिवहन उपक्रम द्वारा परिवहन सेवा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा सेवा, नाश्ते और भोजन की व्यवस्था जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### महोत्सव का आज आखिरी दिन

■ चार और पांच जनवरी के दो दिनों में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विभिन्न मैदानी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। चार जनवरी को कबड्डी, लंगड़ी और रस्साकशी तथा पांच जनवरी को 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, खो-खो और रस्साकशी के खेलों का आयोजन किया गया है। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और अभिभावक के रूप में देखभाल करने के लिए मनपा अधिकारी इस महोत्सव में दो दिनों तक पूरे समय उपस्थित रहेंगे। आयुक्त तथा प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) ने इस बाबत जानकारी दी है।

### महोत्सव की शुरुआत कबड्डी प्रतियोगिता से

महोत्सव की शुरुआत में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयुक्त ने टॉस करके कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मनपा की 36 स्कूलों के कुल 3000 छात्रों ने इस क्रीड़ा महोत्सव में भाग लिया।

# हुड़दंग करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

**मुंबई।** समुद्र तटीय मार्ग पर बोगदे के पास शनिवार की दोपहर करीब 4 बजे दो युवक लापरवाही से और तेज गति में हुड़दंग (कार रेसिंग) करते हुए वाहन चलाते पाए गए। इसमें से वाहन क्रमांक एमएच 12 एफवाई 7263 तटीय सड़क की दीवार से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस वाहन चालक के खिलाफ मलबार हिल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग द्वारा एमएच 12 एफवाई 7263 और एमएच 03 एडब्ल्यू 2255 इन दोनों वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## शोक संदेश

(स्वर्गवास : 03.10.2025)



स्व :भगवतसिंह देवल

निवास : गांव-कलापुरा जिला -जालोर

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# विश्व शांति केंद्र से दुनिया में फैलेगा शांति सदभाव का संदेश : आचार्य लोकेश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के पचपदरा क्षेत्र के जन्मे जाए आचार्य लोकेश का संकल्प पूरा होने जा रहा है। उनकी पहल पर हरियाणा के गुरुग्राम में ऐसा संस्थान खड़ा हो रहा है जो सदियों तक युवाओं, समाज को अच्छा संदेश देता रहेगा। संत की पहल के इस विश्व शांति केंद्र का उदघाटन दो मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री करेंगे। अहिंसा विश्व भारती के प्रवक्ता एवं समन्वयक के अनुसार अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य लोकेश ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी से भेंट कर अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा नव निर्मित भारत के पहले विश्व शांति केंद्र के उदघाटन समारोह में शरीक होने आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि गुरुग्राम गुरुओं की धरती है। जहां से विश्व कल्याण के कार्यक्रम आचार्य लोकेश के मार्गदर्शन में संचालित होंगे। विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश ने बताया कि ज्ञान, दर्शन, चारित्र व तप रूपी चार स्तंभों पर खड़े सप्त मंजिला भवन का निर्माण अहिंसा विश्व भारती संस्था ने दो वर्ष में पूर्ण किया है।



▶▶ देश के पहले विश्व शांति केंद्र का उद्घाटन दो मार्च को

इसके आर्किटेक्ट का दायित्व प्रसन्नराज के नेतृत्व में चैनई की डीश्आर्क डिजाइनर कंपनी एवं निर्माण का दायित्व ओमवीर सिंह के नेतृत्व में एनबी कंस्ट्रक्शंस ने निभाया है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति केंद्र से दुनिया में शांति सदभाव का संदेश फैलेगा। इस केंद्र से विश्व भर में वसुधैव कुटुंबकम, भारतीय संस्कृति, भगवान महावीर, मर्यादा पुरुषोत्तम राम, योगीराज कृष्ण, भगवान बुद्ध, गुरु नानकदेव सहित सभी महापुरुषों के संदेश प्रसारित होंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में परिवर्तन उपदेश से नहीं प्रयोग व प्रशिक्षण से आता है अतः इस केंद्र से अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय से तैयार किए गए अहिंसा प्रशिक्षण, शांति शिक्षा के पाठ्यक्रम, युवाओं के व्यक्तित्व विकास, बच्चों के संस्कार निर्माण, महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ ध्यान व योग के प्रायोगिक कार्यक्रम नियमित रूप से चलेंगे। जैनाचार्य लोकेश ने बताया कि इस अवसर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्रीरविशंकर, पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव सहित अनेक हस्तियों ने भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की है। इस मौके पर विराट संत सम्मेलन का भी आयोजन होगा। गुरुग्राम के यूनिसिपल कमिश्नर अशोककुमार ने पिछले दिनों केंद्र का अवलोकन किया एवं आचार्य लोकेश व अहिंसा विश्व भारती के कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

## वेल्डिंग करते वक्त ट्रक में लगी आग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर को जालोर से जोड़ने वाले स्टेट हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में वैल्डिंग करने के दौरान अचानक आग लग गई। इसके बाद हाईवे पर एक तरफ जाम लग गया। सूचना मिलने पर रीको थाना पुलिस व फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची। दो फायर बिग्रेड की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मैकेनिक ट्रक के नीचे वैल्डिंग कर रहा था। आग देखकर लोगों ने मैकेनिक को आगे के बारे में बताकर बाहर निकाला। इससे बड़ा हादसा टल गया। मैकेनिक जुझार सिंह ने बताया- शनिवार सुबह ट्रक के नीचे घुसकर वैल्डिंग कर रहा था। अचानक ट्रक के इंजन और कैबिन में आग लग गई। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने मुझे आवाज देकर बताया कि ट्रक में आग लग गई। मैं बाहर निकाला। पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। पास में बाहर रहे नाले से पानी गिराना शुरू किया। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। इस दौरान हाईवे पर जाम लग गया। बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा हो गया। नगर परिषद व सिविल डिफेंस की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची।

# जैसलमेर में इंजेक्शन लगाते ही बच्ची की मौत

▶▶ जिला अस्पताल के बाहर तीन साल की मासूम ने तोड़ा दम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के जिला अस्पताल जवाहिर अस्पताल के बाहर एक मेडिकल शॉप पर तीन साल की मासूम बच्ची रबीना की इंजेक्शन लगाते ही मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का हंगामा कर लिया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से बच्ची की मौत हुई है। गुस्साएं परिजनों ने मेडिकल शॉप को बंद करवाया और शव को मॉर्च्युरी में रखकर धरने पर बैठे गए। सूचना के बाद शहर कोतवाल सवाई सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया और पोस्टमॉर्टम के लिए राजी किया। बच्ची के परिजनों ने मेडिकल शॉप संचालक, डाक्टर और इंजेक्शन लगाने वाले के खिलाफ शहर कोतवाली में शिकायत दी है। पुलिस मेडिकल बोर्ड से बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर मामले की जांच करेगी।

### कंपाउंडर ने लगाया इंजेक्शन

बच्ची के दादा ने बताया कि डाक्टर मेहता ने बच्ची के लिए सर्दी-जुकाम की दवाइयां व इंजेक्शन लिखा। मेडिकल शॉप पर ही बैठे एक कंपाउंडर ने बच्ची को इंजेक्शन लगाया। जैसे ही बच्ची को इंजेक्शन लगाया, उसकी मौत हो गई। बच्ची को लेकर तुरंत मेडिकल वाले परिजनों को साथ लेकर जवाहिर अस्पताल दौड़े। वहां बैठे डाक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।



### पोस्टमॉर्टम के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा

■ शहर कोतवाल सवाई सिंह ने बताया कि परिजनों ने मेडिकल शॉप मालिक, डाक्टर और इंजेक्शन लगाने वाले के खिलाफ शिकायत दी है। हमने मेडिकल बोर्ड से बच्ची का पोस्टमॉर्टम करवाने को लेकर सहमति जताई है और पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### दो दिन से सर्दी-जुकाम

■ मृतक बच्ची रबीना के दादा इस्माइल खान ने बताया कि रबीना (3) पुत्री गागन खान, निवासी हसन का गांव को दो दिन से सर्दी-जुकाम था। शनिवार को वे इसे दिखाने के लिए गांव से सुबह 10 बजे जैसलमेर आए। यहां अस्पताल परिसर के बाहर शिवम मेडिकल के बाहर बैठे लोगों ने उनको बच्ची के बारे में पूछा और दुकान में ही बच्चों के डाक्टर राजेंद्र मेहता का होना बताया। परिजनों ने बच्ची को मेडिकल शॉप पर ही डाक्टर मेहता को दिखाया। डा. राजेंद्र सिंह मेहता शिशु रोग विशेषज्ञ के तौर पर जवाहिर अस्पताल में लंबे समय से सेवाएं दे रहे थे, साल 2011 से पहले ये रिटायर हो गए। तभी से वे अपने घर पर मरीज देखते हैं। इसके साथ ही वे अस्पताल के पास स्थित शिवम मेडिकल पर भी मरीज देखते हैं। शनिवार को हुए घटनाक्रम में परिजनों ने बताया कि डाक्टर मेहता ने उनको मेडिकल शॉप पर ही देखा और दवाइयां इंजेक्शन लिखे। वहीं मौजूद एक कंपाउंडर ने बच्ची इंजेक्शन लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## कोयले की आड़ में नशीली दवा सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर रेंज की स्पेशल साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन टटपुंजिया के तहत पांच साल से फरार चल रहे 15000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीकानेर जिले के पुलिस थाना नाल में 26 नवंबर 2020 को दर्ज हुए अवैध प्रतिबंधित नशीली दवाइयां के मामले में फरार चल रहा था। रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- आरोपी सोनाराम पुत्र गणपत राम बिश्नोई निवासी ननेऊ पुलिस थाना जांबा को गिरफ्तार किया गया है। साल 2020 में बीकानेर पुलिस ने ट्रक से लाखों रुपए कीमत की नशीली दवाइयां जब्त की थी। इस मामले में आरोपी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। फरारी के दौरान भी अवैध मादक पदार्थ और दवाइयों की तस्करी करने का अंदेशा है।



- साइक्लोनर टीम ने टैंकर में पानी भरते धरा
- पढ़ाई छोड़कर ट्रक चलाना किया था शुरू

### पुलिस से बचने अपने घर आना किया कम

पुलिस से बचने के लिए आरोपी फरारी के दौरान बड़े ट्रक ट्रेलर का ड्राइवर बनकर अहमदाबाद, बीकानेर, जोधपुर और अन्य शहरों में जाता था। घर पर आना-जाना भी कम कर दिया था। आरोपी ने अवैध नशीली दवाइयां की सप्लाई पंजाब तक करना शुरू कर दिया था। इसके लिए फलोदी जिले तक नशीली दवाइयां मंगवा कर अपने ट्रक के माध्यम से पंजाब में भटिंडा शहर में लोकल नेटवर्क के माध्यम से सप्लाई करता था। टीम को आरोपी के गांव में आने की सूचना मिली थी। टीम ने जांबा में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर दिया। आरोपी पानी का टैंकर भर रहा था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया।

# सर्दी से राहत, रात का पारा बढ़कर 12.8 डिग्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** नए साल के साथ बाड़मेर में सर्दी का असर कम होता जा रहा है। दिन-रात का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री बढ़कर 12.8 डिग्री पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री से पार पहुंच रहा है। तेज धूप खिलने के साथ ही गर्म कपड़ों में गर्मी का एहसास हो रहा है। 11 बजने के साथ ही लोग ऊनी कपड़ों को उतार रहे हैं। मौसम विभाग छह जनवरी के बाद सर्दी बढ़ने की संभावना जता रहा है। दरअसल, थार के बाड़मेर में बीते पांच दिनों से रात व दिन के तापमान में तीन डिग्री से ज्यादा बढ़ा है। जहां 31 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया था। चार जनवरी शनिवार को न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री पहुंच गया है। तीन जनवरी को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री पहुंच गया। इन दिनों में आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही हुई है। दोपहर के समय लोग ऊनी कपड़े पहने से गर्मी का एहसास होने लगा है। शनिवार को सुबह से ही तेज धूप खिली रही। 11 बजे के बाद गर्म वस्त्रों में गर्मी का एहसास हो रहा है। धीरे दोपहर के समय लोगों ने गर्म वस्त्र उतार रहे। लेकिन शाम के बाद फिर से सर्दी चमकने पर गर्म वस्त्रों का सहारा लेना पड़ा। दिन के पारे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही रात का पारा बीते पांच दिनों से नौ से 13 डिग्री के बीच चल रहा है। जिससे रात में अभी भी सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। लेकिन पिछले दिनों वाली कड़ाके की सर्दी से राहत मिली हुई है। शहर से लेकर नहरी क्षेत्र तक लोगों को कड़ाके की सर्दी से काफी राहत मिली है।



▶▶ पांच दिन में तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी, दिन में गर्मी

### बदला मौसम, दिन में तेज धूप खिली

**जोधपुर।** जोधपुर में शनिवार को धूप छाए रहने की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई। जोधपुर का मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ नजर आया। आम दिनों में जहां ठंड की वजह से लोग परेशान नजर आते हैं। वहीं दिन में तीखी धूप से राहत मिली। बता दे कि शहर में पिछले सप्ताह दिन के समय भी तापमान में गिरावट थी। अब दोपहर का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस आंका गया। पिछले दो-तीन दिनों में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। शहर में शनिवार को दिन में धूप छाए रहने की वजह से लोगों को सर्दी से राहत मिली। रात के समय भी आठ से 10 डिग्री से बढ़कर 15 से 16 डिग्री तक पहुंच चुका है। हालांकि जोधपुर में हवा की क्वालिटी काफी खराब नजर आई प्रदूषण अधिक होने की वजह से भी एयर क्वालिटी इंडेक्स स्वास्थ्य के लिहाज से अनुकूल नहीं माना गया। मौसम विभाग के अनुसार- छह से सात जनवरी को प्रदेश में मौसम ड्राई रहने और सात जनवरी से उतरी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से न्यूनतम अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। विभाग की ओर से शनिवार को मौसम साफ रहने और धूप निकलने की संभावना जताई गई थी।



## उदयपुर-पिंडवाड़ा हाइवे पर हादसा, युवती की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर शनिवार को एक और हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को चपेट में लेते हुए मिनी टूरिस्ट बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार एक लड़की की मौत हो गई। मिनी बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। हादसा गोगुंदा के पास खोखरिया नाल का है। बेकरिया एसएचओ उत्तम सिंह ने बताया- उदयपुर से पिंडवाडा की तरफ जा रहे ट्रेलर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेलर सड़क किनारे खड़ी टूरिस्ट बस से टकरा गया। गनीमत रही कि बाइक सवार बच गया। ड्राइवर ने सवारी को उल्टी होने पर बस को रोका था। इस दौरान पीछे से ट्रोले ने टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार दौसा निवासी 22 साल की प्रांजल की मौत हो गई। ये बस सवार सभी उदयपुर से माउंट आबू जा रहे थे। बेकरिया थाना पुलिस, हाईवे टीम और 108 टीम भी मौके पर पहुंची। उदयपुर गोगुंदा पिंडवाड़ा हाईवे पर हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी हाइवे पर मालवा का चौरा पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर भी हादसा हुआ जिसमें पांच जनों की मौत हो गई।



■ तेज रफ्तार ट्रेलर बाइक को टक्कर मारकर बस से टकराया, बस में फंसे यात्री

### राह चलते युवक को बस ने मारी टक्कर, जोधपुर रेफर

**बाड़मेर।** बाड़मेर में राहगीर को एमपीटी जा रही बस ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गुस्साए लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। घटना शनिवार को बाड़मेर जिले के नागाणा थाना इलाके एमपीटी रोड पर हुई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ठेकेदार से बातचीत कर सहमति बनी। घायल युवक को बाड़मेर अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया। नागाणा थानाधिकारी जमीन खान ने बताया- शनिवार सुबह मूढों की ढाणी निवासी खेताराम पुत्र मजनाराम जीरो पांइट की तरफ जा रहा था। इस दौरान वहां से निकल रही बस ने ओवरटेक करते हुए खेताराम को पीछे से टक्कर मार दी। इससे खेताराम गंभीर रूप से घायल हो गया।



# व्यापार जगत

# सोमवार को फोकस में रहेंगे सुजलॉन एनर्जी के शेयर

**मुंबई।** सोमवार को सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर फोकस में रहेंगे। इसके पीछे की वजह कंपनी को मिला इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिस है। कंपनी ने को अहमदाबाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 1.01 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि यह डिमांड वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफ/ईएसआई में कर्मचारी कॉन्ट्रीब्यूशन में देरी से भुगतान से जुड़ा मामला है। सुजलॉन एनर्जी से नोटिस के खिलाफ अपील करने की तैयारी में है।




### कंपनी को 260 करोड़ रुपए का फायदा

इससे पहले सुजलॉन एनर्जी ने बताया था कि वित्त वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए लगाए गए 260.35 करोड़ रुपए को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने माफ कर दिया। डिपार्टमेंट ने यह फैसला आईटीएटी के निर्णय के बाद लिया।

### पिछला एक महीना कंपनी के निवेशकों के लिए कैसा रहा?

■ सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में बाजार के बंद होने के बाद 1.54 प्रतिशत की गिरावट के बाद 61.96 रुपए के लेवल पर था। पिछले एक साल में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 63 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 86.04 रुपए और 52 वीक लो लेवल 35.49 रुपए है। बता दें, सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में दो साल में 450 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पांच साल में यह स्टॉक 2300 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है।

## दो टुकड़ों में शेयर बांट रही कंपनी

▶▶ रिकॉर्ड डेट का ऐलान, प्रमोटर के पास बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल ने स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। इसके लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट फिक्स कर दिया है। कंपनी ने पात्र शेयरधारकों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए 20 जनवरी को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की है। दो टुकड़ों में बंटेगा शेयर स्मॉल-कैप कंपनी ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के बोर्ड ने 1:2 अनुपात में स्टॉक स्प्लिट को मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि दो फेस वैल्यू वाले मल्टीबैगर स्मॉल-कैप शेयर के एक इक्विटी शेयर को दो कंपनी शेयरों में विभाजित किया जाएगा। मतलब ये कि कंपनी एक शेयर को दो टुकड़ों में बांट रही है। आमतौर पर कंपनियां शेयर को स्प्लिट कर निवेशकों को अट्रैक्ट करती हैं। इस कदम के बाद सस्ती कीमत में शेयर खरीद सकते हैं।



शेयर की कीमत ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर की बात करें तो 0.97% टूटकर 96.08 रुपए पर आ गया है। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 95.35 रुपए के निचले स्तर पर आ गया। 20 मार्च 2024 को शेयर 46.08 रुपए के निचले स्तर पर था। जुलाई 2024 में इस शेयर की कीमत 261 रुपए के उच्चतम स्तर तक पहुंच गई थी। ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर के पास 1.74 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 98.26 फीसदी की है। यह स्मॉल-कैप शेयर भारतीय शेयर बाजार द्वारा कोविड के बाद की रैली में दिए गए मल्टीबैगर में से एक है। हालांकि, पिछले छह महीनों में मल्टीबैगर स्टॉक बेस-बिल्डिंग मोड में रहा है। एक साल में इस स्मॉल-कैप शेयर ने अपने निवेशकों को 60 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है।

### शुक्रवार को बाजार का हाल

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक यानी 0.90 प्रतिशत गिरकर 79,223.11 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 833.98 अंक गिरकर 79,109.73 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 183.90 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 पर बंद हुआ।

## आपका राशिफल 5 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ्ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिला 1000 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की सब्सिडियरी कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को बड़ा सोलर प्रोजेक्ट मिला है। कंपनी उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से मंगाई गई बोलियों सफल कंपनी बनकर उभरी है। तीन जनवरी को यूपीपीसीएल की तरफ से टैरिफ आधारित 2000 मेगावाट आईएसटीएस कनेक्टेड सोलर पीवी पावर प्रोजेक्ट्स के लिए बोलियां आयोजित की गई थी। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी को 1000 मेगावाट की क्षमता का काम मिला है। जो कि 2.56 रुपएप्रति किलोवाट के हिसाब से तय हुआ है। अभी यूपीपीसीएल की तरफ से लेटर ऑफ अवार्ड का इंतजार किया जा रहा है। पिछले हफ्ते 27 दिसंबर को एनटीपीसी लिमिटेड ने बताया था कि 200 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट के पहले पार्ट का संचालन शुरू कर दिया गया है। बता दें, यह प्रोजेक्ट भी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के पास ही है। एनटीपीसी ग्रुप ने अबतक 76,598.18 मेगावाट की क्षमता की है। शेयर बाजार में कंपनी की स्थिति अच्छी नहीं शुक्रवार को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर बीएसई में 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 128.35 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने के दौरान एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों का भाव करीब 10 प्रतिशत टूटा है।




## कोटक, एयू स्मॉल, कैपिटल-स्मॉल बैंक में निवेश करेगा एचडीएफसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी को कोटक महिंद्रा बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक में निवेश की मंजूरी दी है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में एचडीएफसी बैंक ने बताया कि ग्रुप की कंपनियों जैसे एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी पेंशन फंड मैनेजमेंट लिमिटेड और प्रमोटर व स्पॉन्सर को इन बैंक की टोटल 9.5% हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी मिली है।

आरबीआई की 9.5% हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी

### कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 0.079% की गिरावट

बीते दिन कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 0.079% की गिरावट रही, यह 1,835.70 पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में शेयर ने 4.45% का रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल अब तक भी शेयर में केवल 3.25% की तेजी देखने को मिली है।




### बीते दिन एचडीएफसी बैंक में 2.53% की गिरावट

■ बीते दिन एचडीएफसी बैंक के शेयर में 2.53% की गिरावट रही, यह 1,748.40 पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में शेयर ने 6.01% का निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल अब तक भी इसके शेयर में 1.30% की गिरावट देखने को मिला है। जबकि, पिछले छह महीने में एचडीएफसी बैंक ने केवल 1.23% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

# रामसीन में अलग पंचायत बनाने की मांग

- ग्रामीणों ने मंत्री ओटा राम देवासी को सौंपा ज्ञापन
- झाक सबसे बड़ा गांव फिर भी विकास से कोसों दूर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रामसीन।** निकटवर्ती ग्राम झाक के ग्रामीणों ने पंचायती राज राज्यमंत्री ओटा राम देवासी को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम झाक और रतपुरा ग्राम पंचायत पुनककला के अंतर्गत आते है। ग्राम पंचायत पुनककला में कुल चार गांव आते है जिसमें सबसे बड़ा गांव आबादी के हिसाब से झाक है परंतु राजनीतिक पहुँच की कमजोरी के कारण पंचायत मुख्यालय झाक की जगह पूनककला हो गया और उसी का परिणाम यह रहा कि ग्राम पंचायत का सबसे बड़ा गांव होने के बावजूद अभी तक विकास से कोसो दूर है। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद न तो पीने के लिए पानी की उचित व्यवस्था है न चिकित्सा और न ही शिक्षा की यह हमारी बदनसीबी कहे या पंचायत की अनदेखी की अभी तक हमारा गांव पंचायत मुख्यालय से पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया है। जिसके कारण लोगो को करीबन 15 किलोमीटर घूमकर रामसीन होते हुए पंचायत जाना पड़ता है। जिससे आम लोगो का समय और धन का व्यर्थ अपव्यय हो रहा है।

### गांवों में सीसी रोड नहीं

गांव में इक्का दुक्का गलियों आम रास्तों को छोड़ कर कहीं पर भी सीसी रोड नहीं है। नालिया नहीं होने से आम रास्ते गन्दगी से अटे पड़े है। पंचायत मुख्यालय नहीं होने से गांव में आठवीं तक ही विद्यालय है। अतः यहाँ के बच्चे आवागमन के साधनों के अभाव के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते है और उनकी पढ़ाई अधूरी रह पाती है। गाँव में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी नितांत अभाव है। ग्राम झाक विधानसभा भीनमाल के अंतर्गत आता है।

### प्रस्ताव विभाग को भेजने की मांग

ग्रामीणों ने बताया की दोनों गावों के हितों को ध्यान में रखते हुए गांव झाक और रतपुरा को मिलाकर अलग ग्राम पंचायत झाक बनाने का प्रस्ताव संबंधित विभाग में भेजने की मांग की ताकि दोनों गांवो का समुचित विकास हो।इस दौरान उपसरपंच पूनककला किरतसिंह जोधा, मालाराम चौधरी, त्रिकमाराम चौधरी, खेत सिंह जोधा, कालू सिंह जोधा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### 2011 की जनगणना में गांव में कुल 2166 वोटर

गांव में कुल 2166 वोटर है यद्यपि 2011 से जनगणना नहीं हुई है परंतु वोटर की संख्या देखते हुए गांव की कुल आबादी 5000 से ज़्यादा है। वही झाक से रतपुरा गांव 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिसमे भी कुल वोटर 845 है और उसकी जनसंख्या भी 2000 से अधिक है यानी दोनों गांवो में कुल वोटर 3000 से ज्यादा और जनसंख्या 7000 से अधिक अनुमानित है।

## ओटाराम देवासी को ज्ञापन सौंपते राजस्थान शिक्षक संघ

■ रामसीन। राजस्थान शिक्षक संघ ;प्रगतिशील जिला शाखा जालोर के कार्यकारिणी की बैठक कल सोमवार को भीनमाल में आयोजित की जाएगी। जिलामंत्री जसारामविरास ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिलाशाखा जालौर की बैठक प्रदेश, जिला व ब्लाक पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्ष व मंत्रियों की संयुक्त बैठक सोमवार 6 जनवरी को जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी की अध्यक्षता में राउप्रावि कचहरी रोड़ भीनमाल में दोपहर 11 बजाकर 30 मिनट पर आयोजित होगी। बैठक में जालोर जिले के प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के संयोजक व सह संयोजक एवं संगठन से जुड़े हुए शिक्षक भागीदारी करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन संबंधित विचार विमर्श किया जाएगा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह

# जालोर : वाहन चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जालोर एसपी ने रानीवाडा, मालवाडा, भीनमाल में नुक्कड सभाओं का आयोजन किया गया। हैलमेट वितरण कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई और चालकों को बिना नशे के वाहन चलाने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही वाहनों पर इन्डीकेटर लाल-पीला लगाने अपील की। अभियान के दौरान वाहन चालकों को एवं स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान जिले के सभी थानाधिकारियों के द्वारा सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में पहुंच कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूकता किया जा रहा है सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि की रोकथाम एवं इसमें कमी लाने



हेतु आमजन में यातायात नियमों के बैनर, होर्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से प्रसार-प्रचार किया जा रहा है।

### 228 वाहनों के काटे चालान

■ राष्ट्रीय सडक सुरक्षा जनवरी माह-2025 के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के पर कार्रवाई कर तीन दिन में कुल 228 चालान बनाए गए।

### एसपी ने पहनाए वाहन चालकों को हेलमेट



**भीनमाल।** करड़ा सर्किल पर एसपी ज्ञानचंद्र यादव द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसपी ने कहा कि लापरवाही से वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी को यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के कारण पिछले वर्ष दुर्घटनाओं में कमी आई है, जिससे जनहानि भी कम हुई है। थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी ने बताया कि शहर में अब लोगों को हेलमेट पहनने के लिए अनिवार्य किया जा रहा है।

# पांच सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** बाबा रामदेव मंदिर वाडाभाड़वीं में दानदाताओं के आर्थिक सहयोग सेकंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे पांच सौ जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए। दानदाता स्वर्गीय खिंयाराम लाखानी की स्मृति में उनके पौत्र शिक्षक नेता जयकरण खिलेरी पुत्र रामकिशन खिलेरी परिवार द्वारा शनिवार को बाबा रामदेव मंदिर,चामुंडा माता मंदिर,विरार नाडी व कालू नाडी आदि स्थानों पर करीब पांच सौ कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरण किए गए। इस अवसर पर वाडाभाड़वी के सरपंच किशनाराम राम जाट, बाड़ाभाडवी सोसाइटी अध्यक्ष भभूतसिह,चितलवाना थाना प्रभारी उप निरीक्षक किशनाराम खिलेरी,जिला परिषद सदस्य श्रीमती सजनी देवी मेघवाल, समिति मेंबर ओखाराम मेघवाल, समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लीलाराम भील, जंभेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट वाडा भाडवी के अध्यक्ष भागीरथ जानी,तलकाराम अध्यापक लादूराम सियाग, रावलाराम खिलेरी,हीराराम जाट,हनुमान पवार वरिष्ठ अध्यापक, किसनाराम ढाका,किशनाराम मेघवाल,मोहनलाल खिलेरी, हमीराराम खिलेरी, वागाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद थे।

# सीमा पर जल्द पूरा हो जल दीवार का निर्माण

- मुख्य सचिव पंत को सौंपा ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** सीमान्त जिला व किसान जागृति मंच के संयोजक सवाईसिंह देवड़ा द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को उनके जैसलमेर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपा जिसमें देवड़ा ने अंतर राष्ट्रीय सीमा पर जल दीवार का निर्माण पूर्ण करवाने की मांग रखी। देवड़ा ने लिखा कि इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय भारत पाक सीमा को सुरक्षित करने तथा रेगिस्तान को हरा भरा करना था अर्थात इस प्रथम उद्देश्य सीमान्त क्षेत्र की अंतर राष्ट्रीय सीमा पर जल दीवार का निर्माण सुरक्षा की पहली पक्ति तथा दुसरा 'सिंचाई हैं। देवड़ा ने लिखा कि इस दिशा में उक्त परियोजना अभी पूर्ण व सफल नहीं है, कारण स्पष्ट है उक्त परियोजना का लक्ष्य नर्मदा नदी से जोड़ने का प्रोजेक्ट अभी तक पूरा नहीं हुआ हैं।



### डबल इंजन की सरकार सपने करे साकार

■ जैसलमेर जिले की 470 किलोमीटर लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा और बाड़मेर से गुजरात के कच्छ क्षेत्र तक का बड़ा हिस्सा अभी इस परियोजना से वंचित है। इस परियोजना को लेकर वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री की भी इच्छा है कि इन्दिरा गांधी नहर को कच्छ की खाड़ी तक बढ़ाया जावे। 2012-13 उत्तर भारत विकास परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में श्रीमान मोदी जी ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव रखा था। इस सम्बन्ध में जैसलमेर के तत्कालीन विधायक गोवर्धन कल्ला ने मोदी के मुख्यमंत्री रहते पत्र भी लिखा था तब इसे केन्द्र का विषय बताया गया। तत्पश्चात् जब मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने फिर दुबारा श्री कल्ला ने पत्र लिखा। उत्तर में प्रधानमंत्री कार्यालय तथा जलशक्ति मंत्री कार्यालय के जवाब आये उसमें स्पष्ट लिखा है "प्रस्ताव स्वागत योग्य व विचारणीय है।" मगर राजस्थान सरकार का ऐसा कोई प्रस्ताव हमारे पास नहीं है तत्कालीन राजस्थान सरकार कांग्रेस की थी, प्रस्ताव सरकार ने नहीं भेजा। अब सरकार भाजपा की है, डबल इंजन सरकार है अब सीमान्त क्षेत्र जैसलमेर ही नहीं अपितु बाड़मेर जिले तक की राष्ट्रभक्त जनता की उम्मीदे परवान पर है।

### सीमान्त क्षेत्र को मिले विशेष पैकेज

सीमान्त जिले जैसलमेर बाड़मेर, सोढाण क्षेत्र से उपजी समस्याओं से प्रभावित है। इस क्षेत्र का विकास पिछले 50 वर्षों से रूका हुआ है। विकास कार्यों व मुलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जावे। सैन्य दृष्टि से महत्तपूर्ण भारत माला प्रोजेक्ट जैसलमेर से म्याजलार, सुन्दरा, मठ ख्याला, 138 किमी. मुख्य कार्य को तत्काल पूर्ण किया जावे। उपनिवेशन तथा ग्रामदानी गाँवों से राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन करवाया जावे ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके, गरीब किसानों की भूमि भू-माफिया से बचायी जा सके। औरण, गोचर भूमिया राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज की जावे। अंत में मुख्य सचिव को देवड़ा ने लिखा है कि सभी मांगे किसान हितार्थ पूरी की जाने का श्रम करावे।

# हरीश राठौड़ का अंतरराष्ट्रीय जे एल एफ 2025 में चयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** राजस्थान का पश्चिमी जिला भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित जैसलमेर जिले से एकमात्र युवा ग्राम पंचायत पारेवर के अधीन ग्रामदानी गांव कबीर बस्ती निवासी हरीश राठौड़ का अंतरराष्ट्रीय जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2025 में संगीत , सांस्कृतिक एवं समुदाय स्वयंसेवक के रूप में चयन हुआ है जिससे संपूर्ण क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार खुशी ग्राम विकास एवं शिक्षण संस्थान कबीर बस्ती के सचिव मनोहर लाल राठौड़ ने बताया कि जे एल एफ 2025 के लिए हरीश ने साक्षात्कार देकर टीम में अपनी जगह बनाई है । अंतरराष्ट्रीय जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 26 जनवरी से 4 फरवरी 2025 तक राजस्थान की राजधानी जयपुर में होना प्रस्तावित है जिसमें विभिन्न स्थानों के लोग यहां पर अपना प्रदर्शन करने आएंगे। चयनित युवा की माता श्रीमती देवकी ने बताया कि हरीश हाल में जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्विद्यालय से संगीत विषय में स्नातकोत्तर कर रहा है। हरीश को 2024 में यूनिसेफ इंडिया द्वारा यू एम्बेसडर चुना गया था और बेस्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य कार्यालय दिल्ली में अवॉर्ड से भी नवाजा गया था एवं हाल ही में नवोदय एलुमिनी एसोसिएशन जैसलमेर (नाज) द्वारा इन्हें एक विशिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय श्री मोहनगढ़ जैसलमेर में भी सम्मानित किया गया था। चयनित युवा ग्रामदानी गांव कबीर बस्ती के अध्यक्ष छोटू राम के पौत्र एवं राजस्थान पुलिस में कार्यरत अमृत लाल राठौड़ के पुत्र है जो कि पीएम नवोदय विद्यालय मोहनगढ़ के पूर्व छात्र भी रह चुके है।

# गर्ग समाज का सम्मान-बहुमान आज

▶▶ समाज के लोगों की बैठक में निर्णय

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर ।** जालोर के भीनमाल रोड पर स्थित गर्ग आश्रम शिव मंदिर में शनिवार को गर्ग समाज के वरिष्ठ लोगो की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 5 जनवरी को समाज के नव चयनित कर्मचारी एवम् पदोन्नत कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय किया। गर्ग समाज जालोर जिलाध्यक्ष हड़मताराम गर्ग साफाडा ने बताया की गर्ग आश्रम शिव मंदिर जालोर में रविवार कल 05 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम नव चयनित नर्सिंग कर्मियों, नव चयनित शिक्षक एवं पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान एवं बहुमान कार्यक्रम एवम् जालौर नगर एवं जालौर ब्लॉक की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न को लेकर आवश्यक व्यवस्था हेतु बैठक रखी गयी थी, बैठक में जालौर नगर एवं जालोर ब्लॉक की कार्यकारिणी के चुनावों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में जालोर ब्लॉक, जालोर नगर एवं समस्त ब्लॉक कार्यकारणी, जिला प्रतिनिधि, राज्य प्रतिनिधि, संरक्षक मण्डल के सदस्यगण एवं समस्त समाज समर्पित कर्मठ, निष्ठावान सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित थे।जिलाध्यक्ष हड़मताराम गर्ग ने बताया की रविवार 05 जनवरी को गर्ग आश्रम जालौर में राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में जालोर नगर एवं जालोर ब्लॉक कार्यकारिणी गठन एवं नव चयनित नर्सिंग कर्मियों, नव चयनित शिक्षक एवं पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान एवं बहुमान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 168 दुग्ध उत्पादकों को बांटा लाभांश



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा सरस डेयरी कि वगतापुरा समिति में लाभांश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 168 दुग्ध उत्पादकों को तकरीबंद तीन लाख रुपए का लाभांश समिति अध्यक्ष नानजी राम कि अध्यक्षता में वितरित किया गया। इस दौरान सरस डेयरी पीएंडआई प्रभारी जवान सिंह बालावत ने मौजूद दूध उत्पादकों को विभागीय जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि पशुपालकों को हर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस दौरान प्रबंधक संयंत्र डुंगा राम जीनगर,प्रबंधक गुण नियंत्रण प्रकाश श्रीवास्तव, सचिव मोटा राम चौधरी,उमराव सिंह जोधा,जयंती लाल,रघुवीर सिंह सोलंकी,राहुल गर्ग सहित गांव के दूध उत्पादक किसान एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व का सबसे बड़ा महिलाओं का संगठन राष्ट्र सेविका समितिः डा. अवनी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता







**भीनमाल।** स्थानीय आदर्श विद्या मन्दिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्र सेविका समिति के सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन शनिवार को श्रीमती अनिता अग्रवाल, डा अवनी पटेल, वर्गाधिकारी श्रीमती ललिता गहलोत, जोधपुर प्रान्त शारीरिक प्रमुख सुश्री मोनिका माहेश्वरी,वर्ग कार्यवाहिका उर्मिला खण्डेलवाल,भीनमाल जिला सम्पर्क प्रमुख मीरा देवासी व जालोर विभाग विस्तारिका वणिका की मौजूदगी में हुआ।

इस दौरान डॉ अवनी पटेल ने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति विश्व का सबसे बड़ा महिलाओ का संगठन है,ऐसे वर्गो से बहिनों के मन में देश राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना,नेतृत्व क्षमता व कर्तव्य बोध के गुण विकसित होते है।

उन्होंने कहा कि मातृव अपने स्वं के गुणों को पहचान कर निरन्तर प्रगति शिक्षार्थियों द्वारा वर्ग में सिखाए गए दंड,नियुद्ध,यष्टि, योगचाप व योगासन आदि का प्रात्यक्षिक के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। वर्गाधिकारी ललिता गहलोत ने बताया की 29 दिसम्बर 2024 से 04 जनवरी 2025 तक आयोजित सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग का सफल आयोजन हुआ।इस वर्ग में जालोर विभाग के तीन जिलों के सोलह खण्डों से शिक्षार्थी, प्रबन्धिका,शिक्षिकाएं व अधिकारी सहित 167 की संख्या रही।इस दौरान सवेरे साढ़े पांच से रात्रि दस बजे तक की कठिन दिनचर्या और अनुशासन का पालन करते हुए इन दिनों में चिन्तन सूत्र, योगासन,प्रातः शाखा, लेखन कार्य, बौद्धिक, बिन्दु संकलन,आचार पद्धति, चर्चा कार्यशाला,भजन गीत अभ्यास वआनन्दवेला आदि में भाग लेकर आत्म निर्माण किया गया। जोधपुर प्रान्त शारीरिक प्रमुख सुश्री मोनिका माहेश्वरी ने बौद्धिक वक्ता की भूमिका में सदगुण निर्मित का केन्द्र शाखा विषय पर उद्बोधन दिया । उन्होंने बताया की राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं का अखिल भारतीय संगठन है। इस संगठन में कार्यकर्ता का विशेष महत्व है। कार्यकर्ता निर्माण के लिए इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते है।

समिति का सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन

# बोरली के जन्मदिवस पर गोपुष्ट सेवा सप्ताह आयोजित

▶▶ मुख्यमंत्री शर्मा ने दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के 54वें जन्मदिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली द्वारा संचालित गौपुष्ट सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जालोर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गौशालाओं में गौपुष्ट आहार वितरित कर, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के सुखद जीवन की प्रार्थना की। भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिवस पर जालोर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह हैं, सोशल मिडिया के विभिन्न माध्यमों एवं फोन के माध्यम से शुभकामनाएं देकर, भाजपा जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित की।



# परिसीमांकन को लेकर नागरिकों को जागरूक रहना जरूरी : पाराशर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** नगर कांग्रेस कमेटी एवम मंडल कांग्रेस की संयुक्त बैठक जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के विशिष्ट आतिथ्य एवम नगराध्यक्ष मुमताज अली,मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित की गई। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि बैठक में जालोर नगर परिषद क्षेत्र में किये जा रहे परिसीमांकन के प्रस्ताव एवम वार्डो के सीमांकन गठन के दावे आपत्ति को लेकर कांग्रेसजन से विचार विमर्श कर कमेटी का गठन किया गया। बेठक को सम्बोधित करते हुए जन अभियोग निराकरण समिति पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि शहर के समस्त कांग्रेसजन को जागरुकता के साथ परिसीमांकन परिपत्र को पढ़कर संबंधित वार्ड के गठन,परीसीमांकन को ध्यान में रखते हुए दावे आपत्ति होने पर अपनी आपत्ति समय अनुसार दर्ज करवानी चाहिए। जिसने नियमानुसार वार्ड का गठन हो सके। उन्होंने शहर के कांग्रेसजन से राज्य की भाजपा सरकार की एक वर्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुचाने की अपील की। साथ ही पुरवर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा जालोर शहर हेतु किये गये ऐतिहासिक कार्यो का प्रचार प्रसार करने की बात कही। अंत मे समस्त कांग्रेसजन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नाजिम अली के निधन पर दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल,कैलाश शर्मा,ममता जेन, चतराराम सुथार,लक्ष्मण सिंह सांखला, मिश्रीमल गहलोत,जालम सिंह चारण,फूसाराम माली,सुरेश मेघवाल,अनिल पंडत, जुबैदा नागोरी,सुष्मिता गर्ग,अफ़रोज़ा बानो, शीला चौधरी, गीता श्री,उम्मेद सिंह चारण, तरुण सोलंकी,हीराचन्द भंड़ारी,जोगाराम सरगरा,नवीन मेवाड़ा, कपूराराम परिहार, वाहिद मेहर,छगन आर्य, संभेलाराम माली,नवीन सुथार,ओमप्रकाश चौधरी, सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

शिक्षक नरेंद्र सिंह ने पेश की अनुकरणीय पहल

# शिक्षण एवं सामाजिक संस्थानों को दिए 10 लाख रुपए का दान

- शिक्षक ने पिता नारायण सिंह की स्मृति में कई संस्थानों को की वित्तीय मदद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जिले के एक शिक्षक ने शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए दान कर एक उदाहरण पेश किया है। नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने स्कूल के बच्चों को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए अपने पिता नारायण सिंह की स्मृति में अलग-अलग सामाजिक और शिक्षण संस्थाओं में 10 लाख नकद भेंट किए है। नरेन्द्र अभी जालोर के गौडिजी स्कूल में शिक्षक के रूप में लगे हुए है औप साथू गांव निवासी हैं। शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उन्होंने अपने पिता स्व.नारायण सिंह राजपुरोहित की स्मृति में माता मोहिनी देवी की प्रेरणा से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गौडिजी की विद्यालय की छत के पुनः निर्माण के लिए 1 लाख 25000 रुपए, स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सामग्री मंगवाने 62 हजार, जालोर ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम पुरस्कार के लिए 17 हजार 500 रूपए, स्थानीय स्कूल की बालिकाओं के कार्यक्रम में भाग लेने पर उपयोग करने के लिए 5100,महावीर मूक बधिर दिव्यांग संस्थान में बालकों के प्रोत्साहन के लिए 51 हजार, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में सहयोग के लिए 11 हजार, आर्य वीर दल में प्रशिक्षण भवन व खिलाड़ियों को चांदी के पदक और उपकरण के लिए 6 लाख, डकातरा गांव के विद्यालय को सहयोग के तौर पर 51 हजार, बाकरा स्कूल में 12 हजार 100 रूपए, वार्ड नबर आठ में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए 11 हजार, बाकरा रोड पर स्थित मालियों की ढाणी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को 25 हजार रूपए व अन्य कई स्कूलों में सहयोग राशि भेट किए हैं। इस अवसर पर कई शिक्षकों ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।


मध्य रेल
शुद्धिपत्र
मुंबई मडल

एतद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निविदा **सूचना सं. म.रे./म.रे.प्र.(कार्य)बी.बी./2024/29** में अ.क्र. 08, 09 और 10 पर प्रकाशित कार्य की निविदा दिनांक 30.12.2024, 30.12.2024 और 31.12.2024 को खुलनी है **जो अब प्रशासनिक कारण से दिनांक 07.01.2025 को खुलेगी।**

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**छ.शि.म.ट.मुंबई**
657

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

मध्य रेल
परिचारक (जनशक्ति) की नियुक्ति

ई-.प्रापण सूचना क्रमांक. ई-42/2024, दि. 30.12.2024. अनु. क्रमांकः 1 टेंडर क्रमांकः 4824TADK मदों का विवरणः टीएडीके के बदले परिचारक (जनशक्ति) की नियुक्ति के लिए दर अनुबंध। **मात्राः** 06 Nos. 36 महीने के लिए जनशक्ति **निविदा खुलने की नियत तारीखः** 20 जनवरी 2025 Capital (WMS): 20721104, Accrual Accounting code: 2072113303 **मूल्य का अनुमानः** Rs. 76,44,767.00 टेंडर्स का पूरा ब्योरा मध्य रेल्वे की अधिकृत वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी दस्तावेज़ वेबसाइट से डाउन लोड कर सकते है। 652

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

जागरूक टाइम्स
मुंबई। रविवार, 5 जनवरी 2025



# फैंसी डाइट से नहीं, इन ड्रिंक्स से
# तेजी से घटेगा वजन

वेट कम करने के लिए आप कैलोरीज गिन कर खाना शुरू कर देते हैं, अलग-अलग डाइट प्लान फॉलो करते हैं और भी ना जाने क्या-क्या। आप चाहे खाने में जो भी बदलाव करें, इसके साथ एक चीज और बदलें, जो है रोजाना अपनी डाइट में हेल्दी ड्रिंक्स शामिल करना। गुरुग्राम के पारस हॉस्पिटल की चीफ डाइटीशियन नीलिमा बिष्ट का कहना है, "वजन कम करने के लिए पानी सबसे अच्छा ड्रिंक है, यह बॉडी को हाइड्रेटेड रखता है और वेटलॉस में भी मदद करता है। इसके अलावा कॉफी, ग्रीन टी, वेजिटेबल जूस और स्मूदीज भी फायदेमंद हैं। अगर आप वेट कम करना चाहते हैं, तो सोडा, कोला, पैक्ड जूस पीना बिलकुल बंद कर दें। इनमें शुगर और कैलोरीज दोनों ही बहुत ज्यादा होते हैं।





### ग्रीन टी

ग्रीन टी आपकी हेल्थ और वेट दोनों के लिए अच्छी है। यह एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। साथ ही यह पोषण भी देती है। वजन घटाना है, तो इसे अपने रुटीन में शामिल जरूर करें। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाती है, भूख कम करती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा उठाना हो, तो सुबह खाली पेट पिएं। खाने के बाद भी पी सकते हैं। अगर डाइजेशन की समस्या हो, तो इसे खाने के एकदम बाद ना पिएं।



### कॉफी

अच्छे मूड के साथ वेटलॉस का तोहफा भी आपको नियमित कॉफी पीने से मिलता है। यह शरीर में एनर्जी बढ़ाती है और मूड लिफ्ट भी करती है। इसमें कैफीन होता है, जो मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और फैट बर्न करने में मदद करता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपनी कॉफी में भरपूर चीनी और क्रीम मिला कर पिएं।



### हाई प्रोटीन ड्रिंक्स

यह भी देखा गया है कि हाई प्रोटीन ड्रिंक्स वजन घटाने में मददगार साबित होते हैं। इनसे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और भूख कंट्रोल होती है, जिससे कैलोरी इनटेक कम होता है। ऐसे ड्रिंक्स में सत्तू व चने का सूप बहुत अच्छे ऑप्शन हैं। कोशिश करें कि इनमें बटर व मीठा ना डालें।

## वेजिटेबल सूप या जूस

ताजी सब्जियों का सूप या जूस दोनों ही वेटलॉस में बहुत मददगार साबित होते हैं। इनमें कैलोरीज कम होती हैं और न्यूट्रिशन भरपूर होता है। अगर आप सब्जियां खाना पसंद नहीं करते, तो यह सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करने का अच्छा तरीका है। जूस व सूप बनाते समय उसमें एक्स्ट्रा शुगर, क्रीम व मलाई मिलाने से परहेज करें। चाहें, तो सूप को गाढ़ा करने व उसका स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ी मात्रा में कोकोनट मिल्क मिला सकते हैं। एक रिसर्च में यह भी पाया गया कि जिन लोगों ने वेटलॉस करने की



कोशिश के दौरान अपनी डाइट में वेजिटेबल जूस व सूप को शामिल किया, उन्हें इससे दोहरा फायदा हुआ। एक तो उनकी डाइट में सब्जियों की मात्रा बढ़ी और दूसरा उनकी डाइट से कार्ब्स की मात्रा कम हुई।


## क्या कहता है आयुर्वेद

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट का कहना है, "वजन कम करना मुश्किल काम हो सकता है। इस काम के लिए बैलेंस्ड डाइट, नियमित प्रयास और लाइफस्टाइल में बदलाव की जरूरत पड़ती है। वेटलॉस के लिए आयुर्वेद में कई कारगर नुसखे हैं, लेकिन इन्हें जब भी आजमाएं, तो यह सोच कर आजमाना शुरू करें कि आपको पलक झपकते ही नतीजे दिखने शुरू नहीं होंगे, इसमें थोड़ा समय लगेगा।



त्रिफला को अपनी डाइट में शामिल करें। चाहें तो इसे सुबह पानी में घोल कर पिएं या फिर रात को सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला को गरम पानी के साथ लें। जिन लोगों को डाइबिटीज के कारण वजन कम करने में दिक्कत होती है, उनके लिए यह बहुत मददगार है। इससे बैली फैट कम करने में मदद मिलती है।

*आधा चम्मच मेथीदाने को एक कप पानी में रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इसका पानी पी लें और मेथीदाने को चबा लें। इससे वेटलॉस, डाइबिटीज और वॉटर रिटेंशन कम करने में मदद मिलती है।*



आयुर्वेद के अनुसार गरम पानी शरीर को स्वस्थ रखने और कई बीमारियों का उपचार करने में मदद करता है। इससे पाचन क्रिया सुधरती है और खाना ठीक से पचता है। गरम पानी पीने से हमारा मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, जिससे कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है।



छाछ को अपने दैनिक भोजन का हिस्सा बनाएं। इसमें कैलोरीज तो बहुत कम होती ही हैं, यह खाना पचाने में भी मदद करती है। इससे पेट भी भरता है, जिससे आप खाना कम खाते हैं। खाने के साथ छाछ पिएंगे, तो यह खाने के पोषक तत्वों को शरीर में एब्जॉर्ब करने में भी मदद करेगी।



खाली पेट पानी में शहद डाल कर पिएं। शहद में कई गुणों के साथ एंटी ऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। इसमें नीबू का रस भी डाल सकते हैं।



हरी मूंग का सूप वजन कम करने के साथ आपको भरपूर एनर्जी, फाइबर, विटामिंस और मिनरल्स देता है। इसमें थोड़ी काली मिर्च और नीबू का रस डालें।



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# 'केन्द्र व राज्य सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित'

## अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौंसला

### अलावड़ा खेल मैदान की चारदीवारी कराने व स्टेडियम के रूप में विकसित कराने की घोषणा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अलवर के राज ऋषि महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित फाइनल मैच, चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में आयोजित सेमीफाइनल मैच एवं रामगढ़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच का टॉस कर शुरुआत की। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों से परिचय कर उनकी हौंसला अफजाई की और टीमों के बीच हुए मुकाबलों को देखा। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया अभियान' से देश में खेलों के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी हैं। वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार की बेहतरीन नीतियों से खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफॉर्म मिल रहा है, जिससे खेल में करियर बनाने के शानदार अवसर युवाओं को उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया है, ताकि बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़े और उनका विकास हो सके तथा जिले में खेलों के प्रति एक सकारात्मक माहौल तैयार हो। युवा डिजिटल दुनिया के साथ मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव का अगला चरण शीघ्र ही प्रारंभ होगा, जिसमें खो-खो, कबड्डी, बास्केटबॉल जैसे अनेक खेलों की प्रतियोगिताएं अलवर संसदीय क्षेत्र में आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में करीब साढ़े तीन सौ टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें करीब 40 टीमें बेटियों की भी हैं। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। रामगढ़ के अलावड़ा में पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान की चारदीवारी सांसद निधि कोष से कराने की घोषणा के साथ उन्होंने कहा कि इस मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटियों को न केवल शिक्षा बल्कि आधुनिक डिजिटल युग की शिक्षा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य में 'मुख्यमंत्री अटल प्रेरक योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत हर गांव में लाइब्रेरी स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

कृषि उपज मंडी स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कृषि उपज मंडी स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा वहां पर केड़ल गंज व्यापारिक संचालन समिति द्वारा आयोजित भंडारे के कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स समिट' से राजस्थान में निवेश का सकारात्मक माहौल बना है। उन्होंने कहा कि अलवर के विकास के लिए स्वच्छता के साथ विकास कार्यों पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार अच्छा चलने से सब चीजें अच्छी चलती हैं। व्यापारिक संस्थानों से उन्होंने एफपीओ के विषय पर आगे बढने की अपील की, ताकि स्थानीय उत्पादों के विपणन का कार्य हो सके और नए रोजगार के अवसर भी पैदा हो। उन्होंने कहा कि अलवर व खैरथल में प्याज की अच्छी उपज को दृष्टिगत रखते हुए प्याज मंडी के नए अवसरों की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है।

अलवर सांसद खेल उत्सव मुकाबलों के दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, पूर्व विधायक बनवारी सिंघल, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रधान दौलतराम जाटव, श्रीमती वीरमती, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, इंद्र यादव, रमन गुलाटी, इंद्रजीत सिंह पाटा, देशराज खरेरा, जितेंद्र गोयल, प्रेम पटेल, राजेंद्र कसाणा, सीताराम चौधरी, अमित गोयल, हरिओम कटारा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, हरिशंकर खंडेलवाल, हरीश अरोड़ा, राजेंद्र सैनी, सुमन चौधरी, जितेंद्र शर्मा, सहदेव सिंह, डॉ. अशोक पाठक, निखिल चाचान, डॉ. राजेश भारद्वाज, सरिता राज, सुदेश खाम्बरा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### खेतों की तारबंदी के दौरान बिजली करंट से झुलसे तीन किसान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदिन्ना के गांव भभूतिपुरा में शनिवार को दिन में खेत में उग रही फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए तारबंदी के दौरान बिजली करंट लगने से हादसा हुआ है। खेतो के पास से गुजर रही बिजली लाइन के सम्पर्क में आने से तीन किसान झुलसे हैं। झुलसे हुए किसानों को ग्रामीणों और परिजनों द्वारा बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया है,जहां से एक किसान को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार उपखंड के डांग क्षेत्र में कुदिन्ना ग्राम पंचायत के भभूतिपुरा गांव में बिजली करंट से यह घटना हुई है। घटना में गांव के रामवीर पुत्र उत्तम गुर्जर,राजवीर पुत्र माखन गुर्जर और शंकरलाल पुत्र रामसिंह गुर्जर खेत पर तारबंदी के दौरान बिजली करंट से झुलसे हैं। तीनों किसान खेतों पर उग रही सरसों की फसल को आवारा जानवरों से बचाने के लिए तारबंदी कर रहे थे। इस दौरान जब के तारो को खंबे लगाकर बांध रहे थे तो अचानक से पास से गुजर रही ग्यारह केवी लाइन के संपर्क में आ गए।

## कोहरे में बेवजह यात्रा से करें परहेज



### सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगाए रिफ्लेक्टर

**धौलपुर।** जिला कलेक्टर की दिशा-निर्देशन में मनाया जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को गुलाब बाग चौराहे पर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये गए। इस अवसर पर वाहन चालकों के मध्य समझाइए करते हुए परिवहन निरीक्षक सूरजभान ने कहा कि कोहरे का समय चल रहा है और कोहरे के समय दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती हैं ऐसे में यदि बहुत जरूरी हो तभी यात्रा करनी चाहिए बेवजह यात्रा से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनिद्रा की अवस्था में वाहन नहीं चलने चाहिए और वहां के पीछे रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिफ्लेक्टर लगा होने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है इसलिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए खास करके ट्रैक्टर के पीछे लगने वाली ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगा होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर जिला यातायात के कर्मी व परिवहन विभाग से देवेंद्र शर्मा भूदेव त्यागी उपस्थित रहे।

## पदस्थापित अधिकारियों का आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित सोती भवन में समग्र शिक्षा अभियान के चूरू संभाग में कार्यरत एवं परियोजना मद में पदस्थापित अधिकारियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार महर्षि के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए महर्षि ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सीखी हुई अद्यतन जानकारी से विभागीय गतिविधियों को गति मिलेगी तथा जिलों की रैंकिंग में निश्चित रूप से सुधार होगा। राज्य संदर्भ व्यक्ति सरोज बेनीवाल, मुकेश निठारवाल, झींडुराम एवं रजनीश ने संभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। सहायक परियोजना समन्वयक राजबाला खीचड़, हरिप्रसाद शर्मा, महेंद्र कृष्णिया, रामचंद्र एवं जितेन्द्र कुमार माली ने संबोधित किया। बेधड़क बड़सरा, सुरेन्द्र महला, मनोज सोलंकी, इकबाल गोरी, अविनाश सहारण, धर्मेन्द्र सोलंकी, धर्मेन्द्र सिंह, विनय कुमार सोनी आदि अधिकारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणवीर धीधवाल ने किया।

## वैष्णो माता के दर्शनों के लिए दल रवाना



**चौमूं।** कबीला फाउंडेशन के तत्वाधान में 25 जनों का दल वैष्णो माता के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने धव्जा दिखाकर वैष्णो माता के लिए दल को रवाना किया। कबीला फाउंडेशन एवं कबीला रेस्टोरेंट के निदेशक अशोक रच्छौया की ओर से सभी 25 जनों को निशुल्क वैष्णो माता के दर्शनों के लिए यात्रा करवाई जा रही है। इस मौके पर कबीला फाउंडेशन और कबीला रेस्टोरेंट के निदेशक अशोक रच्छौया ने कहा कि यह तीन दिवसीय वैष्णो माता दर्शन के लिए यात्रा सुगम व सुलभ हो। सभी के लिए खाने व टहरने के निशुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही यात्रा के रास्तों में आने वाले धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया जाएगा। वैष्णो माता दल रवानगी के दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिक बालजी, देवीलाल जलुथरिया, मुरलीधर जलुथरिया, भंवर गुसाईवाल, गोपाल जलुथरिया, मोहन जलुथरिया, बद्री, रामू बाबाजी, गुलजी जाजोरिया, युवा साथी रमेश बायला, रवि कुमार, कालू व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बैंक की योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**चूरू।** पीथीसर गांव में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षारता कार्यक्रम में नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से एवं बीआरकेजीबी शाखा की ओर से आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षारता समन्वयक गुमानसिंह शेखावत ने भारत सरकार की ओर से संचालित पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई एवं अटल पेंशन योजना आदि बारे में विस्तार से जानकारी दी। शेखावत ने बताया कि इस डिजिटल बैंकिंग युग मे सभी बैंकिंग लेनदेन सावधानी पूर्वक करें। किसी को ओटीपी न बताएं। अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें। अधिकतर वेबसाइट के बीना रिपोर्ट डाउनलोड न करे। शेखावत ने बताया कि आजकल साइबर क्राइम द्वारा नये नये तरीके ईजाद कर लोगो को वित्तीय हानि पहुंचाई जा रही है। पूर्व प्राचार्य गुमानीराम ने स्टाफ की कमी के कारण बैंकिंग सेवाएं में कमी का समाधान निकालने की बात कही। पीथीसर शाखा प्रबन्धक सांवरमल बुंदेला ने बैंक की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को समझाया। बैंक के मुद्रा रथ में विद्यमान एटीएम से एटीएम पिन जनरेट किए।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चौथे दिन की गई समझाइश एवं प्रवर्तन कार्रवाई

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के चौथे दिन परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विभाग के उडन दस्ता प्रभारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड बहरोड पर कैम्प आयोजित कर 85 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक खैरथल-तिजारा मनीष चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्र निर्वाण, थानाधिकारी किशनगढबास जितेन्द्र शेखावत, परिवहन निरीक्षण दुलारी एवं अमित भारद्वाज द्वारा पापडी टोल प्लाजा तिजारा रोड पर लगभग 200 आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड समेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 200 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रेफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 22 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 8 बिना सीटबेल्ट, 90 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 1 मोबाइल पर बात करने पर, 20 तीन सवारी से अधिक होने, 15 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन, 68 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 12 नो पार्किंग, 1 बिना नम्बर प्लेट संचालित एवं 1 प्रोटेक्शन डिवाईस से संबंधित चालान किए गए। सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिला परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार यादव, परिवहन निरीक्षक ग्रेस कुमार अग्रवाल द्वारा राज्य राजमार्ग थानागाजी से कटीघाटी तक ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर संयुक्त निरीक्षण किया गया।

## विशाल नेत्र शिविर के आयोजन को लेकर प्रचार रथ किया रवाना



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर में अपना घर सेवा समिति बाड़ी की ओर से विशाल मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 5 जनवरी 2025 को शहर की स्थानीय सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा। शिविर संयोजक विष्णु महेरे ने बताया कि नेत्र शिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर जतिन गर्ग द्वारा ऑपरेशन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मरीज को दवाई,ऑपरेशन,चश्मा, लेंस,भोजन आवास सब नि:शुल्क रहेगा। रविवार को आयोजित होने वाले विशाल नेत्र शिविर के प्रचार के लिए प्रचार रथ रवाना किया गया है। जिसको अपना घर के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने रवाना किया। इस मौके पर अपना घर सेवा समिति के संरक्षक विष्णु महेरे,गोपाल दास गर्ग, सचिव भुवनेश्वर शर्मा, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, बबलू तेजाजी, प्रमोद सिंघल, सहसंयोजक रामनिवास अग्रवंशी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्व. डमल सोनी की तृतीय पुण्यतिथि पर अस्पताल में 4 बड़े रूम हिटर व 30 कंबल किए भेंट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** स्वर्गीय रूडमल सोनी निवासी चौमूं की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र चंद्र प्रकाश पवन कुमार सोनी विनायक ज्वेलर्स बापू बाजार चौमू की ओर से चौमूं उप जिला अस्पताल में 4 बड़े रूम हिटर व 30 कंबल भेंट किए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, डॉक्टर सुरेश जांगिड़, अजीत सिंह शेखावत, मान प्रकाश सैनी, बुद्धि करण मीना, मोहित पंजाबी, रवि कुमावत, राहुल गुर्जर, सहीराम चौधरी, सुनील सैनी, आशीष शर्मा, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

### वार्षिक अधिवेशन में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर का सम्मान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** रतननगर के पेंशनर उप शाखा के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन अध्यक्ष मुरारीलाल महर्षि व टीओ रामस्वरूप के सानिध्य में किया गया। जिसमें 75 वर्ष पूर्ण करने वाले अब्दुल मजीद, फतेह मोहम्मद व लीलाधर शर्मा का अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनवरी माह में जन्म लेने वाले पेंशनर नारायण प्रसाद महर्षि, दुर्गादत्त शर्मा, साबिर मोहम्मद, पूर्णमल खारड़िया, विनोद मिश्रा, नथमल शर्मा, प्रताप सिंह राठौड़, बनवारीलाल शर्मा, विद्याधर मीणा व गिरधारी लाल सैनी आदि का स्वागत किया। अधिवेशन में बीओबी मैनेजर मानवेन्द्र सिंह, खेमचंद सोनी, टीओ रामस्वरूप, इसहाक मोहम्मद, डॉ. वैध्यप्रकाश शर्मा, छगनलाल चौधरी, सोहन लाल फगेड़िया व पूर्णमल आदि ने बैंकिंग प्रणाली, पर्यावरण, साम्प्रदायिक सद्भाव, स्वास्थ्य, भाईचारा व आरजीएचएस पर सारगर्भित प्रस्तुति दी गई। चूरू जिला शाखा के रामस्वरूप शर्मा, बजरंग लाल, हरिसिंह, घनश्याम, पूर्णमल सोनी, सहायक बैंक मैनेजर जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रोफेसर हिमांशु सेंगर महला को आज मिलेगा याज्ञसेनी सम्मान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** युक्ति सामाजिक शोध संस्थान के 11वें स्थापना दिवस का समारोह नगर श्री सभागार में होगा सचिव राजकौर राहड़ ने बताया की दोपहर 2.30 बजे होने वाले कार्यक्रम में प्रोफेसर हिमांशु सेंगर महला को याज्ञसेनी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा संरक्षक डॉ सरोज हारित ने बताया कि विधि महाविद्यालय चूरू के प्राचार्य डॉ श्रवण कुमार सैनी की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ खेमचंद सोनी होंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद् साहित्यकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### शिवचरण सैनी ने फुले संस्था अध्यक्ष पद से दिया त्याग पत्र

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था अध्यक्ष पद से शिवचरण सैनी ने इस्तीफा दिया। जानकारी देते हुए शिवचरण सैनी ने बताया कि माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने पत्र क्रमांक 02/2024 के अनुसार 26 मई 2024 को उन्हें महात्मा ज्योतिबा फुले अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। लेकिन अभी भी संस्था के पद पर स्थिति स्पष्ट नही है क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष पद पर दो अध्यक्ष संस्था का कार्य कर रहे है तथा अध्यक्ष पद को लेकर विवादित स्थिति होने के कारण यह अध्यक्ष पद उन्हें स्वीकार नहीं है। साथ ही यह भी कहा कि माली समाज अध्यक्ष द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्र का भी कोई अस्तित्व नहीं है। शिवचरण सैनी ने अपना इस्तीफा माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष तेजकरण सैनी को सौंप दिया है।

### प्रजापति नवयुवक मंडल की बैठक आयोजित

समाज के विकास के लिए नवयुवकों का संगठित होना आवश्यक : करन प्रजापति

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में स्थानीय प्रजापति नवयुवक मंडल की बैठक निजी मैरिज होम में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता युवा नेता करन प्रजापति ने की। बैठक में युवाओं ने समाज के लोगों को शिक्षा पर ध्यान देने और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने का आव्हान किया। इस मौके पर समाज के अंकुश प्रजापति ने समाज के युवाओं में जागृति पैदा कर संगठित करने का आह्वान किया। रॉकी प्रजापति ने युवाओं को समाज विकास के लिए तन,मन,धन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। योगेश प्रजापति हलवाई ने समाज के युवाओं को संगठित करने के लिए प्रत्येक घर पर जाकर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे करन प्रजापति ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज की उन्नति के लिए हम सभी को एकता के साथ कार्य करने की अत्यंत आवश्यकता है। शैक्षिक विकास हमारे विकास की धुरी है। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना, समाज में बिखराव को दूर करना एवं आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना का प्रसार करना अति आवश्यक है। करन प्रजापति ने कहा कि हमें संपूर्ण जिले में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में जाकर प्रत्येक युवा समाज बंधु से संपर्क कर उन्हें समाज विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। बैठक में प्रजापति समाज के ऋषि, करन, रीतेश, अंकेश, दीपक, शिवम, विनोद, अमन, धर्मेंद्र, देवेश, दशरथ, हरिओम, हिमांशु,जीतू, कृष्णा, मयंक, मिथुन, मोनू, पवन, राहुल, राम, रामू,रिंकू, रोहित, सोनू, विवेक, सुमित आदि युवा समाज बंधुओं के साथ-साथ बाड़ी नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी संतोष कुमार नगर अध्यक्ष, रामनिवास उपाध्यक्ष,मनोज कुमार कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ऋषि प्रजापति ने किया। सर्वसम्मति से करन प्रजापति को नवयुवक मंडल का अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष अंकेश प्रजापति को चुना गया।

# पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजना का लाभ: देवासी

## राज्य मंत्री देवासी ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। राज्यमंत्री देवासी ने सर्किट हाउस में आमजन की परिवेदनाएं सुनी तथा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से भी भेंट की। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटाने, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पीड ब्रेकर लगवाने, योजना के तहत स्कूटी दिलाने, राजस्व ग्राम बनाने, सड़क की मरम्मत करवाने, रास्ता खुलवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिस पर राज्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने प्रत्येक पात्र को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जन कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री देवासी ने आम जन की समस्याओं को तसल्ली से सुनते हुए विश्वास दिलाया कि समस्याओं का यथोचित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। भूपेंद्र देवासी, रोहित खत्री, नारायण देवासी, जब्बरसिंह, गोविंद माली, महेन्द्र माली, दिनेश वैष्णव, विक्रमसिंह, लोकेश खंडेलवाल, हेमलता पुरोहित, रमजान खान, जीतू खत्री, प्रवीण राठौड़, बाबूसिंह, नैनसिंह राजपुरोहित, मगन मीणा, अमरराम प्रजापत, अनिल प्रजापत, प्रथम खत्री, सिद्धार्थ देवासी, साबुसिंह, जीतू गर्ग, गीता पुरोहित, कैलाश मेघवाल एवं शैतानसिंह आदि मौजूद थे।



## राज्यमंत्री देवासी ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढ़स



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शनिवार को बाबा रामदेव होटल ग्रुप के एमडी रघुभाई माली के बड़े भाई लालाराम पुत्र पुनमाराम माली के निधन पर उनके निवास भाटकड़ा में जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने लालाराम माली के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार जनों के समक्ष सांत्वना व संवेदना प्रकट की। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र माली, पूर्व पालिकाध्यक्ष व माली समाज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष ताराराम माली, विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, जगदीश देवासी, मनोज माली एवं नवाराम माली आदि मौजूद थे।

## नकली होलाग्राम लगी महंगी विदेशी शराब के 92 कार्टन बरामद, एक गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** आबकारी विभाग की ओर से चलाए विशेष अभियान के तहत शनिवार को आबूरोड के वासडा गांव में विशेष कार्रवाई कर नकली होलाग्राम लगी महंगी विदेशी शराब के 92 कार्टन बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया। जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर सहायक आबकारी अधिकारी सैयद बशारत अली एवं आबूरोड के वृत निरीक्षक रविन्द्रप्रतापसिंह आबूरोड के वासडा में कम्पोजिट मदिरा दुकान के पास बने कमरे के कबाड के बीच रखी विभिन्न ब्रांड की महंगी विदेशी इम्पोर्टेड शराब के कुल 92 कार्टन बरामद किए। जिसमें से 60 कार्टन नकली होलोग्राम एवं स्टीकर्स लगे मिले। शेष कार्टन बिना होलोग्राम युक्त मदिरा बरामद किए। बरामद शराब की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 20 लाख आंकी गई।

### मुख्य संचालनकर्ता की तलाश जारी

कार्रवाई के दौरान तेलीवाडा परसोला प्रतापगढ़ निवासी मनोहरलाल पुत्र पृथ्वीराज को मौके से गिरफ्तार किया जबकी एक अन्य आरोपी पीराका भरतपुर निवासी पुष्पेन्द्र चौधरी अंधेरे का फायदा उठाकर शराब दुकान के पीछे बने नाले से भागकर फरार हो गया। मुख्य संचालनकर्ता बिशनपुरा झुंझुनू निवासी नवीन कुमार के गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### इनका रहा सहयोग

आबकारी विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में प्रहराधिकारी देवाराम चौधरी, शिवाराम व अन्य जाब्ता मौजूद रहे। पूर्व में भी आबकारी विभाग द्वारा डेरना एवं वासडा में नकली होलोग्राम वाली मदिरा पर कार्रवाई की गई थी।

# 'खेलों से होता है शारीरिक विकास, खेलना चाहिए खेल भावना से'

## » लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए पांच मुकाबले

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अरविंद पैवेलियन में चल रही संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को पांच मुकाबले हुए। रविवार को दो सेमीफाइनल एवं मेगा फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन कमेटी के संरक्षक प्रकाश बी माली ने बताया मुख्य अतिथि एडवोकेट एमडी माली एवं जगदीश एम माली नर्सरी के आतिथ्य में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। एडवोकेट माली ने कहा कि खेलों से समाज का विकास होता है और खेलों से समाज मे एक दूसरे युवाओं का जुड़ाव बढ़ता है। खेलों से शारीरिक विकास होता है। ऐसे में खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि नई ऊर्जा के साथ तैयारी करना चाहिए जिससे आगामी प्रयासों में सफल होने की ऊर्जा तैयार होती है।



### इन्होंने दिखाया दम

आयोजन कमेटी के अध्यक्ष जयंतिलाल माली ने बताया कि पहला मैच गोयली स्टार बनाम आबूगोड के बीच खेला गया। जिसमें गोयली स्टार ने 4 विकेट से जीत दर्ज करवाई। इसमें गोपाल माली मैन ऑफद मैच रहे। पहला क्वाटर फाइनल मैच सचियाव माता जावाल बनाम चामुंडा 11 मंडार के बीच हुआ। जिसमें सचियाव माता की टीम 3 विकेट से जीती। इसमें अमृत माली मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा क्वाटर फाइन मैच वीर वॉरियर्स सिरोही बनाम सांवरिया सेठ 11 के बीच हुआ। जिसमे सांवरिया सेठ 8 विकेट से जीता। इसमें जिग्नेश सैनी मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा क्वाटर फाइनल मैच रॉयल क्लब पिण्डवाड़ा एवं झाड़ोली के बीच खेला गया। जिसमें झाड़ोली कैपिटल 3 विकेट से जीता तथा सागर सोंलकी मैन ऑफ द मैच रहे। चौथा क्वाटर फाइनल मैच सुंधा क्रिकेट क्लब सिरोही बनाम स्टार गोयली के बीच हुआ। जिसमे सुंधा क्रिकेट क्लब 42 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच अश्विन माली रहे।

### समापन समारोह में यह रहेंगे अतिथि

आयोजन कमेटी के सचिव दिनेश माली ने बताया की समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य पुखराज गहलोत, अध्यक्षता आरजेएस सुश्री शिवानी सोलंकी, अजय गहलोत, रणछोड़ भाई, जगदीश माली, विशिष्ट अतिथि शांतिलाल माली चेन्नई, आनंद माली, गेनाराम माली, चंपत माली, मोटाराम माली, सुरेश माली हैदराबाद, मीठालाल माली, मोहन बी माली, धनराज माली, हीराभाई माली, चम्पत माली, मगाराम माली, शांतिलाल बी माली, आदाराम माली, जगदीश वी माली, पंकज भाई माली, जोधराज माली, डायालाल माली, छगनलाल माली, भंवरलाल, भरत कुमार, कानाराम, मुकेश माली, हितेश माली, जगदीश भाई माली आदि उपस्थित रहेंगे।

## शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सार्दुलपुरा निवासी प्रवीणनाथ गोस्वामी ने शनिवार को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर दी सिरोही सैंट्रल कॉ ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया कि दी सिरोही सैन्ट्रल कॉ बैंक लिमिटेड के पूर्व स्टेनों के पद पर कार्यरत उमाशंकर दवे को एसीबी ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। इसके बाद एसीबी के एक पत्र के अनुसार दवे को सेवा से बर्खास्त कर ब्यरो मुख्यालय को अवगत करवाने के लिए लिखा गया। लेकिन, आज दिन तक दवे सेवा से बर्खास्त नहीं किया गया। ठीक उसके विपरीत विभाग द्वारा दवे को पद्दोन्नति दी गई जो कि वर्तमान में सिरोही बैंक शाखा का शाखा प्रबंधक पद पर कार्यरत है। गोस्वामी ने बताया कि इस समस्या को लेकर प्रबन्धक निदेशक व जिला प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन न तो दवे के खिलाफ कार्रवाई की गई और न ही पत्रों का जवाब दिया गया। दवे पांच माह बाद सेवानिवृत हो रहे है। ऐसे में उनके परिलाभों को रोका जाए।



## शिविर में 54 रोगियों की जांच

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड**। जनजातीय स्वास्थ्य एवंअनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में नांदिया में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 54 मरीजों की जांच की गई।

# राज्यसभा सांसद डांगी का मनाया जन्मदिन

## » जरुरतमंदों को वस्त्र व कंबल का किया वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विकलांग, विधवा महिलाओं, असहायों व जरूरतमंदों को शॉल, कंबल, साड़ी, स्वेटर वितरित किए गए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोशी के मागदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश मेघवाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान के अनुसार नगर कांग्रेस कार्यालय के बाहर आयोजित कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेपीसिंह सैनी समाज अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, सुमित जोशी, मेघवाल, दिलावर पठान, अमराराम गरासिया, नारायणलाल प्रजापत, हीरसिंह ने कहा कि सांसद डांगी ने सभी को अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष डांगी को बधाई प्रेषित करते हुए जरुरतमंद बालिका से केक कटवाया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक लोगों को कंबल, स्वेटर, साड़ी व कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर सेवादल अध्यक्ष जसाराम बोस, पार्षद अंजली जोशी, सुमित जोशी, सुनील खोत, हुसैन मोहम्मद, हैदर पठान, राहुल बारोट, गौरव परिहार, लक्ष्मीकांत चौहान, ओबीसी प्रकोष्ठ के दलपत प्रजापत, अब्दुल कयूम, रणवीरसिंह राठौड़, विप्र समाज के सत्यनारायण शर्मा, हस्तु मीणा, कपिल चौहान, उप प्रधान और जिला प्रवक्ता ललितसिंह सांखला, वनजी महाराज, नन्हे खान, दलाराम जोगसन, मोहम्मद असलम, मूलाराम कालबेलिया, अभिनवसिंह आदि मौजूद थे।



ब्लॉक कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का जन्म दिन मानपुर के ज्ञानदीप भवन में मनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान लीलाराम गरासिया, ब्लॉक के कांग्रेस जनप्रतिनिधि,अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीडियो कॉल कर डांगी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डांगी के जल्द स्वस्थ होने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। सभी ने मिलकर केक काट काटा। सरकारी अस्पताल में मरीज को फल-फ्रूट वितरित किए गए। गौशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश गहलोत, कीर्ति कच्छावा, सागरमल अग्रवाल, ओबीसी जिला अध्यक्ष, प्रदेश सचिव अजय बंजारा, सरगरा समाज प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना परमार, धोबी समाज प्रदेश अध्यक्ष नवीन सांखला, सुनील एडवोकेट, हीरसिंह इंदा, गोविंद अग्रवाल, एससी ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल भाटी, मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम गरासिया, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश बंजारा, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पूजा राणा, युवा सेवादल जिलाध्यक्ष कपूरचंद मेघवाल, गोपाल शर्मा, बीके शकुंतला देवी, जोधासिंह, डॉ. शेर मोहम्मद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।



**तलहटी।** राज्य सभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन जेके बैक टू हेल्थ फिजियोथेरापी क्लीनिक पर ओबीसी विभाग नगर अध्यक्ष डॉ शेर मोहम्मद के नेतृत्व में प्रधान लीलाराम गरासीया, ओबीसी जिलाध्यक्ष भवनीश बारोट की मौजूदगी में जांच की गई। प्रधान गरासीया ने गायों को हरा चारा व गुड खिलाकर राज्य सभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन मनाया। डॉ शेर मोहम्मद ने बताया कि क्लीनिक पर 25 मरिजों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की गई। उपाध्यक्ष अमर आचार्य, डॉ डिम्पल, फैयाज, खुश्बू, अतरसिंह, विवके तेजवानी सहित मौजूद रहें।



**मंडार।** भटाना में कांग्रेस राज्यसभा सांसद डांगी के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित किए। सरपंच भवानीसिंह भटाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को फल वितरित कर एवं मामाजी मंदिर में पौधरोपण किया।



**रेवदर।** राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का 55वा जन्मदिन गौ-सेवा संकल्प दिवस एवं हेल्पिंग डे के रूप में मनाया गया। सरेसी गोशाला में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हिमपालसिंह देवल के नेतृत्व में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर पौधरोपण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवदर में मरीजों को फल वितरण एवं क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। जिला उपाध्यक्ष देवल ने बताया कि क्षेत्र में नीरज डांगी के जन्मदिन के अवसर पर गौशालाओं में चारा वितरण एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मनाया जा रहा है। जिला महासचिव लाखाराम चौधरी, मजहर हुसैन, खंगार मेघवाल, मार्केटिंग के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, देवाराम पुरोहित, लक्ष्मणसिंह, पुनमचंद पुरोहित, मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल कोली, पिंटू मेघवाल, पूर्व सरपंच गुलाबसिंह देवड़ा, भवानीदान करोटी, नारायण प्रजापत, शैलेन्द्रसिंह भाटी, विनोदसिंह सोलंकी, दिनेश माली, सनी अग्रवाल, सरफराज खान, रविन्द्रसिंह, जैसाराम मेघवाल, दलपतसिंह भैरूगढ़, गोविन्दसिंह, बाबूराम मेघवाल, रतन मेघवाल, जयंती मेघवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एनएसएस शिविर में की स्वास्थ्य जांच पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन शनिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) व राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वावधान में अहिल्या बाई होलकर के 300वें जन्मदिवस के अवसर पर संगोष्ठी मुख्य अतिथि अभिषेक पुरोहित की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो अजय शर्मा ने किया पुरोहित का स्वागत किया। इसके बाद पुरोहित ने अहिल्या बाई होलकर पर एक प्रेरणादायक और गहन भाषण दिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की जिलाध्यक्ष प्रो रूचि पुरोहित, जिला सचिव खेमराज चौधरी और इकाई सचिव वीरेंद्रसिंह गुर्जर उपस्थित रहे। डॉ. गौरव गहोई आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी शिविर में उपस्थित हुए। उनका स्वागत भी प्राचार्य ने उपहार और माला देकर किया। डॉ. गौरव ने आयुर्वेद के महत्व और बिना दवाई के कैसे हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ रख सकते हैं, इस पर गहरा भाषण दिया। उन्होंने बताया कि योग, ध्यान, पानी, आहार, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना शरीर की इम्यूनिटी पावर को बढ़ाने में सहायक होता है। दूसरे सत्र में डिस्कॉम के कार्यकारी अभियंता इंदरदान चारण ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के हर वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे प्राप्त करने के लिए छात्रों को पूरी ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। चारण ने छात्रों को भारत सरकार की पीएम सौर घर परियोजना के वित्तीय लाभों की जानकारी दी।

## घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** कस्बे में चाय की थडियों से लेकर नाश्ते की लॉरी और रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग होता देखा जा सकता है। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करना गैरकानूनी है। ज्ञात हो कि सरकारी व्यवस्था के तहत 5 किलो एवं 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। जो घरेलू कनेक्शन वाले लोगों को उपलब्ध होता है। वही 19 किलो वाला गैस सिलेंडर व्यावसायिक सिलेंडर है। इस पर किसी भी तरह की सब्सिडी देय नहीं है। व्यावसायिक उपयोग में 19 किलो वाले सिलेंडर से काम लिया जाना है। लेकिन घरेलू गैस की तुलना में कीमत अधिक रहने के कारण चाय-नाश्ता, फास्ट फूड, रेस्टोरेंट वाले व्यावसायिक सिलेंडर की बजाय घरेलू गैस सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं। जो गैर कानूनी है।

## एक शाम कान्हा के नाम भजन संध्या आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में एक शाम भगवान कृष्ण के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक लालदास महाराज, प्रियांशी के मुखारविंद से राग गौरी, राग यमन कल्याण, चारु केशी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। मुरादाबाद के जीव दया प्रेमी नरेश भटनागर, अनुभा अग्रवाल आगरा, कुमुद जोशी मुंबई, धनदास वैष्णव एवं मांगीलाल कलबी का गोमुख वशिष्ठ आश्रम के महंत संकादिक शरण महाराज एवं श्याम सुंदर महाराज ने सम्मान किया। मंच संचालक लक्ष्मणसिंह गुजराल ने किया गया। मनीष, जगदीश, कल्पेश, अनिलजी सक्सेना, संध्या सक्सेना, राकेश भटनागर, उमेशदत्त सक्सेना, रचना सक्सेना, बिजयकुमार दास, बसंती दास, विमल कुमार शाह, ममता शाह, अभिनव, योगेश भटनागर, कलश शर्मा, वंदना अग्रवाल, दिशिता अग्रवाल, जितेन्द्र शाह सहित सहयोग रहा।



# इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** कस्बे के सब डिवीजन में डिस्कॉम कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण की मांग पूरी नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताई गई। मीटिंग के दौरान इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि 25 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भी बिजली कर्मचारियों को स्थानांतरण में शिथिलता नहीं दी गई है। जिसके कारण हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहे है। मीणा ने बताया कि बिजली कर्मचारी निगम को तो बेहतर दे रहे है। लेकिन, वहीं स्वयं के परिवार को समय नहीं दे पाने के कारण टूटने से नहीं बचा पा रहे है। ऐसे में सरकार को हजारों परिवारों की भावनाओं को देखने हुए इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति शीघ्र ही लागू करनी चाहिए। सतीश मीणा ने बताया कि यदि इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति लागू होती है तो कर्मचारी अपने गृह जिले में रहते हुए निगम सेवाओं के साथ साथ अपने पारिवारिक व सामाजिक कर्तव्यों को भी निभा सकता है। महेश मीणा ने बताया कि इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण के लिए सरकार के विधायकों एवं मंत्रियों द्वारा भी लैटर जारी करके सरकार को अवगत करवाया गया है। ऐसे में इसका समाधान जरूर होना चाहिए। नरसीलाल मीणा, ब्रह्मदेव सोयल, जयसिंह मीणा, तेजराम गुर्जर, राजेश मीणा, दौलत मीणा ने भी अपने विचार रखे। संजय प्रजापत, कानाराम, गणेशराम, मनोहर, दिनेश, हेमराज, रामकेश, प्रहलाद, गिर्राज, अंकित, बलवंत, दिनेश गुर्जर, गजानंद, हेमराज बैरवा, यशवंत, नाथूसिंह एवं बाबूलाल अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# वैदिक मंत्रों से होता है आध्यात्मिक चेतना का विकास : अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी

## नवनिर्मित गुरुकुल विद्यालय का किया निरीक्षण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चारभुजा।** के कसार में बनने जा रहे सनातन वैदिक संस्थान के तत्वावधान में बनने जा रहा वेद विद्यालय गुरुकुल आश्रम स्थल पर पंडितों के सानिध्य में शनिवार को हवन यज्ञ के साथ मंत्रोच्चा हुआ। जहां ज्ञानशाला में सूरजकुंड के महंत अवधेश चैतन्य महाराज ने यज्ञ हवन का शुभारंभ करवा कर यज्ञ शाला की परिक्रमा की। इसके बाद सनातन वैदिक संस्थान के अधीनस्थ पंडितों की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें बौद्धिक प्रवचन हुआ। अवधेश चैतन्य महाराज ने कहा कि वेद वाणी व मंत्रोच्चार से होता है आध्यात्मिक चेतना का संचार। संस्था विगत कई वर्षों से वेद भवन बनाने के लिए तत्पर थी मगर कार्य में कई बाधा आ रही थी।वही अब समय आ गया है। संघर्ष व श्रम से ही निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि कसार की वादियां, प्राकृतिक सौंदर्यता, निर्मल वातावरण गुरुकुल आश्रम के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी से कहा कि इस बार मई व जून में लगने वाला शिविर इस निर्माणा धीन भूमि पर संपन्न हो। सनातन वैदिक संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी ने बताया कि 24 वर्षों का प्रयास सफल होने का श्रेय बटुकों के अभिभावक, समाजसेवी व भामाशाहों को जाता है जिन्होंने वेद पाठशाला के लिए संस्थान को अंशदान देकर वेद पाठशाला के निर्माण में लगे हुए हैं। वही दो दिन पंडितों के सम्मेलन में भी वेद पाठशाला की योजनाएं व रूपरेखा तय की जाएगी। गुरुकुल वेद विद्यालय की भूमि पर वर्तमान में 16 कमरे, हॉल, भोजशाला व यज्ञशाला का निर्माण किया जा रहा है। जहां शनिवार को भी दूर दराज से संतो के दर्शन व आशीर्वाद लेने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओ के आने का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा।वही साधु संतो के लिए पौराणिक काल घासफूस की झोपड़ियां बनाई गई है। निर्माणाधीन गुरुकुल भूमि का निरीक्षण किया गया जिनमें फतहचंद सामसुखा, हरकचंद मंत्री, मोहन प्रजापत, संजय पालीवाल, हरिभागवान बंग, सत्यनारायण तोषनीवाल, अशोक बाल्दी,नरेश तेली, सत्यनारायण बहेडिया, हेमराज तेली, बाबूलाल कोठारी, शिवराज सिंह सोलंकी, 24 श्रेणी पालीवाल समाज के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार पालीवाल, डॉक्टर लोकेश शर्मा, आदि सम्मिलित थे। इस दौरान सरपंच विकास दवे, संस्थान के महामंत्री पंडित जितेंद्र शर्मा, देव प्रकाश पालीवाल, योगेश त्रिवेदी, गोविंद पालीवाल, प्रशांत व्यास,भरत पानेरी, शशीकांत दीक्षित, मनोज शर्मा, निलेश पालीवाल, मांगीलाल शर्मा दुर्गा शंकर द्विवेदी,मयंक शर्मा, गौतम दवे, वरुण दवे सहित कई वैदिक विद्वान उपस्थित थे।

# डीडवाना-कुचामन जिले में विकास की नई पहल

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना कुचामन जिला कलेक्टर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट में डीडवाना-कुचामन जिले के निवेशकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार, जिले में 6 नए स्थानों पर रीको औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए भूमि चिन्हित की गई है।

चिन्हित हुए स्थान: **कुचामन:** गांव मांगलोदी, खसरा नंबर 49, रकबा 16.30 हेक्टेयर कुचामन: गांव सरगोठ, खसरा नंबर 1155, 1161, 1164, रकबा 22.84 हेक्टेयर। **नावा :** गांव खाखड़की, खसरा नंबर 766/438, रकबा 167.08 हेक्टेयर। **डीडवाना :** गांव बालिया, खसरा नंबर 288, 286, रकबा 71.05 हेक्टेयर। **परबतसर :** गांव पालड़ी कड़वा, खसरा नंबर 214, 440, रकबा 13.19 हेक्टेयर। **परबतसर :** गांव भकरी मौलास, खसरा नंबर 1085/1081, रकबा 39.27 हेक्टेयर रीको मुख्यालय ने स्थल चयन समिति का गठन किया है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, उपखंड अधिकारी, महाप्रबंधक (जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र), और वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (रीको) सदस्य होंगे। यह समिति 15 और 16 जनवरी 2025 को इन स्थलों का निरीक्षण करेगी और अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेगी। रीको मुख्यालय ने स्थल चयन समिति का गठन किया है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, उपखंड अधिकारी, महाप्रबंधक (जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र), और वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (रीको) सदस्य होंगे। यह समिति 15 और 16 जनवरी 2025 को इन स्थलों का निरीक्षण करेगी और अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेगी। नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से अनुमानित 6000 करोड़ रुपये का निवेश और 20,000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। जिले में वर्तमान में केवल 5 औद्योगिक क्षेत्र हैं, जबकि जिला कलक्टर के कार्यकाल में 6 नए औद्योगिक क्षेत्रों का प्रस्ताव किया गया है, जो जिले की औद्योगिक वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीटीओ ने फिटनेस सेंटर का किया निराक्षण, लगाए रिफ्लेक्टर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने फिटनेस सेंटर में निरीक्षण किया। डॉ. शर्मा ने फिटनेस के लिए आए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दिया। उन्होंने फिटनेस सेंटर के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फिटनेस के लिए आने वाले वाहनों में यदि रिफ्लेक्टर टेप न हो तो उन्हें आवश्यक रूप से टेप लगाकर फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किया जाए। डॉ. शर्मा ने फिटनेस सेंटर के प्रभारी राजेश कुमार, युवराजसिंह चुण्डावत, प्रेम कुमार सैनी और अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ताकि सड़क पर हादसों से बचाव किया जा सके और सुरक्षित यात्रा की जा सके।

### गौमाता सनातन वैदिक धर्म का मूल तत्व : अवधेश चैतन्य



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** सनातन वैदिक गुरुकुल चारभुजा कसार में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए गोध्वज की स्थापना की गई। राजसमंद लोकसभा गो प्रवक्ता राव दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए पूरे भारत में गौ ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस सूरज कुंड धाम के अवधेश चैतन्य महाराज, गौ सरपंच देवपुरा किशन पंवार, सनातन वैदिक संस्थान के अध्यक्ष उमेश द्वीवेदी, लालसिंह, लहरीलाल देवड़ा, शंकर सुथार, धर्मेश सुथार, रमेशदास, रमेश, दीपाराम, गोटु तेली, हरिराम सहित कई गौभक्त उपस्थित रहे। गुरुदेव ने कहा कि गो सेवा से ही राष्ट्र का कल्याण संभव है। गोमाता राष्ट्र की माता है और उसे मां का दर्जा मिलना चाहिए। गौमाता का संरक्षण व संवर्धन होना ही चाहिए। गौमाता का जब तक रक्त भारत भूमि पर पड़ता रहेगा तक तक कोई हवन, अनुष्ठान सफल व परिपूर्ण नही हो सकता। सभी की मौजूदगी में गोध्वज की स्थापना की गई। गोसरपंच पंवार ने गोमाता को राष्ट्र माता गो प्रतिष्ठा आंदोलन के निमित पूरी जानकारी दी।

# डॉक्टर सना देवड़ा की नियमित चिकित्सा सेवाओं की औपचारिक शुरुआत के लिए स्वागत




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शहर की चिकित्सा सेवाओं में शुक्रवार को उस वक्त एक और आयाम जुड़ गया जब स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सना देवड़ा की नियमित चिकित्सा सेवाओं की शहर में औपचारिक शुरुआत हुई। गौरतलब है कि डॉक्टर सना देवड़ा कुचामन शहर के राजकीय जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इशाक देवड़ा की पुत्र वधू है। डॉक्टर सना देवड़ा एसएमएस जनाना अस्पताल जयपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सीनियर रेज़िडेंसी महिला अस्पताल जयपुर से भी प्रशिक्षण हासिल कर वहां भी चिकित्सा सेवाएं दे चुकी हैं। डॉक्टर सना देवड़ा निसंतानता, प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात आने वाली समस्याओं, सिजेरियन डिलीवरी एवं महिलाओं से संबंधित सभी बीमारियों के इलाज करने मे दक्षता प्राप्त हैं। डॉक्टर इशाक देवड़ा ने बताया की शुक्रवार को चिकित्सा केंद्र की शुरुआत के पहले दिन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सना देवड़ा ने आने वाले सभी महिला मरीजों को अपनी चिकित्सा सेवाएं निशुल्क दी। कुचामन सिटी में अपने चिकित्सा केंद्र की शुरुआत से पहले डॉक्टर सना देवड़ा ने कुचामन क्षेत्र के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों पीएमओ डॉक्टर वीके गुप्ता, डॉक्टर कल्पना जैन गुप्ता, डॉक्टर शकील राव, डॉक्टर सलीम राव, डॉक्टर प्रहलाद बाजिया, डॉक्टर लुकमान खान, डॉक्टर अनीता बाजिया, डॉक्टर रजनी गावड़िया, डॉक्टर ओपी बिशु सहित सभी चिकित्सकों से मिलकर उनसे आशीर्वाद लिया। वरिष्ठ चिकित्सकों ने दुआएं देने के साथ बड़े शहरों में चिकित्सा सेवाएं के बाद कस्बों में चिकित्सा सेवाएं देने के दौरान आने वाली चुनौतियों और लंबे समय तक चिकित्सा क्षेत्र में सफलताएं अर्जित कैसे करें। इस बारे में डॉक्टर सना देवड़ा को जानकारियां दी।

# खाने के रुपए को लेकर होटल में की तोड़फोड़



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन के स्टेशन रोड़ स्थित एक होटल में शुक्रवार रात करीब 9 बजे खाना खाने आए दो युवकों और एक युवती की होटल कर्मचारी से रुपए देने की बात को लेकर नोंकझोंक हो गई। मामला मारपीट और होटल में तोड़फोड़ तक पहुंच गया। होटल मालिक चेनाराम गुर्जर ने इस संबंध में पुलिस को लिखित रिपोर्ट सौंप आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जिसके आधार पर शनिवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रिपोर्ट में बताया कि होटल में खाना खाने आए दो युवकों और युवती ने खाना खाने के बाद पैसे देने से आनाकानी करने लगे और लड़ाई-झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान मामला इतना बढ़ गया कि युवकों ने अपने अन्य साथियों को यहां बुला लिया जो लाठी, सरियों से लैस होकर आए और होटल में जमकर तोड़फोड़ की। रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने गल्ले में रखे 25 हजार रुपए भी निकाल लिए और मालिक के गले से सोने के चेन भी तोड़ की। सूचना मिलने पर कुचामन पुलिस मौके पर पहुंची और 6 आरोपियों को पकड़कर थाने ले गई जिन्हें शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। इधर शनिवार को गुर्जर समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इसके बाद डीडवाना रोड़ स्थित देवनारायण मंदिर में जाकर गुर्जर समाज के लोगों ने आगे की कार्रवाई के विचार-विमर्श किया।

### विधायक माहेश्वरी ने दिल्ली में चुनावी तैयारियों पर की बैठक



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आज दिल्ली के कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना और पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना था। माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली के मतदाता भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल का स्वागत करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को वर्तमान सरकार के काले कारनामों से अवगत कराएं।

# अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से शनिवार को अजमेर दरगाह के सालाना उर्स के मौके पर झुंझुनूं में भी अकीदतमंदों ने मोहल्लाह पीरजादगान में स्थित दरगाह तारकीन में अजमेर में प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती र.आ. के 813वें उर्स के मौके पर ख्वाजा साहब की शान में बाबा हुसामुद्दीन चिस्ती की मजार पर अकीदत के फूल पेशकर देश में अमन, चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि अजमेर दरगाह में उर्स पर ख्वाजा साहब के प्रति अपनी आस्था को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास चादर भेजकर देशभर के मुसलमानों का बड़ा सम्मान किया है। मोर्चा जिलाध्यक्ष चौहान ने बताया कि अजमेर दरगाह को लेकर विपक्ष मुस्लिम समुदाय को पीएम मोदी के प्रति अनर्गल बयानबाजी कर गुमराह कर रहा था। परंतु विपक्ष की सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए पीएम मोदी ने अजमेर दरगाह में बड़ी शान और शौकत के साथ 11वीं बार चादर पेश कर कौमी एकता व भाईचारे का संदेश दिया।

# भारत का पहला विश्व शांति केंद्र का उद्घाटन दो मार्च को, हरियाणा के मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा क्षेत्र के जन्मे जाए संत आचार्य लोकेश का संकल्प पूरा होने जा रहा है। उनकी पहल पर हरियाणा के गुरुग्राम में ऐसा संस्थान खड़ा हो रहा है। जो सदियों तक युवाओं को, समाज को लोगों को अच्छा संदेश देता रहेगा। यह संत की पहल का उद्घाटन दो मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री करेंगे। अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य लोकेश ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट कर अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा नव निर्मित भारत के पहले 'विश्व शांति केंद्र' के उद्घाटन समारोह की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विश्व शांति केंद्र के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि गुरुग्राम गुरुओं की धरती है जहां से विश्व कल्याण के कार्यक्रम आचार्य लोकेशजी के मार्गदर्शन में संचालित होंगे। विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश ने बताया कि सम्यक ज्ञान, दर्शन, चारित्र व तप रूपी चार स्तम्भों पर खड़ा सप्त मंजिली भवन का निर्माण अहिंसा विश्व भारती संस्था ने दो वर्ष में पूर्ण किया है इसके आर्किटेक्ट का दायित्व प्रसन्नराज के नेतृत्व में चेनई की डी आर्क डिजाइनर कम्पनी एवं निर्माण का दायित्व ओमवीर सिंह के नेतृत्व में एनबी कन्स्ट्रक्शन्स ने निभाया है। इस केन्द्र से विश्व भर में वसुधैव कुटुम्बकम, भारतीय संस्कृति व भगवान महावीर, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगीराज कृष्ण, भगवान बुद्ध, गुरु नानकदेव सहित सभी महापुरुषों के संदेश प्रसारित होंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में परिवर्तन उपदेश से नहीं प्रयोग व प्रशिक्षण से आता है। इसलिए इस केंद्र से अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय से तैयार किए गए अहिंसा प्रशिक्षण, शांति शिक्षा के पाठ्यक्रम, युवाओं के व्यक्तित्व विकास, बच्चों के संस्कार निर्माण, महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ ध्यान व योग के प्रायोगिक कार्यक्रम नियमित रूप से चलेंगे। जैनाचार्य लोकेश ने बताया कि इस अवसर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेवजी सहित अनेक महापुरुषों ने भाग लेने की स्वीकृति प्रदान कर रखी है। इस मौके पर विराट संत सम्मेलन का भी आयोजन होगा। गुरुग्राम के म्यूनिसिपल कमिश्नर अशोक ने पिछले दिनों केन्द्र का अवलोकन किया एवं आचार्य लोकेशजी व अहिंसा विश्व भारती के कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम से संबंधित जानकारी ली।

### मोरारका कॉलेज में विद्यार्थियों ने शतरंज और कैरम में भाग लिया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय पीजी महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने किया। जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने की। खेल प्रभारी डॉ. धर्मवीर जानूं ने बताया कि मोरारका कॉलेज झुंझुनूं में दो से चार जनवरी के मध्य आयोजित अंतर संकाय खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन शतरंज और कैरम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज में महिला वर्ग में उमेश विजेता और समीक्षा उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में दिव्यांशु सोनी विजेता और रिशव उप विजेता रहे। कैरम महिला वर्ग में कोपल शर्मा विजेता और लक्की उप विजेता रही। पुरुष वर्ग में अजीम सैनी विजेता और रामचंद्र उप विजेता रहे। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने सभी विजेता खिलाड़ियों को आगे बढ़ते रहने के रूप में प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मानसिंह, प्रो. डॉ. मंजू चौधरी, रतनसिंह, उदयसिंह, सुरेश जानूं, डॉ. वेदप्रकाश, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास मील, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा डूडी आदि उपस्थित रहे।

# शाला दर्पण पोर्टल का यूआरएल एड्रेस बदला, दो दिन अपडेशन के बाद बीएड इंटर्नशिप आवेदन शुरू

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शिक्षा विभाग के लिए अहम खबर है। विभागीय कार्यों के लिए उपयोगी शाला दर्पण पोर्टल का यूआरएल एड्रेस अब बदल दिया गया है। पहले जिस पोर्टल को एनआईसी डेटा सेंटर की ओर से संचालित किया जा रहा था अब यह भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर यानी बीएसडीसी झालाना के द्वारा संचालित किया जाएगा। अब यह पोर्टल https:/rajshaladarpan.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जबकि इससे पहले यह https:/rajshaladarpan.nic.in था। इसके साथ ही बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के आवेदन भी शनिवार से सुचारू रूप से शुरू हो गए है। जबकि इससे पहले यह एक जनवरी से शुरू होने थे लेकिन शाला दर्पण पोर्टल पर दो व तीन जनवरी को अपडेशन का काम चल रहा था जो शुक्रवार को पूरा होने के साथ नए पोर्टल एड्रेस के साथ शनिवार से शुरू हो गया है।

**यह काम होते हैं शाला दर्पण पोर्टल पर :** शिक्षा विभाग के शाला दर्पण पोर्टल पर सामान्य कार्यों के अलावा लगभग पांच लाख शिक्षकों की एपीआर भरने का काम होता है। इसके अलावा 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति योजनाएं, दो लाख बीएड- बीएसटीसी विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए स्कूल आवंटन का काम, पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा के आवेदन, अंकतालिका, जिला एवं ब्लॉक स्तर की रैंकिंग, शिक्षकों के तबादले, प्रतिनियुक्ति, भर्ती प्रक्रियाएं, दस्तावेज सत्यापन, जिला संभाग आवंटन, काउंसलिंग एवं नियुक्ति आदेश जैसे कार्य किए जाते हैं।




**बीएड फर्स्ट ईयर इंटर्नशिप आवेदन शुरू :** प्रदेश के समस्त बीएड कॉलेजों के प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों की इंटर्नशिप के लिए प्रथम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो दिन अपडेशन का काम चलने पर यह पोर्टल शनिवार से सुचारू ढंग से काम करना प्रारंभ कर दिया है। अभ्यर्थी 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जबकि 15 से 20 जनवरी के बीच इन अभ्यर्थियों को स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी को दस दिन में आवंटित स्कूल में कार्यग्रहण करना होगा। किसी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अभ्यर्थी दस दिनों के भीतर संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय में अपनी परिवेदना दर्ज करवा सकते हैं। गठित समिति इसका निस्तारण करेगी। दूसरे चरण के आवेदन एक से सात मार्च तक होंगे। जबकि 8 से 13 मार्च तक स्कूल आवंटन होगा।

**इनका कहना है...**

विभागीय समय सारिणी के अनुसार दस जनवरी तक बीएड फर्स्ट ईयर के अभ्यर्थी इंटर्नशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 15 से 20 जनवरी के बीच स्कूलों का आवंटन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अभ्यर्थी मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय में अपनी परिवेदना दर्ज करवा सकते हैं।

**— मनोज कुमार ढ़ाका, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) झुंझुनूं**

### 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की बैठक आज

**झुंझुनूं।** 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को होगी। संघर्ष समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे हाईटेंशन लाइन से प्रभावित खेतों के नवलगढ़ ब्लॉक के प्रत्येक गांवों के दो—दो प्रतिनिधियों की सामूहिक बैठक जेजूसर के ठाकुर जी की बगीची में होगी। जिसमें इस आंदोलन को ओर तेज करने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही देवगांव सहित नवलगढ़ ब्लॉक में डाली गई गैस पाइपलाइन से प्रभावित किसानों की जामबंदियों में बिना किसान को सूचना के प्रशासन द्वारा कंपनियों के नाम से लगाए गए स्टे नोट को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। सरकार बैक डोर से कंपनियों के साथ मिलकर किसानों का हक कंपनियों के नाम दर्ज कर रहा है। इसको लेकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। अन्य तहसीलों के जिम्मेदार साथी भी जल्द अपने अपने ब्लॉक की बैठक बुलाकर कोर कमेटी बनाकर आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाएंगे।

# पाली : इस साल मिलेगी नए अस्पताल की सौगात

## 380 बेड का बन रहा अस्पताल, गंभीर मरीजों को 50 बेड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में 32 बीघा क्षेत्रफल में बन रहे छह मंजिला 380 बेड के सरकारी अस्पताल का काम अपने अंतिम चरण में है। वर्ष 2025 में शहरवासियों को नए अस्पताल की सुविधा मिलने शुरू हो जाएगी। इस अस्पताल में सुपर स्पेशिएलिटी सुविधाएं होंगी।

पाली शहर के सुमेरपुर रोड पर रामासिया गांव मेडिकल कॉलेज के पास राजमेस 32 बीघा में 380 बेड का छह मंजिला नया अस्पताल बन रहा है। राजमेस पहले चार मंजिला अस्पताल बना रहा था जिसके लिए 190 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया था। बाद में 35 करोड़ रुपए का अलग से बजट स्वीकृत किया है। इस भवन को छह मंजिला किया गया।

गंभीर मरीजों के लिए अलग से होगी यूनिट अस्पताल में दो मंजिलों में 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किया जाएगा। भवन में सुपर स्पेशलिटी में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी और गेस्ट्रोलॉजी की सुविधा अलग से शुरू होगी।

बता दें कि जनवरी 2023 में इस नए अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। जिसका काम इस वर्ष में पूरा होगा। एक हजार मरीजों के बैठने के लिए बनेगा हॉल शहर से छह कि.मी दूर मेडिकल कॉलेज के पास 380 बेड का नया अस्पताल बनने के बाद बांगड़ अस्पताल में गायनिक और पीडियाट्रिक विभाग यथावत रहेंगे।

इसके अलावा शहर के मरीजों के लिए जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक, ईएनटी, दंत रोग विभाग की एक-एक यूनिट यहां यथावत रहेगी। मरीजों



के बैठने के लिए इस नए अस्पताल में एक हजार की क्षमता का सभागार तैयार करवाया गया है।

यह रहेगी अस्पताल की व्यवस्था ग्राउंड फ्लोर पर मेडिसिन, सर्जरी, ऑप्थोमलोजी, ऑर्थोपेडिक विभाग की ओपीडी पहले फ्लोर पर सुपर स्पेशियलिटी, माइक्रोबायलॉजी, पैथोलॉजी व बायो कैमिस्ट्री लेब और ड्रग स्टोर दूसरे व तीसरे फ्लोर पर मेडिसिन, सर्जरी, ऑप्थोमलोजी, ऑर्थोपेडिक होंगे। चौथे फ्लोर पर सर्जरी, कॉर्डियो, ईएनटी, ऑर्थो सहित सभी ऑपरेशन थिएटर होंगे। पांचवे और छठे फ्लोर पर 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट होगी। हर बेड पर एक नर्सिंग कर्मी की नियुक्ति की जाएगी, जो तीन-तीन घंटे की शिफ्ट में काम करेंगे। हर बेड को अत्याधुनिक क्लीनिकल इक्यूपमेंट से लैस किया जाएगा। अब कार्डियो, न्यूरो, यूरो व गेस्ट्रो की सुविधा मरीजों को नए मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध होगी। इसके लिए नए हॉस्पिटल में मिलेगी। हर विभाग के लिए अलग-अलग ओटी तैयार करवाई गई है। क्रिटिकल केयर के लिए अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में अलग से सुविधा शुरू की गई थी, लेकिन नए अस्पताल में पूर्ण सुविधा युक्त यूनिट तैयार होगी।

# भद्रेश्वर महादेव मंदिर का गुंबद आधा जलमग्न

## 11वीं सदी में बना था



फोटो- लक्ष्मण पारंगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमरेपुर।** पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा जवाई बांध रियासतकाल के साथ धर्म संस्कृति से भी जुड़ा है। जवाई के कैचमेंट में दूदनी गांव के पास 11वीं सदी में बना भद्रेश्वर महादेव मंदिर लगातार कई सालों से मिट्टी में समा रहा है।

प्रतिवर्ष बारिश के पानी के साथ आ रही मिट्टी से हर साल आधा इंच तक यह मंदिर भूमि में समा रहा है। दुसरी पाण का पानी दिया जा चुका हैं। मंदिर का गुंबद अभी भी आधा जलमग्न हैं। बताया जाता हैं कि यहां पर 11वीं सदी में पांडवों ने यहां मुंडन किया था। मंदिर आधा जलमग्न होने पर 52 फीट पहुंच जाता है जवाई का गेज व पूरा जलमग्न होने पर 61 फीट, ऐसे ही जवाई के गेज का अनुमान लगाते हैं।

# पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

**पाली।** पाली में एक 28 साल के युवक ने घर में पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त मृतक की मां घर में ही काम कर रही थी। कुछ काम को लेकर उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो युवक फंदे पर झूल रहा था। पुलिस के अनुसार पाली शहर मंडिया रोड मार्ग पर अपने मकान में 28 साल के सुनिल पुत्र जगदीश मेघवाल ने पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर शुक्रवार को जान दे दी। घटना को लेकर मृतक की मां ने बताया कि सुनिल फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी अपने पीहर आकोला (चितौड़) अपने दो साल के बेटे को लेकर गई थी। युवक उसे आपस लेने अपने ससुराल जाना चाहता था। इसको लेकर उसने अपनी मां से रुपए मांगे। मां ने रुपए नहीं होने की बात कही तो बहस करने लगा।

# देसूरी में लेपर्ड ने किया बकरी का शिकार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी के गुडा भोपसिंह जंगल से सटे खेतों में लेपर्ड का खतरा बढ़ता जा रहा है। शनिवार को घाणेराव में पुष्पेंद्र माली के खेत में एक लेपर्ड ने एक बकरी का शिकार किया और उसे पेड़ पर लटका दिया। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग से मांग की है कि वे जंगल के खेत में सुरक्षा के लिए कदम उठाएं, ताकि लेपर्ड के हमलों से बचा जा सके। कुछ महीने पहले भी घाणेराव के कीर्ति स्तंभ के पास बंद पड़े एक निजी अस्पताल की दीवार पर भी लेपर्ड आया था। करीब एक घंटे तक दीवार पर बैठा रहा था। कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य से सटे देसूरी क्षेत्र में लेपर्ड की बड़ी संख्या है। वह लगातार आबादी क्षेत्र में लैपर्ड का मूवमेंट हो रहा है।

# चामुंडेरी : मां बायोसा मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखंड के देव नगरी चामुंडेरी ग्राम में चमत्कारी श्री बायोसा माताजी के नवनिर्मित मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चामुंडेरी सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों के धर्म प्रेमियों में उत्साह है। चमत्कारी श्री बायोसा माताजी के उपासक रसाल भुआजी ने बताया कि मां चामुंडा माताजी एवं मां बायोसा माताजी के आशीर्वाद से बायोसा माताजी के नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर 29 जनवरी को भजन संध्या व विभिन्न चढ़ावे की बोलियां बोली जाएगी।

30 जनवरी को कलश यात्रा, हवन यज्ञ एवं शाम को भजन संध्या एवं मुख्य चढ़ावे की बोलियां बोली जाएगी। 31 जनवरी को प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं महाप्रसादी मां चामुंडा माताजी बायोसा माताजी एवं स्व. भोपीजी गेरी बाई व रशिया भुआजी के सानिध्य में प्रतिष्ठा का आयोजन



होगा। जिसमें सभी भक्तजन भामाशाह ग्रामीण तन मन धन से सहयोग प्रदान कर रहे है।

प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ठाकुर जी मंदिर में समस्त ग्रामवासियों की बैठक भी हुई। जिसमें सर्व सम्मती से ये फैसला लिया गया की बायोसा माताजी नवीन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य व सफल बनाने और साधु संतों अतिथियों को लेकर चर्चा भी हुई। ग्रामीणों व ग्राम विकास कमेटी ने भी प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों दानदाताओं भामाशाहों धर्म प्रेमियों से इस महोत्सव में बढ़ चढ़कर चढ़ावे की बोलियों का लाभ लेवे एवं यथा शक्ति सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया।

# विद्यालय में सौर ऊर्जा प्लांट तक चोरी कर ले गए चोर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली उपखंड के नाना थाना क्षेत्र के भंदर चामुंडेरी के निकट वीरमपुरा भागल स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की। वारदात में लाखों की सामग्री चोरी होने की जानकारी मिल रही है सूत्रों के अनुसार डेढ़ लाख रुपए की लागत से स्कूल में लगे सौर ऊर्जा प्लांट व करीबन 10000 की राशि की लागत का साउंड सेट व दान राशि से भरी अक्षय पेटी सहित विभिन्न सामान चोरी कर ले गए। वहीं विद्यालय के रिकॉर्ड की अलमारियां भी तोड़ी गई अन्य सामान चोरी की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसाराम मेघवाल जानकारी जुटा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसाराम मेघवालमय विभिन्न शिक्षक स्कूल पहुंचे तो विद्यालय का ताला टूटा मिला जहां चोरी की वारदात के बाद प्रधानाचार्य तुलसाराम मेघवाल ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नाना थाने के हेड कांस्टेबल परबत सिंह मय जाप्ता घटना स्थल पहुंचे। व चोरी स्थल का मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की। वहीं विद्यालय प्रांगण में चोरों द्वारा चोरी किया गया एक प्रिंटर वही फेक कर जाने पर विद्यालय में वापस प्रिंटर को लाया गया।

# नव नियुक्त डीआरयूसीसी सदस्य का बहुमान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान के सदस्य एवं अजमेर रेलवे मंडल द्वारा मनोनीत मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य श्याम अग्रवाल का सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान एवं अग्रवाल समाज सुमेरपुर द्वारा सामूहिक स्वागत अभिनंदन समारोह अग्रवाल समाज भवन सुमेरपुर में आयोजित किया गया।

रेलवे संस्थान सचिव अशोक आर. गहलोत ने बताया कि अजमेर मंडल के मनोनीत डीआरयूसीसी सदस्य श्याम अग्रवाल का सुमेरपुर रेल विकास संस्थान एवं अग्रवाल समाज सुमेरपुर द्वारा सामूहिक स्वागत अभिनंदन किया गया। संस्थान एवं समाज के प्रमुखजनों ने साफा व माला एवं अपर्णा पहनाकर सम्मान किया। रेलवे सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष अनिल शाह ने अपने उद्बोधन में जालोर-सिरोही सांसद



लूंबाराम चौधरी का आभार प्रकट किया। डीआरयूसीसी सदस्य अग्रवाल ने बताया कि जवाई बांध स्टेशन पर द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव एवं स्टेशन की अन्य प्रमुख समस्या को लेकर अजमेर मंडल प्रबंधक से चर्चा कर यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। अंत में अग्रवाल ने रेल विकास समिति एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पोपटलाल जैन, उपाध्यक्ष रमेश राठौड़, अनिल शाह, कोषाध्यक्ष राजेश जोशी, अग्रवाल समाज के सचिव विकास एमके अग्रवाल, उमेश गोयल, श्रवण अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश सिंहल, सह सचिव गिरीश शर्मा, कैलाश सेन, जोधराज देवड़ा, प्रकाश कुमावत, श्रवण राठी, फौजमल गेहलोत, विजय वैष्णव, गोविन्द राठौड़, लालचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश कुमावत, नेनमल सोनी, शांतिलाल परमार आदि मौजूद रहें।

# विशाल बैठक का आयोजन आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली जिला अस्पताल बने इस पर विचार विमर्श करने के लिए क्रांति मंच के तत्वावधान में एक विशाल बैठक पांच जनवरी रविवार को नगर के दक्षिणी मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में शाम चार बजे आयोजित की जाएगी। क्रांति मंच के संयोजक प्रवीण प्रजापति ने बताया कि बाली जिला अस्पताल बने इस चर्चा को लेकर विशाल बैठक में विस्तार से विचार विमर्श कर सुझाव दिए जाएंगे। बाली के जिला अस्पताल घोषित होने के बावजूद भी इसमें विकास की बहुत कमी है। आज भी इसमें सीटी स्कैन, एमआर आई, सोनोग्राफी, ब्लड बैंक सहित विभिन्न सुविधाओं का अभाव है। यहां आज भी 95 प्रतिशत कैस रेफर किए जाते है। शाम के बाद डिलीवरी के बहुत कम कैस लिए जाते है। इन सभी गंभीर विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। इस विशाल बैठक में क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, समस्त व्यापार मंडल, विभिन्न संगठन, वरिष्ठ नागरिक, पेंशनर समाज, किसान सहित नगर में प्रबुद्धजन व नागरिकों को भाग लेने का आह्वान किया।

# विकास अधिकारी मीणा को रोहट लगाने के आदेश

**देसूरी।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव प्रथम बृजेश कुमार चंदोलिया ने तीन जनवरी को ग्राम विकास अधिकारी रामकेश मीणा ग्राम पंचायत मादा पंचायत समिति देसूरी को तत्काल प्रभाव से पंचायत समिति रोहट लगाने एवं ग्राम विकास अधिकारी डायलाना कंला कालूराम मेघवाल को ग्राम पंचायत दादाई का अतिरिक्त चार्ज देते हुए लगाने की आदेश मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी जिला परिषद पाली को जारी किए हैं। साथ ही पालना रिपोर्ट आज ही आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किया है।

# 10वां प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**सांडेराव।** अखिल भारतीय मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल महासभा का राष्ट्रीय स्तरीय समाज का 10 वां प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह आज पांच जनवरी रविवार को प्राचीनतीर्थ श्री निंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शाह मेवाड़ा के नेतृत्व में सभी तरह की तैयारियां पूरी करते हुए एक विशाल शामियाना सजाया गया है। जिससे प्रतिभाशाली छात्र-छात्रओं को दिए जाने वाले लक्की ड्रॉ के ईनामों कों भी सजाया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शाह मेवाड़ा एवं उधोगपति राजुभाई पुना के साथ समाजबंधुओं ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तरीय 10 वें प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह में राज्य सहित देशभर से बड़ी संख्या में समाज बंधु पहुंचेंगे। मेवाड़ा समाज के राष्ट्रीय प्रचारक नटवर मेवाड़ा सांडेराव ने बताया कि निंबेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम की घोषणा होते ही समाज के युवा युक्तियों व समाज बंधुओं में काफी उत्साह माहौल बना हुआ हैं।

डायलाना खुर्द

# क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** टाइगर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भव्य रूप से संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में गांव और क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों में ओबीजी मोर्चा अध्यक्ष हेमंत गाड़ौना, सरपंच राजाराम सिरवी, शिक्षाविद टेकाराम, सुरेश भाटी, रवि प्रकाश, वार्ड पंच चंपालाल राठौड़, पीराराम देवासी, वीरम रामजी राठौड़, रमेश, श्रवण, महेंद्र सिंह, प्रवीण, दीपेंद्र सिंह, सुगन, और मुकेश शामिल थे।



## उद्घाटन मैच का परिणाम

पहला मैच जिजीवड़ और डायलाना B के बीच खेला गया। डायलाना B ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से इस मुकाबले में विजय प्राप्त की। खेल और समाज इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और समाज में खेल भावना और एकता को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने आयोजनकर्ताओं और खिलाड़ियों की सराहना की। आयोजक महेंद्र राठौड़ और हिम्मत रमैया ने बताया यह टूर्नामेंट स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में खेल के महत्व को बढ़ावा देने का बेहतरीन माध्यम है। समाज के सहयोग और ग्रामवासियों के उत्साह ने इस टूर्नामेंट को और भी खास बना दिया है।



# सुरक्षा माह अभियान के प्रति किया जागरूक, हेलमेट का बताया महत्व

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** सड़क सुरक्षा माह के अभियान के तहत पाली जिला मुख्यालय पर वाहन चालकों ओर आमजनता द्वारा ट्रैफिक पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा 36 वा इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। जहा ट्रैफिक प्रभारी सरिता विश्नोई ने लोगो को हेलमेट पहने,नियमों की जानकारियां दी गई,साथ वाहनों पर रिपलेक्टर लगाए गए।

# फालना गांव : मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** ग्राम पंचायत फालना गांव के आंगनवाड़ी केंद्र प्रथम पर मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्र दूध वितरण योजना का शुभारंभ सरपंच करण सिंह राजपुरोहित ने आंगनवाड़ी के नन्हे मुन्ने बालकों को अपने हाथों से दूध पिलाकर किया। इस योजना के अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को सप्ताह में तीन दिन रिकमड मिल्क पाउडर से दूध बनाकर पिलाया जाएगा। जिससे दूध पौष्टिक आहार के रूप में सेवन करने से बच्चों का उत्तम स्वास्थ्य रहेगा। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंगा मालवीय, दक्ष कंवर राजपुरोहित, सहयोगिनी सविता मेघवाल, ग्रामीण गोवर्धन सिंह सोलंकी, मालाराम चौधरी, रघुनाथ राम मेघवाल, मोटाराम चौधरी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# आना मेवाड़िया चौताला श्री श्रीयादे मंदिर सादड़ी के चुनाव संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे में आना मेवाड़िया चौताला श्री श्रीयादे मंदिर सादड़ी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी मंडल के सदस्यों का निर्विरोध चुनाव समाज के युवा बुजुर्ग कि सहमति से संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से नथाराम गुड़ा जाटान को नियुक्त किया गया। नाथाराम दूसरी बार अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए। उपाध्यक्ष पद पर पुखराज आना, केसाराम घाणेराव कालूराम चारभुजा, कांतिलाल देसूरी प्रवासी मंडल इसी के साथ में कोषाध्यक्ष मोहन कपूकरा सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मानाराम हल्कीया देसूरी, सचिव कपूर चंद जलवानिया, सहसचिव उकाराम उंदरथल, संगठन मंत्री रमेश प्रजापत पार्षद, मीडिया



प्रभारी कृष्ण कुमार कवाड़िया, महामंत्री फूलचंद कपुकरा, मार्गदर्शन के रूप में रताराम धनाराम, जीवाराम, कीकाराम, मोहन राम, अचला को नियुक्त किया गया। संपूर्ण प्रवासी मंडल के सदस्यों का समाज द्वारा स्वागत किया गया। इस समाज की जनरल मीटिंग में श्री श्री यादें माता मेला की समस्त व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। नवनिर्वाचित प्रजापति समाज कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रवासी मंडल मुंबई के अध्यक्ष ओगडराम मोरवाल घाणेराव, भंवरलाल वरदना, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल मोरवाल का श्रीश्रीयादे प्रजापति युवा संगठन के व्यवस्थापक प्रवीण कवाडिया, अध्यक्ष रमेश प्रजापत पार्षद, उपाध्यक्ष छगन लुणिया, सचिव नारायणलाल, कोषाध्यक्ष रमेश कपुकरा, संगठन के मार्ग दर्शक मांगीलाल लुणिया, जगदीश नगरीय सेवा, मांगीलाल एन.प्रमोद लुणिया, गोपाल,दिनेश,चैनाराम, मुकेश, प्रकाश, मदन कि ओर से स्वागत किया गया।

# चाइनीज मांझे से युवक का कटा गला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## बाइक सवार युवक जा रहा था काम पर

**पाली।** शहर में इन दिनों पतंगबाजी का गुमार चढ़ता ही जा रहा हे। पतंग दुकानों पर अवैध रूप से चाइनीज मांझे भी बिक रहे लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई कारवाई नहीं की गई है। जिसकी वजह से एक युवक को अपनी जान गवानी भी पड़ सकती थी। शिवाजी नगर निवासी युवक मुकेश जैन अपनी बाइक लेकर ब्रिज के निकट से जा रहा था तभी हवा में एक चाइनीज मांझा आकर उसके गले में आ लगा जिसकी वजह से उसकी गर्दन में कट लग गया। जब हाथ से हटाया तो हाथ में कट लग कर वो नीचे गिर गया। लोगों ने घायल मुकेश को बांगड़ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां युवक के गले में टाके भी लिए गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

# सर्दी में पानी को परेशान दो गांव के ग्रामीण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। पाली में दो गांवों के सैकड़ों परिवार सर्दी के इस मौसम में भी पेयजल के परेशान हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि दो साल पहले टंकी का निर्माण करवाया गया। पाइन लाइन बिछाई गई। जिला कलेक्टर को अपनी समस्या बताते हुए ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी बनवाई गई। पाइप लाइन भी बिछवाई गई। उस बात को दो साल हो गए और अब नई पाइप लाइन गांव में बिछाई गई। जिसके चलते उतवण और आकेली गांव में सड़क को खोदा गया। पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार ने सड़क को दुरुस्त नहीं किया।

ऐसे में जगह-जगह गड्डे हो रखे है। आने-जाने में भी परेशानी होती है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि पानी की सप्लाई नहीं हो रही। ऐसे में पेयजल आपूर्ति के लिए कुएं से महिलाएं पानी आती है तो कई जने रुपए खर्चकर टैंकर से पानी की सप्लाई लेने के लिए मजबूर है। पेयजल सप्लाई शुरू करवाई जाए मामले में आकेली के पूर्व सरपंच बाबूलाल बंजारा ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए परेशान जल्द से पानी की टंकी से पेयजल सप्लाई शुरू करवाएं और टूटी सड़कों की मरम्मत करवाएं ताकि ग्रामीणों को राहत मिले।

# पाली से लांबिया पहुंचा पैदल संघ

**पाली।** पाली शहर के निकट स्थित लांबिया गांव में सीरवी समाज के आराध्य संत गुलाराम महाराज का 57वां मेला और सत्संग महोत्सव आज क्षत्रिय सीरवी समाज विकास सेवा संस्था की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर पूरे गांव को सजाया गया है। सीरवी नवयुवक सेवा समिति पाली के अध्यक्ष दिनेश परिहार ने बताया कि पैदल संघ में घीसूलाल सोयल, पूनाराम राठौड़, ढलाराम सोलंकी, ओगड़राम सोलंकी, अमराराम राठौड़, खीवराज हांबर, ढलाराम परमार, मोहन भायल शामिल रहे। पाली के बांगड़ कॉलेज गेट के पास आई माता मंदिर




जनता कॉलोनी पाली के अध्यक्ष लुंबाराम गहलोत, डूंगाराम चोयल और उनकी कार्यकारिणी ने पैदल संघ का स्वागत किया। रविवार को लांबिया गांव में सुबह नौ बजे स्वागत समारोह होगा। उसके बाद आरती और महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस दौरान भक्ति संध्या का आयोजन भी होगा। जिसमें महेंद्र मोयल एंड पार्टी, संदीप सेजू दूदौड़, अनिता जांगिड़, दीपाराम सीरवी कानावास, ताराराम सीरवी गोदावास आदि भजन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### सिडनी टेस्ट का दूसरा दिन

# भारत की 145 रन की बढ़त, पंत की विस्फोटक बल्लेबाजी



**सिडनी।** सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार करते हुए आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर समेट दिया और बाद में चार रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बना लिए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हो चुकी है। दिन का खेल खत्म होने के समय रविंद्र जडेजा आठ और वशिंगटन सुंदर छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण आज विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की विस्फोटक बल्लेबाजी रही।

जसप्रीत बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट मिले। चार रन की लीड मिलने के बावजूद जसप्रीत बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। शनिवार के सत्र की शुरुआत में सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर चले गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है।

भारतीय गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज दबाव के कारण संघर्ष की स्थिति में रहे। विशेषकर लंच के बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपनी स्विंग और रफ्तार से आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सबको आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टाकर् को एक रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अछ्वुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होंने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किए। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी। सुबह जसप्रीत बुमराह ने मार्नस लाबुशेन को सिर्फ दो रन पर आउट कर पहली सफलता दिलाई थी। सिराज ने शानदार डबल स्ट्राइक के साथ सैम कोंस्टास और ट्रैविस हेड दोनों को तुरंत आउट कर दिया।

## सिराज ने तीन विकेट झटके

■ उन्होंने यह रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होंने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वह पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गए। भारत की उम्मीद विराट कोहली का बल्ला शनिवार भी नहीं चला और वह सिर्फ छह रन का योगदान दे सके। यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही आउट हो गए। चायकाल से ठीक पहले आस्ट्रेलिया की पारी समाप्त हो गई। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि मो सिराज ने 51 रन खर्च कर तीन विकेट झटके।

## ऋषभ पंत ने की रिचड्र्स की बराबरी

■ सिडनी टेस्ट क्रिकेट की दूसरी पारी में भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने तूफानी पारी खेली और इस दौरान उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 29 गेंदों पर पूरा किया। पंत ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले विदेशी खिलाड़ी बने साथ ही साथ उन्होंने ऐसा कमाल किया दो टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सिर्फ दो खिलाड़ी ही कर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने 33 गेंदों पर चार छक्के और छह चौकों की मदद से 61 रन की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 184.85 का रहा। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा दूसरी बार हुआ जब ऋषभ पंत ने 160 की ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 50 प्लस की पारी खेली हो। पंत टेस्ट क्रिकेट में अब तक दो बार 160 की ज्यादा स्ट्राइक रेट के साथ 50 प्लस की पारी खेली है और इससे पहले वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज विव रिचड्र्स ने भी दो बार ऐसा किया था। अपनी इस पारी के बाद पंत ने विव रिचड्र्स की बराबरी कर ली और टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में पंत और रिचड्र्स ही ऐसे दो खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने दो बार 160 की ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 50 प्लस की पारी खेली है। पंत और रिचड्र्स के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज ये कमाल नहीं कर पाया है और ऐसे रिकॉर्ड बार-बार नहीं बनते क्योंकि इस तरह का बेखौफ क्रिकेट टेस्ट क्रिकेट में काफी कम देखने को मिलता है। टेस्ट प्रारूप में ऋषभ पंत का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड काफी शानदार है।

## यजुवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हो रहा तलाक!




**नई दिल्ली।** एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और क्रिकेट की दुनिया से एक और तलाक की खबर सामने आ रही है। हार्दिक पांड्या और नताशा के तलाक के बाद अब डांसर धनश्री वर्मा और उनके क्रिकेटर पति युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें सामने आ रही है। इस खबर के सामने आते ही युजवेंद्र और धनश्री के फैंस को शॉक्ड हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल के एक करीबी के अनुसार, उनके अलग होने की अफवाह वास्तव में सच है, हालांकि तलाक की कार्यवाही को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया।

जोड़े के करीबी एक सूत्र ने खुलासा किया, "तलाक अपरिहार्य है, और यह ऑफिशियल होने में बस कुछ समय बाकी है।

उनके अलग होने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि कपल ने अपने जीवन को अलग-अलग आगे बढ़ाने का फैसला किया है।" बता दें कि युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के अलगाव की खबरों ने तब जोर पड़का जब दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है।

# विश्व नंबर 293 ओपेल्का से हारे नोवाक जोकोविच

### ब्रिस्बेन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-7, 3-6 से मिली पराजय



**नई दिल्ली। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 293 अमेरिका के रीली ओपेल्का के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अपनी तेज सर्विस के दम पर ओपेल्का ने जोकोविच को सीधे सेटों में 7-6 (6), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओपेल्का ने पूरे मैच में 16 एस लगाए और दोनों सेट एस लगाकर ही समाप्त किए। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। सेमीफाइनल में ओपेल्का फ्रांस के जियोवानी पेरीकार्ड से भिड़ेंगे। पेरीकार्ड ने याकूब मेंसिक को 7-5, 7-6 से हराया।**

### तीन वर्ष पूर्व विश्व नंबर 17 थे

■ फरवरी, 2022 में ओपेल्का की विश्व रैंकिंग 17 तक पहुंच गई थी, लेकिन इसी वर्ष के अंत में उनके कूल्हे की सर्जरी हुई और ट्यूमर निकाला गया। जब से उन्होंने टेनिस कोर्ट पर वापसी की है, उसके बाद से यह उनके लिए सबसे बड़ा परिणाम है। जोकोविच का साल का यह पहला टूर्नामेंट है। 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह नए कोच एंडी मरे की कोचिंग में खेलने उतरेंगे। जोकोविच 10 बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत चुके हैं। ओपेल्का ने कहा, जोकोविच के खिलाफ उनके पास खोने को कुछ नहीं था। वह इस खेल के सबसे महान खिलाड़ी हैं, जिसके चलते वह उनके खिलाफ स्वतंत्र होकर खेले और ज्यादा जोखिम भी उठाए। अगर आप उनके खिलाफ सामान्य या उससे

### सबालेंका भी सेमीफाइनल में

■ एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के जीरी लेहका ने चिली के निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, दूसरी वरीय बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थांप्सन ने 1-6, 1-2 से पिछड़ने के बाद मैच बीच में छोड़ दिया। लेहका और दिमित्रोव सेमीफाइनल में आपस में भिड़ेंगे। महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय आर्यन सबालेंका ने मेरी बुजकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मीरा एंड्रीवा ने ओंस जेब्यूर को 6-4, 7-6 से हराया। पोलिना कुदरमेत्सोवा ने एशलिन क्रूगर को 7-6, 6-3 से हराया। एनेहलिना कालिनिना ने किंबर्ली बिरेल को 4-6, 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## बुमराह का मेडिकल बुलेटिन आया बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा ने दिया अपडेट



**सिडनी।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में लक्ष्य का बचाव करते समय मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उपलब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है। बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिए है और उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है। कृष्णा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पीठ में ऐंठन थी। वह स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा। बुमराह कुल मिलाकर तीन घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे, लेकिन उनकी वापसी से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी से पहले भारतीय खेमे की चिंताएं कम हो सकती हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। बुमराह इससे पहले पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2022 और 2023 के बीच लगभग एक साल तक क्रिकेट से बाहर रहे थे। श्रृंखला में पहले ही 32 विकेट ले चुके बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था। लंच के बाद अपने स्पैल में एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह को कुछ असुविधा महसूस हुई। उन्होंने कोहली से बात की और मैदान से बाहर चले गए और फिर आधिकारिक प्रसारकों ने उन्हें टीम के सुरक्षा संपर्क अधिकारी और टीम डॉक्टर के साथ मैदान से बाहर जाते हुए दिखाया। 'फॉक्स स्पोर्ट्स' के दृश्यों में उन्हें एक एसयूवी में स्टेडियम से बाहर निकलते हुए दिखाया गया।

## खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।

यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है। पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि अपनी पूरी यात्रा में मैंने बहुत कुछ सीखा है, मैंने जीत और हार सहित कई उतार-चढ़ाव देखे हैं।

# म नो रं ज न

## रुपाली के अनुपमा शो छोड़ने की खबर का सच सामने आया



रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' कई सालों से दर्शकों का दिल जीत रहा है। यह शो टीवी के टॉप शोज में से एक है, लेकिन पिछले कुछ समय से टीआरपी की लिस्ट में सबसे नंबर 1 पर रहने वाला शो अब नीचे गिर रहा है। वहीं इस बीच हाल ही में खबर आई कि रुपाली गांगुली शो को छोड़ रही हैं। इस खबर को सुनकर सब हैरान हो गए थे और अब एक नया अपडेट आया है जो फैंस के लिए काफी जरूरी है जानना। रिपोर्ट के मुताबिक रुपाली गांगुली के शो छोड़ने की खबर सच नहीं है। वेबसाइट ने राजन शाही के प्रोडक्शन हाउस से बात ककी और उन्होंने रुपाली के शो छोड़ने की खबर को गलत बताया है। बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि साल 2020 से शुरू हुए इस शो की लीड एक्ट्रेस हैं रुपाली। हाल ही में शो में 15 साल की लीप आया है और अब शो की कहानी अनुपमा की बेटी राही और उसके पोता-पोती के इर्द-गिर्द घूमती है। रुपाली कुछ दिनों से काफी विवादों में भी रह रही हैं। कई एक्टर्स जो शो का अब हिस्सा नहीं हैं, उन्होंने रुपाली के साथ अनबन की बात कही है। कई का दावा है कि रुपाली को लेकर मेकर्स बहुत भेद-भाव करते हैं। हालांकि रुपाली ने इन सभी दावों को गलत बताया है। उनका कहना है कि राजन कुछ भी उनके कहने पर नहीं करते हैं। उनके फैसले उनके ही होते हैं। वहीं 'अनुपमा' जो टीआरपी में नंबर 1 में रहता था वो हाल की टीआरपी रिपोर्ट में चौथे नंबर पर आया है। वहीं पर्सनल लाइफ को लेकर भी रुपाली काफी विवाद में रही हैं। उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने उन पर आरोप लगाया कि एक्ट्रेस उनके पति के साथ तब रिलेशन में थीं जब उनके पिता पहले से शादीशुदा थे। इसके अलावा उन्होंने यह भी दावा किया था कि रुपाली उन्हें अपने पिता से मिलने नहीं देती हैं।

## आमिर खान के बेटे जुनैद को मिला शाहरुख-सलमान का आशीर्वाद



आमिर खान के बेटे जुनैद खान बड़े पर्दे पर डेब्यू के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म 'लवयापा' बहुत जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में वे खुशी कपूर के साथ इश्क फरमाते दिखाई देंगे। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है जिसे फैंस के साथ-साथ सेलेब्स का भी भरपूर प्यार मिल रहा है। यहां तक की शाहरुख खान और सलमान खान ने भी एक्टर्स को उनकी अपकमिंग फिल्म के लिए बधाई दी है। शाहरुख खान और सलमान खान ने अपने दोस्त आमिर खान के बेटे जुनैद खान को उनकी फिल्म के लिए आशीर्वाद दिया है। शाहरुख खान ने एक्स पर पोस्ट करते हुए फिल्म की टीम को बधाई दी हैं। 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक एक्स पर शेयर करते हुए किंग खान ने लिखा- 'ये गाना कितना प्यारा है। जुनैद की तरह जेंटल। बधाई हो खुशी। 'लवयापा' जोड़ी और टीम को मेरा बड़ा प्यार।' सलमान खान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है- 'लवयापा हो गया। बेस्ट ऑफ लक जुनैद खान और खुशी कपूर।' 'लवयापा' एक रोमांटिक फिल्म है जिसके जरिए जुनैद खान और खुशी कपूर बड़े पर्दे पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। इससे पहले जुनैद नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म महाराज में दिखे थे। वहीं खुशी को नेटफ्लिक्स की द आर्चीज में देखा गया था।

## 'पार्टनर 2' कर रहे गोविंदा?



सलमान खान और गोविंदा अच्छे दोस्त रहे हैं। इस जोड़ी ने साल 2007 की फिल्म पार्टनर में एक साथ काम किया था। डेविड धवन निर्देशित ये फिल्म सुपर डुपर हिट रही थी। तब से यह एक क्लट लेवल पर पहुंच गई है। वहीं फैंस पार्टनर के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। क्या सलमान और गोविंदा 'पार्टनर 2' में एक साथ फिर से स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे? इस सवाल का जवाब गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने दिया है। इंटरव्यू के दौरान गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने सलमान और गोविंदा की फिल्म पार्टनर के सीक्वल पर बात की। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने कहा, 'पार्टनर 2 का बहुत कुछ मैंने भी सुना था, पर मुझे भी नहीं पता क्या हुआ। करेंगे तो अच्छा ही है, पब्लिक ने पसंद तो किया ही था दोनों को।

## रिलीज 'गेम चेंजर' का ट्रेलर, राम का एक्शन अवतार






राम चरण के चाहने वालों को जिस पल का इंतजार था वो पल आ गया। उनकी मच अवेटेड फिल्म 'गेम चेंजर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने गुरुवार को ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें राम चरण एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। इससे पहले इस फिल्म का टीजर सामने आया था, उसमें भी राम चरण का कुछ ऐसा ही अवतार दिखा था। शंकर ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है और दिल राजू इसके प्रोड्यूसर हैं। पहले मेकर्स इस फिल्म को दिसंबर 2024 में ही रिलीज करने वाले थे। हालांकि, फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को थिएटर्स में दस्तक देने वाली है। उससे पहले मेकर्स ने फैंस को ट्रेलर की सौगात दे दी है। सामने आए इस ट्रेलर में राम चरण डबल रोल में नजर आ रहे हैं। उनका एक किरदार नेता का है और दूसरा आईएएस ऑफिसर का। राम चरण ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। कियारा आडवाणी भी इस ट्रेलर में दिखीं हैं। हालांकि, उनका रोल किस तरह का होगा वो ट्रेलर से जाहिर नहीं हो रहा है। राम चरण तीन साल के बाद अपनी कोई फिल्म लेकर आ रहे हैं। उनकी आखिरी फिल्म साल 2022 में आई 'आरआरआर' है। उसके बाद वो उसी साल 'अचार्य' नाम की फिल्म में दिखे थे। हालांकि, इस फिल्म में उनके पिता चिरंजीवी लीड रोल में थे। अब देखना होगा कि तीन साल के बाद पर्दे पर लौट रहे राम चरण 'गेम चेंजर' के जरिए लोगों के ऊपर कैसा जादू चलाते हैं। कियारा आडवाणी की बात करें तो वो आखिरी बार 'सत्यप्रेम की कथा' में नजर आई थीं। ये फिल्म साल 2023 रिलीज हुई थी।

## संजय दत्त के घर पहुंचे 'बाबा बागेश्वर'



### गुरू को देख गदगद हो गए स्टार

बॉलीवुड स्टार संजय दत्त बागेश्वर धाम के पुजारी धीरेंद्र शास्त्री के शिष्य हैं। बाबा बागेश्वर के नाम से पहचाने जाने वाले धीरेंद्र शास्त्री ने हाल ही में संजय दत्त के घर की विजिट की है। यहां पहुंचकर धीरेंद्र शास्त्री ने बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त से मुलाकात की। संजय दत्त ने खुद इसकी फोटो शेयर कर जानकारी दी है। संजय दत्त ने धीरेंद्र शास्त्री के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'ये मेरे लिए एक सौभाग्य की बात रही कि बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का मेरे घर आगमन हुआ। गुरुजी के दर्शन कर मन प्रसन्न हो गया। मेरे और मेरे परिवार को आर्शीवाद देने वाले धीरेंद्र शास्त्री मेरे परिवार के सदस्य और भाई जैसे हैं।'

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त भगवान में काफी आस्था रखते हैं। संजय दत्त का बागेश्वर धाम से भी गहरा नाता है। बागेश्वर धाम के पुजारी धीरेंद्र शास्त्री के साथ संजय दत्त की अच्छी दोस्ती भी है। बीते साल 25 नवंबर को धीरेंद्र शास्त्री ने सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली थी। इस पदयात्रा में भी संजय दत्त हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस पदयात्रा में संजय दत्त ने साधारण श्रद्धालुओं के साथ सड़क पर चाय की चुस्की भी ली थी। साथ ही बागेश्वर बाबा के साथ इस यात्रा में शामिल होकर गौरव बढ़ाया था। संजय दत्त ने सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में हिस्सा लेने के बाद मिडीया बातचीत की थी। जिसमें संजय दत्त ने कहा था कि 'बाबा बहुत बड़े सुपरस्टार हैं। मैं इन्हें अपने परिवार के सदस्य और भाई की तरह मानता हूं।

## अस्पताल में भर्ती कियारा!



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'गेम चेंजर' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म में वे पैन इंडिया स्टार राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगीं। इन सबके बीच शनिवार को कियारा आडवाणी के अस्पताल में एडमिट होने की खबरें फैल गईं। वहीं अब एक्ट्रेस की टीम ने सारी सच्चाई बताई है। शनिवार को खबरें फैल गईं कि कियारा आडवाणी को शनिवार सुबह मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल एक्ट्रेस को मुंबई में शनिवार को अपनी अपकमिंग फिल्म 'गेम चेंजर' के ट्रेलर लॉन्च और प्रेस मीट में शामिल होना था। हालांकि, वह इवेंट में शिरकत नहीं कर पाईं। जिसके बाद खबरें आने लगीं कि कियारा को सुबह ही अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। हालांकि उनके अस्पताल में भर्ती होने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं फैंस एक्टर के हॉस्पिटलाइज होने की खबर से टेंशन में आ गए। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक एक्ट्रेस की टीम ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक एक्ट्रेस की टीम ने बताया है कि कियारा को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। उनकी टीम ने बताया कि अभिनेत्री को थकान के कारण आराम करने की सलाह दी गई है, क्योंकि वह लगातार काम कर रही हैं। 'गेम चेंजर' में कियारा आडवाणी और राम चरण की रोमांटिक जोडी नजर आएगी। हाल ही में फिल्म की टीम ने लखनऊ में फिल्म का टीजर लॉन्च किया था। एक मिनट से ज्यादा लंबे टीज़र में राम खूब एक्शन सीन करने के साथ ही कियारा संग रोमांस करते नजर आए।




# 'नजीर' बने मोरन नदी का कार्य : मुख्यमंत्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंगरपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शनिवार को डूंगरपुर में सागवाड़ा के खडग़दा कस्बे में चल रही श्रीराम कथा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मोरन नदी के पुनरुद्धार और जल संरक्षण के प्रयासों को पूरे राज्य के लिए प्रेरणा बताया। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण और विकास की योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि जनसहयोग और परंपरागत जल स्रोतों का संरक्षण राजस्थान के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मोरन नदी इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। ग्रामीणों ने जनसहयोग से इसका पुनरुद्धार कर एक मिसाल पेश की है। यह उदाहरण पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है, जिसे अन्य जिलों में भी अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने पारंपरिक जलस्रोतों जैसे कुएं, तालाब, और बावड़ियों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा।

## डूंगरपुर को मिलीं विकास की सौगातें

■ सीएम भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर जिले के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। जिले में 44 करोड़ की लागत से शिल्पग्राम का निर्माण होगा, जिससे वागड़ क्षेत्र में छोटे कारीगरों और शिल्पकारों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए हैं। डूंगरपुर के लिए 1500 करोड़ के एमओयू हुए हैं, जिनसे रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।



## केन्द्रीय मंत्री ने की मुख्यमंत्री की तारीफ

इस दौरान केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में जल संरक्षण के बड़े काम हो रहे हैं। खडग़दा के ग्रामीणों ने जल संरक्षण में जन भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्र सरकार राजस्थान की 11 नदियों को जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए 70 हजार करोड़ रुपए की सहायता दी जाएगी। वहीं, मंत्री सीआर पाटिल ने मुख्यमंत्री भजनलाल की तारीफ करते हुए कहा कि, भजनलाल जी कह रहे थे कि वो 2 बजे सोते हैं और 6 बजे उठ जाते हैं, लेकिन मैंने उनको कई बार देखा है कि उनका दिमाग प्रदेश की जनता के लिए नींद में भी चलता रहता होगा। मोदी साहब ने अगर उनका चयन किया है तो परख के ही किया है, जरूर उनमें कुछ बात है।

## अटल बिहारी वाजपेयी का सपना हो रहा साकार

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदियों को जोड़ने के सपने को साकार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान की 11 नदियों को जोड़ने की योजना पर काम हो रहा है। इससे प्रदेश के सूखे क्षेत्रों में हरियाली आएगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मोरन नदी प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर तैयार करने की सलाह देते हुए पाटिल ने केंद्र से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

गृहमंत्री का केजरीवाल पर पलटवार

# गिनवाए केंद्र सरकार के कार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। कुछ ही दिनों में चुनाव आयोग तारीखों का ऐलान भी कर देगा। हर गुजरते दिन के साथ दिल्ली में राजनीतिक पार्टियों के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है। कल प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के बाद अरविंद केजरीवाल ने उन पर पलटवार किया था और 10 सालों में उनके द्वारा किए गए कामों का हिसाब मांगा था। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सारे हिसाब गिनाए हैं। अमित शाह ने कहा है कि आनन फानन में बनाया गया अधूरा हिसाब है। जब दिल्ली के चुनावी मैदान में उतरूंगा तो पूरा हिसाब दूंगा।

▶▶ अरविंद ने पीएम से पूछा था- 'क्या काम किया'



## 68 हजार करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर, 41 हजार करोड़ की सड़कें

अमित शाह ने कहा, हमने 68 हजार करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर, 41 हजार करोड़ की सड़क, 15 हजार करोड़ के रेलवे के काम और 12 हजार करोड़ में एयरपोर्ट के काम किए। इसके अलावा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे, द्वारका एक्सप्रेस वे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे, प्रगति मैदान इंटिग्रेटेड कॉरिडोर, रेल गलियारा, द्वारका गोल्फ कोर्स, द्वारका स्पोर्ट्स कॉम्पेलक्स जैसे कई इंफ्रास्टक्चर व अन्य कामों को गिनाते हुए अमित शाह ने कहा कि यह आनन फानन में बनाया हुआ हिसाब है।

## केजरीवाल के 45 करोड़ के शीशमहल का भी किया जिक्र

अमित शाह ने कहा, मेरे घर पर कुछ बच्चे मिलने आए थे। तो मैंने उनसे पूछा कि केजरीवाल जी ने क्या किया? तो एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने एक बड़ा 45 करोड़ रुपये का शीशमहल खुद के लिए बनाया। यह जब राजनीति में आए तब कहते थे कि हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये का अपने लिए शीश महल बनाया। केजरीवाल जी आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना पड़ेगा।

## केजरीवाल ने नहीं दिया दिल्ली पर ध्यान

उन्होंने कहा, केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर की चिंता नहीं की। शराब घोटाला किया, मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर भ्रष्टाचार किया, दवाओं के नाम पर घोटाला किया, सीसीटीवी के नाम पर घोटाला किया, बस खरीद में घोटाला किया और सबसे बड़ी घोटाला निजी सुविधाओं के लिए, अपना शीशमहल बनाने के लिए किया। दिल्ली की जनता को आपको (केजरीवाल) जवाब देना पड़ेगा।

## सागर परिक्रमा पर तारिणी रवाना

**नई दिल्ली।** समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान, नाविका सागर परिक्रमा- दो पर निकली नौसेना की दो अधिकारियों की तारिणी नौका शनिवार को लिटलटन से पोर्ट स्टेनली के लिए तीसरे चरण पर रवाना हुई। इस चरण में तारिणी 5600 समुद्री मील लगभग 10,400 किमी की दूरी तय करेगी। यह इस अभियान का सबसे लंबा चरण है। यह लगभग 56 डिग्री दक्षिण में तारिणी का सबसे दक्षिणी पारगमन भी होगा। तारिणी गत 22 दिसंबर को ऐतिहासिक समुद्री यात्रा के दूसरे चरण को पूरा करके लिटलटन पहुंची थी। इस अभियान पर निकली लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए - समुद्री अन्वेषण में भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक हैं।



■ **मुंबई।** मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक मंगलप्रभात लोढ़ा को मंत्री बनने के बाद प्रवासियों की ओर से बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। बधाई देने वालों में दक्षिण मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष पवनराज संघवी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत डी। पुरोहित, नारायणसिंह बावरला, बाबूलाल संघवी, पंचायत समिति सदस्य माधव देसाई, प्रवीण अंगारा समेत अन्य।
फोटो-सुरेश पाडीव

# जागरूक टाइम्स समूह संपादक पुरोहित ने व्यक्त की संवेदना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के भंवर प्रजापति की माता दारमीदेवी के निधन पर शनिवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविन्द पुरोहित, जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली प्रजापति के घर पहुंचे। दिवंगत दारमीदेवी की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व परिवारजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। परिवारजनों को सांत्वना के साथ संवेदना प्रकट की। इस दौरान जालोर भाजपा पूर्व महामंत्री भारताराम देवासी भीनमाल, मुकेश पुरोहित जीरावल, पूर्व भाजपा महामंत्री दुर्गाराम गरासिया, नरेन्द्रसिंह राव बसंतगढ़, लक्ष्मणसिंह देवड़ा विरोली, डॉ. दिनेश पुरोहित आदि उपस्थित थे।

# मोहनखेड़ा तीर्थ के समीप रेलवे स्टेशन की मांग

■ जैन मुनि पीयूषचन्द्र विजय महाराज ने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री को लिखा पत्र

**धार।** श्री मोहनखेड़ा जैन तीर्थ के जैन मुनि पीयूषचन्द्र विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री को पत्र लिखकर इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के रूट में संशोधन की मांग की है। उन्होंने पत्र में परम पूज्य गच्छाधिपति मोहनखेड़ा महातीर्थ विकास प्रेरक गुरुदेव आचार्य प्रवर श्रीमद्विजय ऋषभचंद्र सुरीश्वरजी महाराज साहब के उस स्वप्न का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने मोहनखेड़ा तीर्थ के समीप रेलवे स्टेशन की कल्पना की थी। मुनि श्री ने कहा कि इससे गुरुभक्तों (श्रावक-श्राविकाओं) और तीर्थ यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने रेल लाइन को सरदारपुर होते हुए मोहनखेड़ा तीर्थ के समीप से निकालने की अपील की। मुनि श्री ने बताया कि आस्था का केंद्र मोहनखेड़ा तीर्थ है,वही दादा गुरुदेव राजेंद्रसूरीश्वरजी महाराज साहेब अभिधान राजेद्र कोष के रचयिता थे, जैन नहीं अपितु हर वर्ग के गुरुभक्त देश-विदेश से दर्शनार्थ हेतु आते है,साथ इस तीर्थ पर अनेक हस्तियां आती रहती है।

# जनपरिवेदनाओं का हो प्राथमिकता से निस्तारण : पंत

**जैसलमेर।** राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाड़मेर तथा जैसलमेर जिलो में प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन और पब्लिक सर्विस डिलीवरी की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान श्री पंत ने धरातल पर कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी सेवा में कार्य करते हुए सभी कार्मिकों में गौरवपूर्ण भाव होने चाहिए तथा काम के उपरांत संतोष का अनुभव होना चाहिए।



## संवेदनशीलता जरूरी

■ उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक भाग्यशाली है कि उनका चयन विशेष प्रयोजन के लिए आमजन की सेवा हेतु परमात्मा ने किया है। इसलिए सरकारी तंत्र से जुड़े प्रत्येक कार्मिक को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन के कामकाज करने चाहिए। श्री पंत ने जैसलमेर में गत दिनों जीएसटी काउंसिल की बैठक के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि रिसरजेंट राजस्थान के दौरान हुए सभी एमओयू को भी धरातल पर उतारने के लिए दोनों जिलों के जिला प्रशासन को तत्परता से कार्य करना होगा।

## ई फाइल क्रांतिकारी कदम

इस मौके पर पंत ने कहा कि ई फाइल सरकारी सिस्टम में क्रांतिकारी कदम है और इसका शत प्रतिशत उपयोग कर गुड गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सम्पर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण कर परिवादियों को राहत दें। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निस्तारण में तत्परता के साथ ही संतुष्टि का प्रतिशत भी बढ़ाए। उन्होंने पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की दोनों जिलों की विस्तार से समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि 61 दिवस से 180 दिवस तक के प्रकरण बकाया है उनको निस्तारण कर शून्य की स्थिति में लावें। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल जनपरिवेदनाओ को परिलक्षित करता है इसलिए इस पर आने वाले शिकायतों का तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारण करवाए ताकि आमजन को समस्या का समाधान कर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि परिवेदना निस्तारण में यथासंभव परिवादी को संतुष्ट करने का प्रयास करें।

## बजट में की गईं घोषणाओं का हो क्रियान्वयन

■ इस मौके पर पंत ने निर्देश दिये कि दोनों जिलों की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति जिला कलेक्टर समय सीमा में करवाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य को सर्वापरी प्राथमिकता से लें। उन्होंने भूमि आवंटन, प्रशासनिक स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति, निविदा आमंत्रण, कार्यादेश जारी करने आदि सभी की नियत टाइमलाइन के अनुसार मॉनिटरिंग करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि हर हाल में अगले बजट से पूर्व इस बजट के कार्य पूर्ण कर लिए जाने चाहिए। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के सीमावर्ती जिलों में क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

## इनकी रही उपस्थिति

■ बैठक में जिला कलेक्टर बाड़मेर श्रीमती टीना डाबी, जिला कलेक्टर जैसलमेर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक बाड़मेर नरेंद्र सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी, उपवन संरक्षक बाड़मेर श्रीमती सवीता दहिया, उपवन संरक्षक जैसलमेर आशुतोष ओझा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बाड़मेर सिद्धार्थ पलानीचामी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैसलमेर सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाड़मेर राजेंद्र सिंह चंद्रावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जैसलमेर पवन कुमार समेत सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र की इकोनॉमी को रफ्तार देंगे नोएल टाटा

## मुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत की इकोनॉमी सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले महाराष्ट्र की इकोनॉमी को बूस्ट करने के लिए टाटा ग्रुप एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। इसके लिए टाटा ट्रस्ट के प्रमुख नोएल टाटा और राज्य के सीएम देवेंद्र फडणवीस शनिवार को मीटिंग हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच राज्य की इकोनॉमी को बूस्ट करने के मास्टर प्लान पर चर्चा हुई है। मुलाकात के बारे में सीएम फडणवीस ने एक्स हैंडल पर पोस्ट तक किया है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर इस मुलाकात को लेकर किस तरह की जानकारी सामने आई है।



## कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और राज्य की आर्थिक वृद्धि में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की। फडणवीस ने दक्षिण मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, जहां टाटा ट्रस्ट और मंत्री समूह हमारे राज्य की वृद्धि में तेजी लाने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

# ईपीएफओ ने शुरू की केंद्रीकृत पेंशन प्रणाली

68 लाख सदस्यों को मिलेगा फायदा




**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफओ ने देशभर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम (सीपीपीएस) का रोलआउट पूरा कर लिया है, जिससे 68 लाख से अधिक पेंशन पाने वालों को लाभ मिलेगा। मंत्रालय द्वारा हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार, सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम पुराने पेंशन वितरण सिस्टम से अलग एक विकेंद्रीकृत सिस्टम है। इस नए सिस्टम के तहत ईपीएफओ का प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यलय केवल 3 से 4 बैंक के साथ अलग-अलग समझौतों को बनाए रखेगा।

## पेंशनभोगियों के लिए राहत

मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 से सीपीपीएस पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगा और पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार द्वारा उठाया जा रहा यह कदम उन पेंशनभोगियों के लिए राहत भरा होगा, जो रिटायरमेंट के बाद अपने होमटाउन चले जाते हैं और वहीं, आगे का जीवन गुजर-बसर करते हैं।

## किसी भी बैंक से निकाल सकेंगे पेंशन

इस नए सिस्टम के साथ लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी कि वे किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे। साथ ही पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए लाभार्थी को बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी और राशि जारी होने के तुरंत बाद जमा कर दिया जाएगा।

# साइंटिस्ट डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन

■ पोखरण परमाणु परीक्षण में किया नेतृत्व
■ पद्म श्री, पद्म विभूषण सम्मान से विभूषित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का शनिवार तड़के निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधिकारी ने बताया कि तड़के 3 बजकर 20 मिनट पर मुंबई जसलोक अस्पताल में राजगोपाला ने अंतिम सांस ली। देश में न्यूक्लियर वेपंस डेवलपमेंट में डॉ. राजगोपाला की सक्रिय भूमिका रही। 1974 के पोखरण टेस्ट में भी उनका अहम योगदान रहा। 1998 के पोखरण टेस्ट में उन्होंने साइंटिस्ट की टीम को लीड किया था। डॉ. राजगोपाला को 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. राजगोपाला के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "भारत की वैज्ञानिक और कूटनीतिक ताकत को मजबूत करने में डॉ. राजगोपाला की अहम भूमिका रही। वे भारत के परमाणु प्रोग्राम के निर्माताओं में से एक थे। आने वाली पीढ़ियां उनके किए कामों से प्रेरणा लेगी।"

सुप्रिया सुले का अजित पवार पर तंज

# 'सिर्फ सीएम फडणवीस सक्रिय'

**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने तंज कसते हुए कहा है कि महाराष्ट्र में सिर्फ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही सक्रिय हैं। सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्होंने पिछले 15 दिनों से अजित पवार को नहीं देखा है। साथ ही कहा कि राज्य सरकार में कोई स्पष्टता नहीं है कि कौन क्या कर रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में शिवसेना यूबीटी और एनसीपी (एसपी) के नेताओं ने सीएम फडणवीस के गढ़चिरौली जाने की भी तारीफ की थी। शिवसेना यूबीटी ने तो अपने मुखपत्र सामना में एक लेख लिखकर मुख्यमंत्री को सराहा। सुप्रिया सुले ने कहा कि 'मैंने पिछले 15 दिनों से उनका (अजित पवार) कोई बयान नहीं देखा है। मुझे कोई जानकारी नहीं है कि उनके विभाग में क्या चल रहा है। मुझे टीवी पर मुख्यमंत्री हर दिन दिखते हैं और कल कुछ योजनाओं का एलान करते हुए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी दिखे थे। सरकार में कौन क्या कर रहा है कुछ स्पष्टता नहीं है। कौन काम कर रहा है और कौन नहीं। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सांसदों को बुलाया और इस बात पर चर्चा की कि हमें राज्य के फायदे के लिए बजट में किन मुद्दों को उठाना चाहिए।'



कहा- 15 दिन से नहीं सुना कोई बयान

## विपक्षी भी कर रहे फडणवीस की तारीफ

■ दरअसल हाल ही में सीएम फडणवीस ने नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली का दौरा किया था। इस दौरान गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में 11 नक्सलियों ने सीएम के सामने आत्मसमर्पण किया था। इनमें प्रमुख नक्सली नेता तारक्का सिदाम भी शामिल था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य जल्द ही नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। साथ ही सीएम ने गढ़चिरौली को स्टील सिटी के रूप में विकसित करने की बात भी कही। इसके लिए विपक्षी पार्टियां भी मुख्यमंत्री की तारीफ कर रही हैं।

## शिवसेना भी मुख्यमंत्री की मुरीद

■ शिवसेना यूबीटी ने सामना में लिखे संपादकीय कहा कि 'राज्य सरकार गढ़चिरौली में नक्सलियों का सरेंडर कराकर अच्छा काम कर रही है। पहले के संरक्षक मंत्रियों ने सिर्फ अपने एजेंट बिठाए और पैसा वसूला। हमने फडणवीस के साथ काम किया है और ये रिश्ता चलता रहेगा।' विपक्ष द्वारा सीएम फडणवीस की तारीफ के कई राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।

# तीन महीने में 60 अरब डालर घटा विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार यानी फॉरेक्स रिजर्व में फिर गिरावट आई है। सितंबर अंत में यह 704.88 अरब डॉलर के ऑल-टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था लेकिन उसके बाद से इसमें करीब 60 अरब डॉलर की गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.11 अरब डॉलर घटकर 640।28 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर पर आ गया था। यह इसका 8 महीने का निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.77 के ऑल टाइम लो पर पहुंच गया। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.64 अरब डॉलर घटकर 551.92 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने वालों को रीको में प्रत्यक्ष भूमि आवंटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा। उद्योग स्थापित करने के लिये भूमि आवंटन हेतु रीको प्रबंधन ने प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना लागू की है। जिन उद्यमियों ने राइजिंग राजस्थान के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं उनकी पात्रता को देखते हुये इस योजना में औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे। रीको द्वारा भूखण्ड आवंटित करने के लिए ऑनलाइन पॉर्टल विकसित किया गया है जिस पर उद्यमी एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## निवेशकों में बढ़ेगा विश्वास

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हुए एमओयू को निवेश में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके अन्तर्गत रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना तैयार स्वीकृत की गई है। एमओयू निष्पादित कर चुके उद्यमी रीको के चिह्नित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड की निर्धारित आरक्षित दर पर विभिन्न क्षेत्रफल के अधिकतम तीन भूखण्डों के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं ईएमडी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटन

प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रीको के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय से उद्यमियों की मांग थी कि रीको ई-नीलामी के साथ ही प्रत्यक्ष आवंटन भी करे ताकि उचित कीमत पर भूमि उपलब्ध हो सके। राजस्थान सरकार ने भी इस पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। जिससे न सिर्फ किफायती कीमत पर अपितु वास्तविक उद्यमियों को औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटित हो सकेंगें।